डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

श्रवण कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 27 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-279, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



बराक और मिशेल ओबामा ने कमला...

संसेक्स
81,332.72 ▲ +1,292.92

डॉलर
83.726 ▲ -0.031

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 68,190
01 किलो 81,320

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## पर्यावरण संतुलन के लिए हम सभी कदम से कदम मिलाकर चलें : सीएम

- वन महोत्सव सिर्फ कार्यक्रम नहीं, पर्यावरण सुरक्षित करने का अभियान
- जहां कभी जंगल हुआ करते थे, वहां आज कंक्रीट के जंगल बन गए हैं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में झारखंड विधानसभा परिसर में शुक्रवार को आयोजित 75वें राज्यव्यापी वन महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बतौर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरूआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे। वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है। ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें, ताकि पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है उसे नियंत्रित कर सकें।




### एक वक्त था जब झारखंड में पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है। एक ऐसा भी वक्त था, जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे। हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी। उसे दौरान यहां पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी लेकिन जैसे-जैसे विकास की ओर बढ़ते गए, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया। उद्योग-धंधे का विस्तार, बड़े पैमाने पर खनन कार्य होने और पुल-पुलिया सड़कों का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के नये डीजीपी बने अनुराग गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड को नया डीजीपी मिल गया है। 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता अब झारखंड के नए डीजीपी होंगे। शुक्रवार को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अनुराग गुप्ता अभी सीआईडी डीजी हैं और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के डीजी भी रह चुके हैं। साल 2022 में अनुराग गुप्ता को डीजी रैंक मिला था। डीजी रैंक मिलने के बाद सबसे पहले उन्हें डीजी ट्रेनिंग बनाया गया था।

**अजय कुमार सिंह पुलिस हाउसिंग भेजे गए :** इससे पहले डीजीपी पद पर तैनात अजय कुमार सिंह को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं एक अन्य सीनियर आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक संचार और तकनीकी सेवाएं रांची के पद पर पुलिस महानिदेशक के कोटि में उत्क्रमित करते हुए पुलिस महानिदेशक संचार



और तकनीकी सेवाएं रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। अजय कुमार सिंह 1989 बैच के अधिकारी हैं, पिछले साल फरवरी में उन्हें झारखंड का डीजीपी बनाया गया था। उससे पहले वो एसीबी में डीजी के पद पर पोस्टेड थे। डीजीपी झारखंड बनने से पहले वो पुलिस हाउसिंग में एमडी थे। अजय कुमार सिंह ने राज्य के अलग-अलग विभागों में एडीजीपी रैंक पर सेवा दी है। वो सीआईडी, स्पेशल ब्रांच और रेल में भी सेवा दे चुके हैं। अजय कुमार सिंह हजारीबाग और धनबाद के एसपी भी रह चुके हैं।

**लॉ एंड ऑर्डर बेहतर करने के साथ चार तरह के क्राइम रोकना हमारी प्राथमिकता :** झारखंड के नए प्रभारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एक नजर

#### विधानसभा की कार्यवाही 29 जुलाई पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित किया। शोक प्रकाश शुरू हुआ, जिसमें राज्य समेत देश में बीते सत्र से अब तक दिवंगत हुए राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, खिलाड़ीयों और कलाकारों समेत अन्य गणमान्यों के प्रति सदन में शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा स्पीकर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई विधायकों ने शोक प्रकाश पेश किया। इसके बाद सदन को सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। यह सत्र आठ दिनों का है। इसमें छह कार्यदिवस होंगे। हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल यह अंतिम सत्र होगा। इसके बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस छह दिवसीय सत्र में सरकार सदन में अनुपूरक बजट पेश करेगी। दो अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में 27 और 28 जुलाई को शनिवार और रविवार होने की वजह से कार्यवाही नहीं चलेगी।

#### राजद के बिहार विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह की सदस्यता रद्द

**पटना।** बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह को भारी पड़ गया। इसके चलते एमएलसी सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद से सदस्यता रद्द कर दी गई है। इससे पहले गुरुवार को विधान परिषद की आचार समिति ने उनके खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर दी थी और अब आज इसकी घोषणा कर दी गई।

## ईडी ने जमीन कारोबारी कमलेश सिंह को किया गिरफ्तार

**रांची।** ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने जमीन कारोबारी कमलेश सिंह को लंबी पूछताछ के बाद शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे शनिवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी की ओर से उसे रिमांड पर लेने के लिए आवेदन देने की संभावना है। ईडी ने समन भेज कर उसे 26 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया था। जमीन कारोबारी कमलेश सिंह शुक्रवार को छठे समन पर ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर हुआ। इससे पहले वह ईडी के पांच समन को नजरअंदाज कर चुका था। वह शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे ईडी कार्यालय पहुंचा। लंबी पूछताछ के बाद देर शाम ईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रांची के कांके थाने में दर्ज दो प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने इसीआइआर दर्ज की है।



### ईडी रेड में फ्लैट से 1 करोड़ कैश, 100 गोलियां बरामद

ईडी की टीम ने 21 जून को उसके किराए के फ्लैट में छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी की टीम को एक करोड़ रुपए कैश और राइफल की 100 गोलियां मिली थीं। इस मामले में रांची के कांके थाना में ईडी के अधिकारियों द्वारा कमलेश सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

## पूरी ताकत से कुचलेंगे आतंकवाद, दुश्मन को देंगे मुंहतोड़ जवाब : मोदी

- प्रधानमंत्री ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की
- अग्निपथ योजना सेना में किए गए जरूरी सुधारों का एक उदाहरण

**करगिल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि उसकी नापाक साजिशें सफल नहीं होंगी, क्योंकि हमारे सैनिक पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचलने का ऑपरेशन चला रहे हैं और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देंगे। कहा, कारगिल विजय दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे देश के लिए किए गए बलिदान शाश्वत हैं और हमेशा याद किए जाते हैं। आज जब मैं एक बार फिर कारगिल की पवित्र धरती पर खड़ा हूं तो उन यादों का फिर से ताजा होना स्वाभाविक है। मुझे याद है कि कैसे हमारे बलों ने चरम और चुनौतीपूर्ण युद्ध स्थितियों के बावजूद सफलतापूर्वक ऑपरेशन को अंजाम दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है और छद्म युद्ध कर रहा है। पाकिस्तान अतीत में अपने सभी नापाक प्रयासों में विफल रहा है लेकिन वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं। मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी कामयाब नहीं होंगे। हमारे सैनिक पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कारगिल में हमने न केवल युद्ध जीता, बल्कि सत्य, संयम और शक्ति का अद्भुत उदाहरण भी दिया। आप जानते हैं कि भारत उस समय शांति के लिए प्रयास कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### चुनाव आयोग के नियम की वजह से 61 बीडीओ का तबादला एक दिन बाद रद्द

**रांची।** चुनाव आयोग के नियम की वजह से झारखंड के 61 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) के तबादले का ऑर्डर एक दिन बाद ही स्थगित कर दिया गया है। राज्य में आगामी महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची के रिवीजन की प्रक्रिया चल रही है। इसके बावजूद 24 जुलाई को बीडीओ के स्थानांतरण का आदेश जारी किया गया था। अब ग्रामीण विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि द्वितीय विशेष मतदाता पुनरीक्षण से संबद्ध पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन की तारीख 25 जुलाई 2024 से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख 20 अगस्त 2024 तक पाबंदी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**नीट यूजी रिवाइज्ड रिजल्ट जारी**

## पहले टॉपर्स लिस्ट में 61 छात्र थे, अब रैंक 1 हासिल करने वाले केवल 17 छात्र

- पहले वेद सुनील का था टॉपर्स लिस्ट में पहला नाम, अब रैंक 1 की लिस्ट से हुए बाहर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार 26 जुलाई को एनईईटी यूजी रिवाइज्ड फाइनल स्कोरकार्ड जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे, वे एनटीए एनईईटी की आधिकारिक वेबसाइट ािें२.ल्लर३ृ.ल्ल पर अपने परिणाम और स्कोरकार्ड देख सकते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने मंगलवार, 23 जुलाई को बताया था कि नीट यूजी रिवाइज्ड रिजल्ट अगले दो दिनों के भीतर घोषित किए जाएंगे। रिवाइज्ड रिजल्ट में टॉपर्स की लिस्ट में भी बदलाव हुआ है। जहां पहले टॉपर्स की लिस्ट में 61 छात्रों के नाम थे, अब रैंक 1 हासिल करने वाले केवल 17 छात्रों का नाम लिस्ट में है। नीट यूजी 2024 का रिजल्ट जब 4 जून को जारी हुआ था, उस समय रैंक 1 हासिल करने वाले छात्रों की संख्या 67 थी। बाद में टॉपर्स की संख्या घटाकर 61 कर दी गई, क्योंकि 6 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स वापस ले लिए गए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**टॉप-5 छात्र**
- मृदुल मान्य आनंद, दिल्ली - नीट रैंक 1
- आयुष नौगरैया, उत्तर प्रदेश - नीट रैंक 1
- माजिन मंसूर, बिहार - नीट रैंक 1
- सौरव, राजस्थान - नीट रैंक 1
- दिव्यांश, दिल्ली - नीट रैंक 1

**टॉप-5 छात्राएं**
- प्रचिता, राजस्थान - नीट रैंक 1
- पलांशा अग्रवाल, महाराष्ट्र - नीट रैंक 1
- माने नेहा कुलदीप, महाराष्ट्र - नीट रैंक 1
- इरम काजी, राजस्थान - नीट रैंक 1
- ऋषिका अग्रवाल, दिल्ली - नीट रैंक 22

## तालाब से बरामद बोरे में मिले कई मोबाइल

- नीट यूजी पेपर लीक केस की जांच करने धनबाद पहुंची सीबीआई टीम
- बरामद सामग्री को लेकर सीबीआई टीम पटना के लिए रवाना हो गई




**धनबाद।** नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम शुक्रवार को धनबाद के सुदामडीह थाना क्षेत्र के एक तालाब की जांच करने के लिए पहुंची। टीम ने तालाब से एक बोरा बरामद किया है, जिसमें कई मोबाइल सेट हैं। पहले भी सीबीआई की टीम इस तालाब की जांच कर चुकी है। बोरे से मोबाइल सेट के अलावा कई अन्य सामग्रियां भी बरामद हुई हैं। स्थानीय थाने की पुलिस टीम जांच को लेकर सीबीआई का पूरा सहयोग कर रही है। फिलहाल बरामद सामग्री को लेकर सीबीआई टीम पटना के लिए रवाना हो गई है। शुक्रवार को सीबीआई का पहला आधिकारिक बयान भी सामने आया। इसमें कहा गया है कि नीट-यूजी 2024 का प्रश्न पत्र 5 मई की सुबह हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से पंकज कुमार उर्फ आदित्य उर्फ साहिल नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से प्राप्त किया गया था, जो इस मामले के मास्टरमाइंड में से एक है। बता दें कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने अब तक 33 जगहों पर छापेमारी की है। इस मामले में अब तक 36 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से 15 को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अब तक कई सबूत जुटाए जा चुके हैं। जांच अभी चल रही है।

**आज | कल**




**इंडिया**

## कैसे पुलिस पुरुषार्थी लिप्सारहित सहयोगी बने?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सिद्धांतः सेना और पुलिस में यह अंतर है कि पुलिस आंतरिक सुरक्षा या शांति व्यवस्था के लिए होती है,जबकि सेना देश के दुश्मनों से निबटने के लिए। इसलिए लाठी पार्टी आज भी है पहले हल्के हथियार पुलिस को दिए जाते थे पर जब देश के अंदर ही छुपे हुए दुश्मन आक्रमण करने लगे तो पुलिस की कार्यशैली से लेकर हथियारों तक में बड़ा परिवर्तन किया गया। आज पुलिस नामधारी अनेक सुप्रशिक्षित संगठन हैं जो उग्रवादियों, माओवादियों से लेकर अत्याधुनिक हथियारों से लैस बदमाशों से निबटने में सक्षम हैं। पर भारतीय सेना और पुलिस में एक बड़ा अंतर यह है कि जहां सेना अनुशासन के सर्वोच्च मानक की प्रतीक है तो पुलिस की छवि एक दमनकारी या डरावनी सी ही बनी हुई है। यह अलग बात है कि न्यायालयों से लेकर सामाजिक दबाव और मीडिया या फिल्मों के प्रभाव से इस प्रवृति में परिवर्तन भी हुआ है। ब्रिटिश कालीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों से दूर करने का प्रयास किया है। पर इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को जब तक देश को गुलाम रखने वाले पुलिस एक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक नई कानून-व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती। वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन है जबकि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं से भी परहेज नहीं होता है। सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे या गंठजोड़ से पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी करेगी



और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में संभावना है कि नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे। सेना की बात करें तो सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। बिहार-झारखंड,मुंबई या यूपी-पंजाब सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगाकर पुलिस से पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद करा दिया था। तब आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें पर 1996 तक केंद्र सरकार ने भी पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। असम और यूपी के डीजीपी रहे प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय सीमा तय की। पर अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती थी। आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण तंत्र पुलिस बल को अपने कर्तव्य निर्वहन में सक्षम बनाने के लिए पूरे देश में पुलिस सुधार लागू किए जाने चाहिए। तभी देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनेगी। तीन नए संशोधित भारतीय कानूनों की सफलता भी पुलिस सुधार पर ही निर्भर है।हालांकि पढ़े लिखे संवेदशील लोगों की संख्या पुलिस बल में बढ़ी है जिससे छवि भी सुधरी है।

### कैमरून से लौटे प्रवासी मजदूरों को सरकारी योजनाओं से किया जाएगा आच्छादित

**रांची।** कैमरून, दक्षिण अफ्रिका से लौटे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संदर्भ में निर्देश दिए हैं। योजनाओं से आच्छादित कार्यों को सफल करवाने के लिए राजेश प्रसाद, संयुक्त श्रमायुक्त, रांची (मोबाईल नं. 9431344109) को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने की अनुशंसा की है। प्रसाद पत्र प्राप्ति के 72 घंटे के भीतर संबंधित जिले में जाकर उपायुक्त, जिला कौशल विकास पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक से सम्पर्क स्थापित कर कार्य योजना तैयार कर इस कार्य को पूर्ण करायेंगे। श्रमायुक्त इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे।

## कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

# युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना मुख्य उद्देश्य : कर्नल संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को हुसैनाबाद टाउन हॉल में पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह चन्द्रवंशी व संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद एसडीओ पियूष सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि बीडीओ रौशन कुमार उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलित भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। इस दौरान वीर शहीदों को याद किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पियूष सिन्हा ने शहीदों को नमन करते हुए कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर शहीदों के यादों को जागृत करने के लिए पूर्व सैनिकों को धन्यवाद दिया।



और पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा सभी वर्गों के लिए कि जा रही कल्याणकारी कार्य के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में प्रशासन आपकी मदद के लिए सदैव तैयार है। विशिष्ट अतिथि रौशन कुमार ने पूर्व सैनिक सेवा परिषद को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस कार्यक्रम में संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने वीर शहीदों का गुणगान किया। संगठन के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने इस तिथि का महत्व बताया कि 26 जुलाई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को भारतीय सीमा से खदेड़ कर उनके कब्जे से हमारी धरती को मुक्त किया था। उन्होंने कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक मिलकर हुसैनाबाद के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं के अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हो। उन्होंने सभी छात्रों को एक सैनिक की तरह सदैव तत्पर रहने की सलाह दी। इस कार्यक्रम के दौरान हुसैनाबाद के कई स्कूल के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संगठन के अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की दूसरी सबसे बड़ी व आधुनिकतम सेनाओं में से एक है हमारी संस्था इस छोटे से कार्यालय से केवल पूर्व सैनिकों का ही नहीं, बल्कि समस्त समाज हर वर्ग के लोगों को पेंशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की बात कहीं। इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, पूर्व नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी रामप्रवेश सिंह, मयंक कुमार सिंह, मुखिया नरेंद्र ठाकुर, आत्मेश कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, सीता राम सिंह, संजय सिंह, शैलेश कुमार, आराधना सिंह, बबीता सिंह, वीर नारी प्रेमलता कुंवर, शिवपति कुंवर, पूर्व सैनिक सत्येंद्र शर्मा, सुरेश ठाकुर, अवध माली, प्रसाद सिंह, असर्फी पाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### एम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मनायी कारगिल विजय दिवस

**हरिहरगंज।** मारिया एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में शुक्रवार को एम पब्लिक स्कूल छकनबाग के प्रांगण में करगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद भारतीय वीर जवानों की याद में एम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने श्रृंखला बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सोसायटी के चेयरमैन एम परवेज व संस्थान के सचिव रूमी नाज नूरी ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों ने जिस साहस और पराक्रम का परिचय पूरी दुनिया को दिया था, उससे आज भी हर हिंदुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा होता है। कार्यक्रम में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव सह स्कूल के प्रधानाध्यापिका रूमी नाज नूरी, शिक्षक विवेक मवार, पवन शौंडिक, उज्जवल सिंह, सचिन कुमार, सुजीत कुमार, जागृति कुमारी, ब्यूटी कुमारी, शबाना परवीन, ज्योति कुमारी, खुशी कुमारी, रिया कुमारी, सोनी, डॉ आलमगीर, मो अजीज, अनुप, राकेश संहिता स्कूली बच्चें शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### टीम सूर्या ने वन बूथ 10 यूथ अभियान चलाया



**मोहम्मदगंज।** राकांपा के प्रखंड महासचिव सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में वन बूथ 10 यूथ अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर उन्होंने पंसा पंचायत के राणाडीह (पंचपोखरी) के टोला मोतियाडीह में ग्रामीणों के साथ बैठक की। इसमें बूथ को मजबूत बनाने के लिए 10 युवाओं की टीम को सूचीबद्ध किया गया। बैठक में विधायक ने सभी से दूरभाष पर बात की। उन्होंने कहा कि जनता उनकी मालिक है। उनकी सेवा उनका धर्म है। जनता की एक-एक समस्या का समाधान करेंगे। सभी लोगों ने विधायक के प्रति आभार प्रगट किया। मौके पर अजीत सिंह के अलावा पंकज सिंह, भरदूल पासवान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### किसानों के बीच मक्का व मूंगफली बीज का नहीं किया गया वितरण



**नावाबाजार।** प्रखंड में किसानों के बीच पर्यवेक्षण को उपलब्ध कराए गए मक्का व मूंगफली बीज वितरण में अनियमितता बरती जा रही है। बीज प्रखंड कार्यालय के गोदाम की शोभा बढ़ा रही है। किसानों के बीच मक्का व मूंगफली का वितरण न कर बिचौलिए व चहेतों को उपलब्ध कराया जा रहा है। केवल किसानों का आधार और खाता संख्या बिचौलियों से संग्रह कराया जा रहा है। प्रखंड के किसानों के बीच वितरण किए जाने को लेकर मक्का और मुंगफली का बीज उपलब्ध कराया गया है। जिसमें 750 किलो ग्राम मुंगफली और 1000 किलो ग्राम मक्का का बीज शामिल है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी सहित एटीएम आदि की निष्क्रियता के कारण समय पर बीज का वितरण नहीं कराया गया। मक्का और मुंगफली बोने का समय निकला जा रहा है। जिम्मेवार लोगों के द्वारा चोरी छिपे चहेतों को देकर कमियां छुपाई जा रही है। बीज वितरण में पारदर्शिता नहीं दिखाया जा रहा है। इसके पूर्व प्रखंड को मुंग बीज भी वितरण को उपलब्ध कराए गए थे। मुंग बीज का भी बंदरबांट कर लिए गए थे। स्थानीय लोगों ने पलामू उपायुक्त सहित कृषि पदाधिकारी को आवेदन देते हुए बीज वितरण में अनियमितता बरतने वाले जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई की मांग किया है।

### नगर पंचायत के नए कार्यपालक अधिकारी को अरविंद ने सौंपा मांग पत्र

**छतरपुर।** नगर पंचायत का हाल बेहाल है। नगर पंचायत के गठन के बाद से ही यहां कई समस्याएं विद्यमान हैं। जिनके निराकरण हेतु नगर के नए कार्यपालक अधिकारी फैजुर रहमान को छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमून ने मांग पत्र सौंपा। कार्यपालक को दिए गए मांगपत्र में कहा गया है कि नगर के फुटपाथ दुकानदारों से प्रतिदिन की वसूली की जा रही है जो कि गलत है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र में गम्भीर आपराधिक घटनाएं बढ़ी है। उसके मद्देनजर नगर के सभी प्रमुख चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाई जाए। बरसात के कारण शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए छतरपुर नगर मुख्यालय सहित विभिन्न वार्डों में फॉगिंग मशीन से एंटी मॉस्किटो फॉग का छिड़काव कराया जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में लगाये गये अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब हैं उनकी मरम्मत करवाई जाए। जपला मोड़ पर हालिया लगाए गए बिना टेंडर के सौंदर्यीकरण हेतु (आई लव छतरपुर) लाइट में किये गए घोटाले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। नगर में लगाये गए सभी हाइमास्ट लाइटें खराब पड़ी हैं, उनकी मरम्मत करवाई जाए। टेंडर होने और स्थान चिन्हित होने के बाद भी ऑटो स्टैंड नहीं शुरू नहीं हो सका, उसे शुरू कराया जाए। लोगों ने कार्यपालक धिकारी को चेतावनी भी दिया कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे लोग आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। अरविंद गुप्ता के साथ ज्ञापन सौंपने वालों में बीस सूत्री के अध्यक्ष गोपाल सिंह, फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष गौतम कुमार, विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार, विश्वनाथ चौधरी, कमलेश गुप्ता, जितेंद्र राम सहित कई लोग शामिल थे सभी ने फुटपाथ दुकानदारों से मनमाने वसूली पर रोक लगने की मांग की है।

## एक नजर

### सर्प दंश से सफाई कर्मी घायल

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के एक सफाई कर्मी को काम करने के दौरान सांप ने काट लिया। जिसके बाद काम करने वाले अन्य मजदूरों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल में भर्ती कराया। उक्त युवक अंबेडकर नगर निवासी रामधनी राम का 22 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार है। मालूम हो कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 जपला चौबे में सफाई करने के दौरान नाली की पटिया के बगल में छुपा सांप ने काट लिया। जिससे वह बेहोश हो गया। चिकित्सक ने फिलहाल सफाई कर्मी की स्थिति को खतरे से बाहर बताया है।

### हैदरनगर में बीपीओ ने दिया योगदान



**हैदरनगर।** हैदरनगर के बीआरसी में नवपदस्थापित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर अजय कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के सभी कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिए वह शिक्षकों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण किया जायेगा। बच्चों को गुणवत्ता के साथ शिक्षा दिलाने की मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों से सरकार के गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करने को कहा। जिससे उन्हें किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### पांचवे दिन भी मनरेगा कर्मियों का हड़ताल जारी

**मेदिनीनगर।** सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ पलामू जिला इकाई के तत्वावधान में मनरेगा कर्मी लगातार पांचवे दिन भी हड़ताल पर डटे रहें। मनरेगा कर्मी मांगों के समर्थन में लगातार समाहरणालय के समक्ष धरना दे रहे हैं। कार्यकारी जिला अध्यक्ष नारद यादव ने कहा कि मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से मनरेगा सहित प्रखंड व पंचायत स्तर पर चल रही अन्य योजनाओं में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा सिंचाई कूप, आम बागवानी, पोटो हो खेल मैदान, नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना आदि का काम रुक गया है। मौके पर प्रदेश संरक्षक देवेंद्र उपाध्याय, जिला सचिव अख्तर हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी, रामाकांत तिवारी, अमरेंद्र कुमार, अमन कुमार, अभिमन्यू कुमार, गुलाम सरवर, रामलाल यादव सहित काफी संख्या में मनरेगाकर्मी मौजूद थे।

## बीडीओ ने आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

# दो सेविका से स्पष्टीकरण की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पाटन में बीडीओ अमित कुमार झा ने सिरमा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति दो तीन की संख्या में पाया गया। जो कहीं-कहीं आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे नहीं के बराबर देखा जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ ने औसत उपस्थिति पंजी देखा जिसमे 25 प्रतिशत बच्चे का उपस्थित दिखाई गई जो, बिल्कुल फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्ज कराई गई थी। वहीं केंद्र में बच्चों के लिए भोजन भी सुचारू रूप से नहीं बनाया गया था। बीडीओ ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका पूरी तरीका से मनमानी कर रही है। कार्य नहीं करने वाले सेविका की सेवा समाप्ति की अनुशंसा कर दी जाएगी। ऐसे में पिछले दो आंगनबाड़ी केंद्र का बीडीओ ने जांच किया था जिसमें सेविका और बच्चे अनुपस्थित पाए गए थे। उन पर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। बीडीओ अमित कुमार झा ने प्रखंड में लगातार आंगनबाड़ी केंद्र पर नजर बनाये हुए हैं।

## सीबीसी चैनपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# रंगोली, पेंटिंग्स व भाषण प्रतियोगता के प्रतिभागी पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा शुक्रवार को राजकीय बुनियादी विद्यालय चैनपुर में विश्व जनसंख्या पखवाड़ा, पीएम विश्वकर्म योजना, पीएम आवास योजना, भारतीय न्याय संहिता व कारगिल विजय दिवस के मौके पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर रैली, रंगोली, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चैनपुर नंदकिशोर तिवारी एवं क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में श्री तिवारी ने बताया कि वह लगभग डेढ़ वर्ष तक कारगिल में रहे हैं। विश्व जनसंख्या वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने दो बच्चों का लक्ष्य, एक हमारा-एक



तुम्हारा का नारा याद दिलाया। साथ ही बताया कि जनसंख्या के मामले में भारतीय विश्व में प्रथम स्थान पर आ गए हैं और इस पर नियंत्रण की जरूरत है। मनोज कुमार ने अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में श्यामलाल उरांव, प्रधानाध्यापक राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कंकारी, सिंधु कुमार यादव प्रधानाध्यापक राजमाता प्रफुल्ल मंजरी कन्या उच्च विद्यालय, चैनपुर के अलावा विद्यालय के प्रधानाध्यापक क्यास ठाकुर, गणेश सिंह, कुंदन कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बबीता देवी, सहयोगिक सविता देवी व अन्य सदस्य उपस्थित थे। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक क्सास ठाकुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया गया। कार्यक्रम में रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## नये कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने दिया योगदान

# हुसैनाबाद नगर पंचायत के विकास कार्यों में लायेंगे तेजी : हंस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत में नए कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। विपुल सन्नी ने नए कार्यपालक पदाधिकारी को विधिवत अपना पदभार सौंपा। मौके पर नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने किया। जबकि संचालन नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह ने की। इस मौके पर सीटी मैनेजर नजीबुल्ला अंसारी ने कहा की विपुल सन्नी का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा, उन्होंने अपने बहुत कम समय में शहर के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहें। योगदान के पूर्व सभी नगर पंचायत कर्मियों ने विपुल को बुके और उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर नए कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने कहा कि बीते समय जिस तरह से नगर पंचायत में कार्य किए जा रहे थे। उसमें गति लाई जाएगी। नगर पंचायत के विकास कार्य निर्बाध रूप से होंगे। कार्यक्रम के बाद नए कार्यपालक पदाधिकारी ने नगर पंचायत के पदाधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर नगर पंचायत के डॉ. दीपक कुमार, कनीय अभियंता ब्रजलाल यादव, हिमांशु तिवारी, अशीष कुमार दुबे, गुलशेर अंसारी, नाजिर रूंजय कुमार, रविकांत पटेल, उमेंद्र ठाकुर, विकास कुमार चंदेल, सिकंदर अली समेत कई लोग मौजूद थे।

# पुलिस व उत्पाद विभाग की छापेमारी में चार शराब भट्ठी ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर उत्पाद अवर निरीक्षक देवीलाल सोरेन, अनूप प्रकाश तथा पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में व पथरा ओपी पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को सुदूरवर्ती अकौनी गांव तथा जंगली इलाके में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने चार अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त करते हुए 20 क्विंटल जावा महुआ व 40 लीटर निर्मित शराब तथा 12 ड्राम को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस संबंध में उत्पाद अवर निरीक्षक देवीलाल सोरेन ने बताया कि शराब कारोबारी पुलिस को देखते ही भाग निकले। पुलिस शराब कारोबारी को चिन्हित कर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि शराब कारोबारी झारखंड में शराब बनाकर बिहार में भेजने का काम करते हैं। अवैध शराब के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप व्याप्त है।

## गरीब रथ स्टॉपेज की सांसद की मांग के बाद भी

# पूरी नहीं हुई यात्रियों की उम्मीदें

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** 19 जनवरी को धनबाद डीआरएम कार्यालय में रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने 12877/78 अप-डाउन रांची नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस के स्टॉपेज देने की मांग की थी। मगर इसके 6 माह बाद भी इसे लेकर इस क्षेत्र के यात्रियों की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। यात्रियों का कहना है कि देश व राज्य की राजधानी तक सीधी रेल सेवा की सुविधा का लाभ इस स्टेशन पर भी गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज मिलने से इस क्षेत्र को मिलेगा। क्योंकि पूर्व मध्य रेलवे जोन अंतर्गत डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड रेलखंड के बीच स्थित यह भी एक अति महत्वपूर्ण स्टेशन है। इस स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस का स्टॉपेज मिलने से मोहम्मदगंज प्रखंड के अलावा हैदरनगर, उंटारी रोड, सीमावर्ती गढ़वा जिला के मझिआंव,



भवनाथपुर, केतार सहित सम्पूर्ण कांडी प्रखंड के सैकड़ों गांव के लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही बिहार राज्य के सोन नदी सीमावर्ती गांव के लोग भी लाभान्वित होंगे। उनके लिए भी ट्रेन सुविधा को लेकर यही स्टेशन महत्वपूर्ण माध्यम है। इन क्षेत्रों की अधिकतम आबादी मजदूर, किसान व मध्यम आय वर्ग के लोगों की है। जिन्हें देश व राज्य की राजधानी में स्थित सर्व सुविधा युक्त एम्स, रिम्स सहित अन्य बड़े अस्पतालों में बेहतर इलाज और धर्मनगरी प्रयागराज, व्यावसायिक नगरी कानपुर सहित अन्य महानगरों में रोजगार, व्यापार व धार्मिक प्रयोजन को लेकर रेल सुविधा उपलब्ध होगी। वैसे, भी इस स्टेशन से रेलवे को बेहतर आय और इसके व्यापक पैमाने पर यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण होने की वजह से इसे यात्री सुविधाओं से लैस किया जाता रहा है। अब तो आधुनिक रूप में स्टेशन भवन, नन इंटरलॉकिंग सिस्टम से ट्रेनों का परिचालन और बेहतरीन प्लेटफॉर्म निर्माण के बाद 12.95 करोड़ की अन्य यात्री सुविधाओं को लेकर काम किया जाना है। यात्रियों का कहना है कि यह स्टेशन हर दृष्टिकोण से गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर सारी अहर्ता को पूरी करता है। बावजूद इसके अभी तक इस एक्सप्रेस ट्रेन का इस स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं मिलना इसकी उपेक्षा का द्योतक है। यात्रियों का कहना है कि वैसे तो इस ट्रेन का जपला 20 और गढ़वा रोड जंक्शन करीब 30 किमी दूर स्टॉपेज मिला तो है, मगर वहां से इस ट्रेन को पकड़ने अथवा बाहर से आकर वहां से घर तक पहुंचने के लिए लोगों को निजी अथवा भाड़ा के वाहन पर 500 से 1000 रुपए का अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलना और जोखिम उठाना पड़ता है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह का इस संबंध में कहना है कि वे सांसद से इस मुद्दे पर बात करेंगे। इस एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज को सुनिश्चित करने की उनकी कोशिश होगी।

## आभूषणों का चोर चढ़ा रेलवे सुरक्षा बल डेहरी ऑन सोन के हत्थे

# हुसैनाबाद थाना में चोरी का मामला है दर्ज, पुलिस को थी तलाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना की तत्परता से आभूषण चोर पकड़ा गया। उसके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज किया गया है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने रेलवे पोस्ट डेहरी ऑन सोन को एक व्यक्ति की तस्वीर अग्रसारित करते हुए सूचना दिया था कि आभूषणों की चोरी (एक सोने का हार, एक सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी कान की बाली) में संलिप्त एक अभियुक्त जिसके विरुद्ध हुसैनबाद थाना में भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत है। अभियुक्त भागकर दिल्ली जाने वाला है। थाना प्रभारी ने आरपीएफ को बताया कि संभावना है कि वह डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन से ही ट्रेन पकड़ने वाला है। सूचना प्राप्ति के उपरांत निरीक्षक प्रभारी साथ उप निरीक्षक कुमार गौरव, सहायक उप निरीक्षक सरोज कुमार एवं प्रधान आरक्षी रंजीत कुमार ने डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर खोजबीन की। अभियुक्त की फोटो



के अनुसार ही एक व्यक्ति प्लेटफार्म संख्या- 04/05 के पुराने ऊपरी पैदल पुल के पास के यात्री शेड में मिला। जिससे पूछने पर उसने अपना नाम सरवाज आलम उम्र करीब -23 वर्ष बताया। उसने अपने पिता का नाम मोहम्मद कलाम सिद्धीकी बताया, जो हुसैनाबाद के इस्लामगंज का निवासी है। फरार अभियुक्त सरवाज आलम को पकड़ने में हुसैनाबाद पुलिस की रणनीति काम आई। हुसैनाबाद थाना की मांग पर अभियुक्त को न्यायलय द्वारा जारी दिशा निर्देश एवं प्रकिया का पालन करते हुए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट- डेहरी ऑन सोन पर सुरक्षित रखा गया। बाद में हुसैनबाद थाना के दंगवार आउट पोस्ट के ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता को पूर्ण रूप से सत्यापन एवं आश्वस्त होने पर विधिक कार्यवाही एवं सुपुर्दगी संबंधी प्रकिया का पालन करते हुए अवरुद्ध अभियुक्त सरवाज आलम को दंगवार ओपी के प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता को सुपुर्दगीनामा तैयार कर सही सलामत अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से हुसैनाबाद थाना पुलिस पूछताछ कर रही है। साथ ही विभिन्न चोरी की घटनाओं का उद्भेदन हो सकता है।

## एक नजर

### मईयां बाबू अस्पताल का ओपीडी पुनः चालू

**मेदिनीनगर।** राज्य स्वास्थ्य टीम की शिकायत के बाद उपायुक्त के आदेश पर सील किए गए मईयां बाबू अस्पताल के ओपीडी व ओटी को पुनः शुरू कर दिया गया है। बता दें कि 15 जून को उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन उक्त अस्पताल के ओपीडी व ओटी को सील कर दिया था। स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय टीम ने मईयां बाबू अस्पताल की व्यवस्था का औचक निरीक्षण में कई प्रकार की अनियमितताएं पाई थी।

### नगर निगम कर्मचारियों ने निकाली मशाल जुलूस

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोकल बॉडीज एम्पलाइज फेडरेशन रांची महासंघ के आह्वान पर सेनेटरी सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर की बहाली रद्द करने समेत पांच सूत्री मांगों को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम के कर्मचारी प्रतिदिन मशाल जुलूस निकाल रहे हैं। इस कड़ी में गुरुवार की देर शाम तीसरे दिन भी मशाल जुलूस निकाल कर शहर में प्रदर्शन व नारेबाजी की गई। संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि पांच सूत्री मांगों को लेकर पूर्व में भी सरकार ने समझौता कर तीन माह में मांगे पूरी करने का लिखितअश्वासन दिया गया था, लेकिन सरकार ने वादा खिलाफी करते हुए सेनेटरी सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर की बहाली निकाल दी है, जो कर्मियो के साथ अन्याय है। इसके लिए पूरे राज्य के निकायकर्मी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि सरकार नहीं मानी तो 23 अगस्त से सारे कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

## पर्यावरण बचाने के लिए पौधा लगाना जरूरी : डॉ. मोहिनी गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पर्यावरण को बचाने के लिए पौधा लगाना जरूरी है। पौधा लगाने से पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिलेगा। इससे लोगों की जिंदगी बचेगी। ये बातें योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डा. मोहिनी गुप्ता ने कही। वह एनसीसी कैडेट्स द्वारा लगाए जा रहे पौधा रोपण कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जिस क्षेत्र में पौधा रोपण के लिए जाएं उस क्षेत्र में घर के लोगों को विशेष मौके पर पौधा लगाने के लिए प्रेरित करें। मौके पर वाइएसएनएम कॉलेज की 44 झारखंड बटालियन की एनसीसी कैडेट्स ने चैनपुर क्षेत्र में वन कैडेट वन ट्री के तहत पौधारोपण अभियान चलाया। सार्जेन्ट अर्चना पांडेय, प्रीति कुमारी रिंकी कुमारी प्रियांशु कुमारी ने आम का पौधा, कॉर्पोरल प्रिया दुबे ने शमी का पौधा, लायन्स कॉर्पोरल दुर्गा विश्ववकर्मा ने बेल का पौधा, मनीषा व शुभकामना ने अमरूद का पौधे लगाए। कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर सह एनसीसी की सीटीओ डॉ. संगीता कुजूर ने आंवला का पौधा लगाया। संगीता कुजूर ने कहा कि सरकारी निजी स्थलों पर पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। अभिभावकों की ओर से पौधे लगाने की मुहिम पर बहुत अच्छी प्रतिक्रिया रही।

### सांसद ने पलामू, गढ़वा में अल्युमिनियम कारखाना लगाने की मांग संसद में उठायी

## ग्रेफाइट आधारित उद्योग सरकार लगाए : वीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू, गढ़वा जिला में उद्योग, कल-कारखाना स्थापित करने संबंधित महत्वपूर्ण मामलों को उठाया। सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के पलामू, गढ़वा दोनों जिलों आकांक्षी जिलों की श्रेणी में आता है। आकांक्षी जिलों में आने का ही मतलब होता है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। पूरे झारखंड राज्य में मात्र यही एक (अनुसूचित जाति) सुरक्षित संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या रोजगार के अभाव में पलायन की है। इस मामले को वह वर्ष 2014 से ही इस सदन में उठाते रहे हैं। परंतु आज तक एक भी उद्योग, कल-कारखाना नहीं



लगा है। दुर्भाग्यवश जपला सीमेंट फैक्ट्री था वह भी बंद हो चुका है। यहां के लोग बड़े पैमाने पर रोजगार के अभाव में दूसरें राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश है और पलायन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह है कि पूरा सभी सुविधाएं उपलब्ध है। अल्युमिनियम का कारखाना भी लगाया जा सकता है। इसके अलावा ग्रेफाइट की उपलब्धता व गुणवत्ता के अधार पर ग्रेफाइट आधारित उद्योग लगाया जा सकता है। लाइम स्टोन की बहुत सारी खदानें है जो अभी बंद पड़ी है। उसे शीघ चालू किया जा सकता है। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार से मांग करता हैं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग, कल-कारखाना स्थापित कराने का प्रयास किया जाए, ताकि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या को रोका जा सके।

### खनिज पदार्थो से भरपूर है संसदीय क्षेत्र

पलामू संसदीय क्षेत्र खनिज पदार्थों से भरपूर है। यहां पर कोयला प्रचुर मात्रा में है। इसके अलावा ग्रेफाइट, लाइम स्टोन है। बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साइट है। ये बाक्साइट उनके दोनों जिलों से होकर मिजार्पुर जाता है। वहां अल्युमिनियम की फैक्ट्री लगी है। कोयला वहां से देश के थर्मल प्लांट में जाता है जो उस क्षेत्र में रौशनी देने का काम करता है। वहां वह स्थापित है। गढ़वा जिला में भवनाथपुर थर्मल पावर प्लांट बनाने की जमीन भी उपलब्ध है। कोयला भी है। सोन नदी का पानी भी है। मानव संसाधन भी है।

### कारगिल विजय दिवस पर रजत जयंती समारोह का आयोजन

## शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया



### कार्यक्रम में सभी गणमान्य रहे शामिल

सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्थानीय संत मरियम आवासीय स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उनके परिजन, स्कूली छात्रों की सहभागिता रही। पोलपोल स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर कारगिल के शहीद युगाम्बर दीक्षित, प्रबोध मेहता को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उसके बाद वीर सैनिक शिवजी सिंह के घर जा कर उन्हें भी सम्मानित किया गया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह के मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू द्वारा कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद चौक पर रीथ लेइंग व माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में वीर नारी पुष्पम देवी भी शामिल हुई। उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह व देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति टॉउन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला के शहीद सैनिकों के वीर नारियों, पूर्व सैनिकों के विधवाओं, कारगिल युद्ध में हिस्सा ले चुके सैनिकों की सहभागिता रही। उन्हें आदर पूर्वक सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष गया नंद पांडेय, वर्तमान जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, महासचिव दिनेश गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, अविनाश वर्मा,अविनाश देव, अमित तिवारी, ज्योति पांडेय, उदय शुक्ला, विहिप से अनामिका सिंह, अजीत पाठक, रवि तिवारी, गोपाल तिवारी, बजरंग दल से संदीप प्रसाद गुप्ता और प्रकाश विश्वकर्मा, अशोक मेहता, सुनील सिंह, दयाशंकर शर्मा, समता प्रसाद शर्मा, कामाख्या नारायण सिंह, गिरवर प्रजापति, मुक्तेश्वर कुमार, अरुण कुमार सिंह, संजय कुमार शर्मा, राजन सिंह, संतोष सिंह, बैजनाथ पाल, संजय कुमार, महावीर प्रसाद पाल, शंभू सिंह, रमन श्रीवास्तव, बृज बिहारी सिंह मौजूद थे।

**इस कार्यक्रम में जिला के शहीद सैनिकों के वीर नारियों, पूर्व सैनिकों के विधवाओं, कारगिल युद्ध में हिस्सा ले चुके सैनिकों की सहभागिता रही**

## चेक पोस्ट बनाकर या ट्रेंच खोदकर हर हाल में अवैध खनन रोकें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर किए गए कार्रवाई से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 28 जून से लेकर 25 जुलाई तक अवैध खनन से जुड़े कुल 55 वाहनों को जब्त किया गया है। फाईन के रूप में 32.78 लाख रूपए की वसूली की गयी है। साथ ही कुल 42 राजसात केस दायर किया गया हैं। जब्त 55 वाहनों में 42 वाहन अवैध बालू के परिवहन से जुड़ा है, जबकि 13 वाहन अवैध पत्थर से जुड़ा था। सबसे अधिक 10 वाहनों की जब्ती चैनपुर थाना क्षेत्र से की गयी है। उपायुक्त ने बैठक में सभी अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों से कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे नदी को चिन्हित करें जहां से अवैध बालू का उठाव होता है। उसके बाद उस रुट में चेक पोस्ट स्थापित कर वहां से आवागमन कर रहें प्रत्येक वाहनों की इंट्री रजिस्टर में दर्ज करें। साथ ही आवश्यकता अनुरूप नदी से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोदकर रास्ता को भी अवरोध करें या अपने स्तर से कोई अन्य कार्रवाई करें, लेकिन यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी किसी प्रकार का कोई अवैध खनन नहीं हो। उन्होंने एनजीटी के नियमों का अक्षरशः पालन कराने का निर्देश दिये।

## रेहड़ी-पटरी वालों को मिली नई सौगात

### जल्द मिलेगी वेंडर जोन की सुविधा, निगम ने निकाला टेंडर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में वेंडर जोन का निर्माण कराने के निर्णय के आलोक में मेदिनीनगर नगर निगम ने टेंडर भी निकाल दिया है। फुटपाथी विक्रेताओं के लिए मेदिनीनगर नगर निगम की नई सौगात मिली है। अब अलग माहौल में शहर के दुकानदार अपना सामान बेच सकेंगे। इसके साथ उन्हें बैठने के साथ अन्य सुविधाएं मिलेंगी। बता दें कि 18 जुलाई को मेदिनीनगर नगर निगम को देशभर में उत्कृष्ट कार्य के लिए दूसरा स्थान मिला है। इसे लेकर नगर निगम को दिल्ली में अवार्ड मिला है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के फुटपाथ विक्रेताओं को लोन दिलाने में मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया था, जिसे लेकर नगर निगम को दिल्ली में सम्मानित किया गया। अब उन दुकानदारों के लिए वेंडर जोन का निर्माण कराया जा रहा है। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि नगर निगम की सहभागिता से इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा फुटपाथी विक्रेताओं को दिलाया गया। उनका प्रयास है कि भविष्य में भी इन्हें लाभ दिलाया जाए। इस कड़ी में अब उनके लिए वेंडर जोन का निर्माण कराया जा रहा है। जहां उन्हें बिजली, पंखे, के साथ बैठने की जगह मिलेगी।

### यहां होगा वेंडर जोन का निर्माण

नगर आयुक्त ने बताया कि वेंडर जोन निर्माण को लेकर टेंडर हो चुका है। पुलिस लाइन रोड के समीप नेहरू युवा केंद्र के पास वेंडर जोन का निर्माण कराया जाना है। इसमें फेवर ब्लॉक, बिजली के साथ 100 लोगों के बैठने की सुविधा होगी। इसके साथ निगम का प्रयास है कि महिला पुरुष के लिए अलग अलग सुविधा दिलायी जाये। वेंडर जोन में सेपरेट रेस्ट रूम का भी निर्माण कराया जायेगा, जिसका लाभ फुटपाथी विक्रेता बहुत जल्द ले सकेंगे।

## जिला कौशल समिति की बैठक, उपायुक्त ने दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला कौशल समिति की बैठक की गई। जिला कौशल पदाधिकारी द्वारा डीएसडीपी 2024-25 के अंतर्गत कौशल विकास से संबंधित योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। परियोजना सहायक द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत जिले में संचालित प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं, कौशल केंद्रों,योजना योजनाओं, प्रशिक्षण के लिए वर्तमान में उपलब्ध जॉब रोल्स, ट्रेंड्स के बारे में जिला कौशल समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही अवगत कराया गया कि जिला कौशल विकास प्लान पहले ऑफलाइन बनाया जाता था लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह ऑनलाइन डिसपाक पोर्टल के



माध्यम से बनाया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न विभागों के प्रतिवेदन पोर्टल पर फीड किया गया है। बैठक में उपायुक्त द्वारा कौशल विकास योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की जानकारी वीडियो क्लिप के माध्यम से देने का निर्देश दिया गया। साथ ही नए ट्रेड्स व जॉबरोल पर चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला कौशल पदाधिकारी, जिला कौशल समिति के सदस्य, परियोजना सहायक, संचालित प्रशिक्षण संस्थान के सेंटर मैनेजर व अन्य उपस्थित थे।

## अभाविप के जेएस कॉलेज इकाई के अध्यक्ष बने आकाश वर्मा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक नीतीश दुबे की अध्यक्षता में जनता शिवरात्री कॉलेज इकाई का पुनर्गठन किया गया है। नई कमेटी में अध्यक्ष आकाश वर्मा, उपाध्यक्ष विक्की पांडेय, जिया सिंह, कृष जायसवाल, आदर्श थापा, मंत्री खुशबू कुमारी,सह मंत्री महिमा सिंह,खुशी दुबे अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी, कॉलेज एसएफडी प्रमुख संजय कुमार शर्मा, कॉलेज एसएफएस प्रमुख सोनू दुबे को बनाया गया है। प्रभारी प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो छात्र हित, समाज हित, राष्ट्र हित के मुद्दों को लेकर के हमेशा से समाज में मुखर रही हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामाशंकर पासवान ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 365 दिन कॉलेज कैंपस में काम करने वाली छात्र संगठन है। साथ ही सदस्यता महाअभियान की भी शुरूआत की गई। पूरे पलामू जिले में 12000 छात्रों को अभाविप से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि कुमारी,राहुल कुमार चेरो, अभिषेक रवि, नगर सह मंत्री प्रभात दुबे, जिला एसएफडी प्रमुख उत्कर्ष तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हर साल जागरूकता के अभाव में सर्प दंश से होती है मौत

## स्वास्थ्य केंद्रों में प्रयाप्त मात्रा में एंटी वेनम मौजूद : सीएस

**किसी भी व्यक्ति को अगर जहरीला सांप काट ले तो उसे तुरंत अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्रों में जाना चाहिए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बरसात के दिनों में पलामू जिला में सर्प दंश के मामलों में काफी बढ़ोतरी हो जाती है। जिला में हर साल जागरूकता के अभाव में सर्प दंश से मौत हो जाती है। वह शुक्रवार को स्थानीय एमएमसीएच स्थित गोल घर में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्प दंश से बचाव इसके लिए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में



पर्याप्त मात्रा में सांप काटने के बाद दी जाने वाली एंटी वेनम वैक्सिन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति को अगर जहरीला सांप काट ले तो उसे तुरंत अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्रों में जाना चाहिए। वहां पहुंचने पर डॉक्टर मरीज के हालात को देखकर एंटी वेनम लगाते हैं। डाक्टर के निर्देशों का पालन कर आसानी से मरीजों की जान को बचाया जा सकता है। सांप काटने पर मरीज को शारीरिक श्रम नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितनी जल्द संभव हो नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराना चाहिए। सिविल सर्जन ने बारिश के दिनों में होनेवाली बीमारियों मलेरिया, डेंगू से बचने के लिए आसपास साफ सफाई रखने, पानी नहीं जमा होने देने,मच्छरों को न पनपने देने सहित मच्छरदानी का प्रयोग करने का भी सुझाव दिया।

### दो महीनों में सर्पदंश के 128 मामले आए



जागरूकता के अभाव के कारण झाड़-फूंक पर अधिक भरोसा जताया जाता है। जिस करण अधिकतर मामलों में मरीज की मौत हो जाती है। बता दें कि सर्प दंश से हुई मृत्यु आपदा प्रबंधन के अंतर्गत आता है। जिसमें मृतकों के आश्रित को चार लाख रुपए दिया जाता। बीते महीने एमएमसीएच में सर्प दंश के 34 मामले आए थे, जिनमें दो मरीजों की मौत हो गई थी। वहीं इस माह अब तक 94 मामले आए हैं। जिनमें केवल एक मरीज की मृत्यु हुई है। कुल 128 मामलों में 60 मरीज को जहरीले सांप ने काटा था, जिन्हें सफलता पूर्वक इलाज कर ठीक कर दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### कलाकार कर रहे 'नीट स्कैम' फिल्म का निर्माण



**मेदिनीनगर।** पलामू, गढ़वा के स्थानीय कलाकारों द्वारा नीट परीक्षा में हुई व्यापक रूप से धांधली पर आधारित नीट स्कैम नामक फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। इस फिल्म की शूटिंग डालटनगंज, गढ़वा के अलग-अलग लोकेशन पर किया जा रहा है। फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके सारे कलाकार, निर्देशक प्रोड्यूसर आदि युवा है। पूरी टीम उत्साह से लबरेज है। इस फिल्म का मुख्य उद्देश्य नीट परीक्षा में हुई धांधली की सच्चाई को दिखाना है। फिल्म के निर्देशक सह निमार्ता कौशल राज ने बताया कि नीट परीक्षा में हुए व्यापक धांधली ने छात्रों पर गहरा असर छोड़ा है। केंद्र तथा राज्य स्तर के कई प्रतियोगी परीक्षाओं में भी समय-समय पर धांधली होने की बात सामने आती है। चर्चा में होने के कारण नीट स्कैम नामक फिल्म का निर्माण कर रहे हैं,जो सीधे तौर पर छात्रों को आकर्षित करेगा, नीट परीक्षा के पीछे की सच्चाई को सामने लायेगा। इस फिल्म के डायरेक्टर सह निमार्ता कौशल राज, स्टोरी राइटर पलामू शायरी,कैमरामैन अजीत कुमार हैं। साथ ही विभिन्न भूमिका में कौशल राज, पलामू शायरी, रॉकी वाइंस, दिव्या शर्मा ,नेहा शर्मा, छोटू वर्मा ,पीहू राज ,पलामू की शायरी ,प्रतिभा शर्मा, एंजेल नेहा ,कनक ,मयंक वर्मा, रोशन, स्वीट पासवान, तृषा वर्मा, प्रिंस गुप्ता ,कुणाल कश्यप, अर्पित राज, आयुष तिवारी व हर्षित दिखाई देंगे।

### डीएवी प्रबंधन करोड़ों विद्यार्थियों में भर रहा है देशभक्ति की भावना : केएन सिंह

**मेदिनीनगनर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल 25 वां कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक केएन सिंह, विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जीएन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ शहीदों की याद में दीप जलाकर व पुष्पाजांलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आठवीं कक्षा की वैभवी ने शहीदों के सम्मान में कविता पाठ प्रस्तुत किया। इसके बाद नवम वर्ग की छात्रा अन्नया, रिया ने कारगिल विजय दिवस पर एक सुंदर भाषण प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व सैनिक कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि डीएवी विद्यालयों में इस तरह के आयोजन और बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय है। आज जहां गला काट प्रतिस्पर्धा व अंकों की होड़ लगी है। ऐसे में बच्चों के अंदर मानव मूल्य देशभक्ति की भावना व शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शन जैसे गुण को छात्रों के अंदर विकसित करने का डीएवी का यह प्रयास सराहनीय हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य व डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जीएन खान ने कहा कि कारगिल युद्ध के नायक सौरभ कालिया व विक्रम बत्रा ने अपने अपूर्ण व अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंतिम सांस तक युद्ध कर शत्रु को भारी क्षति पहुंचाई। ये दोनों ही डीएवी के पूर्व छात्र थे। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बच्चों से आग्रह किया कि वे आज शहीदों के नाम एक दिया अवश्य जलाएं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिमा सुदेशना राय ने किया। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे। मौके पर शिक्षक आलोक कुमार, चंद्रशेखर पांडेय, नीरज कुमार श्रीवास्तव, अंबरीश कुमार पांडेय, विक्रम रॉय, अनंत पाठक, प्रियंवदा मिश्रा, अनु चक्रवर्ती उपस्थित थीं।

### शिक्षा निदेशक के बयान की शिक्षक संघ नेताओं ने निंदा की

**मेदिनीनगर।** शिक्षा निदेशक आदित्य रंजन द्वारा शिक्षकों को संबोधित करते हुए एक वायरल वीडियो में चप्पल से मारने वाले बयान का विरोध पूरा शिक्षक समुदाय कर रहा है। पलामू जिले के सभी संवर्ग के शिक्षको ने सांकेतिक रूप से चप्पल उतार कर विरोध जताया। शिक्षकों का कहना है कि शिक्षा निदेशक का बयान शिक्षकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। शिक्षा निदेशक को भी किसी गुरु ने पढ़ाया होगा तभी वह आज जाकर इस पद पर पहुंचे हैं। शिक्षक समाज का निर्माता होता है। उनके इस बयान से पूरा शिक्षक समुदाय अपमानित महसूस कर रहा है। बताते चलें कि शिक्षा निदेशक आदित्य रंजन द्वारा बयान दिया गया था कि अगर कोई भी शिक्षक विद्यालय में चप्पल पहने मिलते हैं तो इस चप्पल से उनकी ऐसी पिटाई की जाएगी कि वह कभी चप्पल पहनने के लायक नहीं रहेंगे। जिससे पूरा शिक्षक समाज आहत है। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि ऐसे बयान देने से पहले उन्हें हजार बार सोचना चाहिए कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता होते हैं। आकलन सफल सा प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी एवं प्रदेश महासचिव बबलू सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा निदेशक को बयान शोभा नहीं देता। समाज में हर किसी को गौरवपूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। उनके इस बयान से शिक्षकों को मानसिक आघात पहुंचा है।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिला

**मेदिनीनगर।** विधान सभा सत्र के पहले दिन शुक्रवार को झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त पलामू के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार, प्रमंडलीय अध्यक्ष विकेश शुक्ला, तुलसी शुक्ला, महिला नेत्री बिलंगना किंडो, प्रदीप कुमार सिन्हा, महताब उल्ला, यज्ञनारायन कुमार शामिल थे। सतीश कुमार ने उपायुक्त से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर चिन्तित आन्दोलनकारियों को सम्मानित करने का सरकारी निर्देश जारी करने की बात कही।

## एक नजर

### अनियंत्रित मोटरसाइकिल से दो घायल

**गढ़वा।** शहर के मंगल भवन निवासी राकेश गुप्ता एवं सुमित कुमार मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने दोनों को अपने घर ले गए। घटना के संबंध में बताया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से कोरबाडीह की ओर जा रहे थे, इसी दौरान कोरबा दी गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने दोनों को घायल अवस्था में उठाकर गढ़वा सदर अस्पताल लाया।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल




**गढ़वा।** शाहपुर मार्ग पर टंडवा मोहल्ला के पास मोटरसाइकिल व ट्रक के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रंका थाना क्षेत्र के बोरी गांव निवासी अख्तर अंसारी व मतउली गांव निवासी मकबूल अंसारी के नाम शामिल है। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों एक मोटरसाइकिल से अपने घर से लुधियाना जाने के लिए ट्रेन पकड़ने आ रहे थे । इस दौरान टंडवा के पास ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इसके बाद दोनों को घायल अवस्था में छोड़कर ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल अवस्था में उठाकर दोनों को गढ़वा सदर अस्पताल भर्ती कराया।

**25 करोड़ रुपए की लागत से नौ सड़कों का होगा निर्माण, मिली स्वीकृति**

# विकास से विरोधियों का वजूद हो रहा है समाप्त, बढ़ गई है बेचैनी : मिथिलेश

- झारखंड सरकार ने नौ सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से करीब 22 किलोमीटर लंबी नौ सड़कों का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने नौ सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके तहत गढ़वा प्रखंड के ग्राम गांगी खुर्द में गिरिवर पांडेय के घर से बसंत तिवारी के घर तक एक करोड़, 14 लाख, 93 हजार 800 रुपए की लागत से की लागत से 1.200 किलोमीटर सड़क, एनएच 75 चेतना से मस्जिद होते हुए उड़सुगी रेलवे फाटक तक दो करोड़, 62 लाख, 19 हजार 100 रुपए की लागत से 2.670 किमी, मेराल प्रखंड में मंझिआव लिखनियां पीडब्ल्यूडी पथ सिगुल चौधरी के घर से औरैया ग्राम के लिखनिया टोला तक तीन करोड़ 25 लाख 51 हजार 400 रुपए की लागत से 2.9 किमी, रंका प्रखंड में एनएच 343 से झुमेलवा होते हुए इसराफिल अंसारी के घर एनएच 343 तक चार करोड़ 77 लाख 35 हजार 100 रुपए की लागत से 4.3 किमी, डंडा प्रखंड में मोतीहारा बाजार चौक से कोयल नदी पुल तक दो करोड़ 15 लाख 86 हजार 400 रुपए की लागत से 1.6 किमी, डंडा में स्व. शिवशंकर साव के घर से खदिया हरिजन टोला वाया जोगिया भंडारी तक दो करोड़ 60 लाख 100 रुपए की लागत से 2.06 किमी, भिखही मुख्य पथ से कोरियाडीह बस्ती तक एक करोड़ 90 लाख 4100 रुपए की लागत से 1.6 किमी, चिनियां प्रखंड में नकसीली से परसुखांड़ मुख्य पथ पर दो करोड़ 74 लाख 45 हजार 800 रुपए की लागत से 2.4 किमी तथा रमकंडा प्रखंड में रक्सी से ढुलवा सीवान तक तीन करोड़ आठ लाख 69 हजार 400 रुपए की लागत से 2.8 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है कि कौन व्यक्ति विकास विरोधी और कौन जनता का कार्य करने वाला है। ऐसे लोग चाहे जो हथकंडा अपना लें परंतु आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें फिर से मुंहतोड़ जवाब देगी।

**कम समय में गढ़वा में काफी तेज गति से विकसित हो रहा है**

मंत्री ने कहा कि विकास विरोधी लोग जितना ज्यादा विरोध करेंगे गढ़वा के विकास की गति उतनी ही ज्यादा तेज होगी। पूर्व के लोग न तो खुद विकास किए और न ही दूसरे को विकास करने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में गढ़वा में काफी तेज गति से चहुंमुखी विकास हो रहा है। तब विरोधियों की बेचैनी बढ़ गई है। जो लोग अपने कार्यकाल में जनता के साथ छलावा कर टाईम पास करते रहे उन्हें अब विकास में भ्रष्टाचार नजर आ रहा है। उनकी असली बेचैनी तो अपना वजूद समाप्त होने का है।

## गृह रक्षक के सफल अभ्यर्थियों ने मंत्री आवास पर किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गृह रक्षक के सफल अभ्यर्थियों ने ट्रेनिंग की मांग को लेकर एसपी और डीएसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इसके बाद पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि फरवरी महीने में ही उनकी बहाली प्रक्रिया पूरी कर ली गई। बगल के पलामू में गृह रक्षक के सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक जांच करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया के बाद ट्रेनिंग में भेज दिया गया है। लेकिन गढ़वा में पहले मेरिट लिस्ट जारी किया गया। उसके काफी दिन बाद मेडिकल जांच और कागज का सत्यापन किया गया। गढ़वा में अभी भी अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के लिए नहीं भेजा गया है जबकि कुछ ही दिनों में चुनाव प्रक्रिया भी शुरू हो जाएंगे। गृह रक्षों ने कहा कि गढ़वा में सफल ग्रह रक्षों के साथ सिर्फ समय पास किया जा रहा है। सभी ने अभिलंब ट्रेनिंग में भेजने की मांग किया। ढ़वा जिले में सफल 900 गृह रक्षक बहाली प्रक्रिया पूरा करने के बाद भी सड़क पर इधर-उधर घूम रहे हैं। मौके पर रोहित कुमार, रौनक कुमार, अंगद कुमार गुप्ता, रेणु कुमारी, दुर्गावती कुमारी, आरती कुमारी, सुचित्रा टोप्पो, अनीता कुजूर, सोनी कुमारी, जयमाला कुमारी, प्रमिला कुमारी, रुबी कुमारी, सरिता कुमारी, मनीता कुमारी, प्रियंका कुमारी, सीता कुमारी, अंजली कुमारी, अंजू कुमारी, ममता कुमारी सहित बड़ी संख्या में गृह रक्षक उपस्थित थे।



## अभाविप ने नामधारी कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा एस.एस.जे.एस नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डा.विनोद पाठक को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र के माध्यम से महाविद्यालय में विद्यार्थियों के पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था करने,सूचना पट्ट पर समय सारिणी प्रकाशन साथ ही सूचना पट्ट पर विषयवार शिक्षकों की सूची प्रकाशित करने एवं शिक्षकों को विभाग वार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को मांग किया है। महाविद्यालय में विभिन्न काउन्टर एवं विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की टेबल बदली जाए। स्नातक के सभी विषयों में पुनः चांसलर पोर्टल शुरू करने का मांग किया। जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। कालेज में मूलभूत सुविधाएं की कमी है। कॉलेज के दीवार भी जर्जर होने लगे हैं। शिक्षकों कर्मचारियों की कमी के अलावा कई समस्याएं हैं। जिससे छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय की समस्या से संबंधित प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर इसे दूर करने की दिशा में पहल करने को कहा गया है। नगर मंत्री अखिल कुमार ने कहा कि नामांकन के लिए अभी भी विद्यार्थी घूम रहे है, इसलिए चांसलर पोर्टल दोबारा खोलना चाहिए। महाविद्यालय में व्याप्त कमियों को अविलंब दूर नहीं होती है तो हमलोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौपने वालों में सुगंध बघेल, सचिन चौबे, राजा कुमार, सहित कई विद्यार्थी मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व विधायक के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**गढ़वा।** जन सहभागी केंद्र कार्यालय विजय भारती नगर भवन दिपुवा मोहल्ला में शोक सभा की गई। शोक सभा की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि जब से वह संस्था जगत में समाज सेवा के लिए कार्य करते रहें तब तक अपने जीवन काल में अरविन्द तूफानी के पिता स्व. हीरा राम तूफानी ने संस्था जन सहभागी केंद्र को चलाने में आर्थिक, शारीरिक, मानसिक रूप से हमेशा सहयोग प्रदान करते रहे। उनके द्वारा संस्था को खड़ा करने व गढ़वा जिला के गांव गांव में दबे कुचले समाज को आगे बढ़ाने में संस्था को भरपूर सहयोग प्रदान किया है। स्व हीरा राम तूफानी मृदु भाषी व हंसमुख व्यक्तितव वाले व्यक्ति थे। दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शान्ति के लिए इश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में संजय कुमार, लिलावती देवी, विनय राम, बजरंगी राम, मिना दुबे, विकास यादव, सुमंत कुमार, रवि यादव , देवंती देवी, तेजनारायण गौतम आदि उपस्थित थे।

### बसपा का गढ़वा विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक 29 को

**गढ़वा।** बसपा का गढ़वा विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक 29 जुलाई को शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में 11 बजे से होगी। यह जानकारी बसपा के विधानसभा प्रभारी सह विधानसभा प्रत्याशी अजय चौधरी उर्फ अजय मेटल ने दिया। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री यूपी सह केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, रामबाबू चिरगाईया व विशिष्ट अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता व प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह होंगे। उन्होंने विधानसभा के सभी प्रखंडों के सेक्टर पदाधिकारी व कार्यकर्ता को बैठक में शामिल होने की अपील की गई है।

### बिजली चोरी करने वालों चार पर प्राथमिकी

**भवनाथपुर।** बिजली विभाग के कनीय विद्युतअभियंता अमल राय द्वारा अवैध रूप से बिजली बिल बकाया रखने और बिजली चोरी छिपे जलाने के आरोप में चार लोगों पर अर्थ दंड के साथ भवनाथपुर थाना में प्राथमिकी कराई गई है। उनमें बनसानी पंचायत के विजय राम पर 13621,प्रभु राम 12500, मकरी पंचायत के माईधिया निवासी जयनंदन यादव 12321,अवध किशोर यादव 6500 के नाम शामिल है।

### अवैध क्लीनिक,दवा दुकानों, पैथोलॉजी सेंटर के संचालकों पर होगी कारवाई :सीएस

**गढ़वा।** सीएस अशोक कुमार द्वारा अवैध क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटर के विरुद्ध छापेमारी किये जाने की खबर से ही भवनाथपुर में अवैध तरीके से संचालित करने वाले कई अवैध क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटर के दुकानों का शटर धड़ाधड़ बंद हो गया। ऐसे कार्य करने वालों में हड़कंप मच गया। सीएस ने कहा कि बगैर दस्तावेज के क्लीनिक संचालित हो रहा होगा,तो जांचोपरांत संचालक पर कारवाई की जाएगी। उन्होंने क्लीनिक को तत्काल बंद करने की नसीहत दे दी। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जबाब में कहा कि भवनाथपुर के संचालित हो रहे अवैध क्लीनिक,दवा दुकानों में बगैर डॉक्टर के ही इलाज किया जाना और बगैर लाइसेंस के गलत तरीके से संचालित हो रहे पैथोलॉजी सेंटर के संचालकों पर कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य करने वाले संचालक सीधा मरीजों के जान से खिलवाड़ कर रहें है,जिन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जबकि सीएस ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मियों की उपस्थिति पंजी देखी। उन्होंने कर्मियों को समयानुसार कार्य करने की नसीहत दी। मौके पर अस्पताल के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि सीएचसी अंतर्गत आधा दर्जन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम नहीं है, जिससे कार्य कराने में परेशानी हो रही है। सीएस ने पूरे जिला में कर्मियों की कमी की बात कही। उन्होंने कहा इसी व्यवस्था में से एएनएम के बिना खाली पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरंगी और केतार में इस महीने के अंत तक एएनएम की प्रतिनियुक्त की जाएगी। वहीं सीएचसी में बंद पड़े एक्स-रे मशीन को सदर अस्पताल और मझिआंव सीएचसी के साथ ही सारी अड़चनों को दूर करके जल्द ही चालू करने का अश्वासन दिया। मौके पर सीएचसी के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक,लिपिक अरुण लकड़ा,सुनील पटेल,चंद्रशेखर प्रसाद आदि कर्मी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं ने किया प्रदर्शन, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के गढ़वा जिला इकाई के बैनर तले नए समाहरणालय के समक्ष आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने अपने 6 सूत्री मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद उपायुक्त को अपना 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने कहा कि गढ़वा जिला के सभी परियोजना में विभाग द्वारा लापरवाही के कारण 2022 के संकल्प पत्र के अनुसार प्रतिवर्ष जुलाई 2023 से आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का 500 एवं 250 रुपए अतिरिक्त मानदेय में वृद्धि करना था, लेकिन अभी तक नहीं किया गया है, जो सरकार की उदासीन रवैया है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी सेविका सहायिका का अगर मानदेय काट दिया जा रहा है तो उनका परिवार कैसे चलेगा। इसके अलावा ऊपर से आईसीडीएस के अलावा बीएलओ एवं अन्य काम प्रखंड स्तर का कराया जा रहा है। झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की गढ़वा जिला अध्यक्ष कौशल्या देवी ने कहा कि हम सभी का मानदेय काट दिया जा रहा है। सभी का घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा परियोजना की सीडीपीओ लक्ष्मी भारती के कार्यों से सेविका सहायिका में आक्रोश है। अगर उन्हें यहां से नहीं हटाया जाता तो वे लोग आने वाले समय में चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

## सात एकड़ भूमि पर कर लिया कब्जा ग्रामीणों ने की डीसी से शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिल के रमकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत के सबाने गांव के मुंडा परिवार के लोगों की सात एकड़ भूमि पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राज किशोर यादव जबरन कब्जा कर लिया है। मुंडा परिवार के लोगों ने इसकी शिकायत पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी से किया। पूर्व विधायक ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए उपायुक्त से मिलने समाहरणालय पहुंचे। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा से ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए पहल करने की बात कही। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि झारखंड में आदिवासी, गरीब, दलित व शोषित लोग ही सुरक्षित नहीं है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के संरक्षण में असमाजिक तत्व आम-आवाम के साथ गलत कार्य कर रहे हैं। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रमकंडा के सबाने गांव में मुंडा परिवार को मंत्री के ही संरक्षण प्राप्त राज किशोर यादव ने उक्त भूमि पर पहले तालाब का निर्माण कराया। जिसके बाद वह मछली पालन कर खुद ही फायदा ले रहा है। वहीं पूरे सात एकड़ भूमि पर कब्जा जमा लिया है। पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार आदिवासी की हितैशी की बात कहती है और आदिवासी को ही दबाया जा रहा है। गढ़वा-रंका विधान सभा को मंत्री मिथिलेश ठाकुर दिन रात लूटने में लगे हुए हैं। वहीं इनके आदमी भी भोली-भाली जनता को परेशान कर रहे हैं। अंग्रेजो ने गढ़वा व पलामू के लोगों को जितना परेशान नहीं किया होगा। जितना कि मंत्री व उनके लोग कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह सबसे ज्यादा गढ़वा-रंका विधान सभा को चारागाह बनाने में जिम्मेवार हैं।

## परिवर्तन यात्रा के तहत चिनिया प्रखंड के सभी पंचायत में 45 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** पूर्व मंत्री गिरीनाथ सिंह के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के सभी पंचायत में परिवर्तन यात्रा निकाली गई। जहां लोगों का अपार समर्थन गिरीनाथ सिंह को मिला है। परिवर्तन यात्रा के बाद उनके कार्यकर्ताओं द्वारा चिनिया प्रखंड के सभी साथ पंचायतों में 45 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया जा रहा है। मुख्य रूप से परिवर्तन यात्रा को देख रहे सुलतानी सिंह, कैलाश यादव,अताउल्लाह अंसारी, उमेश सिंह, राम लखन यादव, के द्वारा प्रखंड के सभी पंचायत में घूम-घूम कर कमेटी का गठन एवं बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा जा रहा है। वही हेताड़ कला पंचायत में अध्यक्ष संजय शाह, सचिव विजय सिंह, उपाध्यक्ष फनु सिंह रविंद्र साह, सहित अन्य सदस्यों का गठन किया गया ।जबकि महिला मोर्चा में 52 कोर कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष मलोइया देवी, सचिव अमरावती देवी, उपाध्यक्ष कमल पटिया देवी कोषाध्यक्ष शकुंती देवी, संगठन मंत्री लाल मुनी देवी, महामंत्री सुनीता देवी, शहीत अन्य को बनाया गया। तो वहीं बेटा पंचायत में अध्यक्ष राम रतन यादव सचिव राजकुमार सिंह कोषाध्यक्ष मुन्ना कोरवा संगठन मंत्री पीतांबर सिंह महामंत्री विजय सिंह प्रवक्ता चंद्रिका यादव सहित अन्य को बनाया गया। बरवाडीह पंचायत में अध्यक्ष सुरेंद्र कोरवा, सचिन रामनाथ कोरवा, उपाध्यक्ष नारायण भैया कोषाध्यक्ष विकेश कुमार यादव सचिव उमेश भैया संगठन मंत्री सत्येंद्र यादव सदस्य संतोष कुमार सहित अन्य को बनाया गया । पूछे जाने पर पूर्ण मंत्री गिरीनाथ सिंह ने बताया कि परिवर्तन यात्रा में लोगों का अपार समर्थन मिला है यहां की जनताा परिवर्तन चाहती है। आने वाला चुनाव भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा। भ्रष्टाचार चरम पर है। आज भी लोग गरीबी की मार झेल रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण है पलायन। आज भी लोग अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी कर रहे हैं। इसका कारण है यहां के लोगों को उन्हें यहां पर काम नहीं मिल पा रहा है।



## एसएमएस के माध्यम से प्रतिदिन एमडीएम की जानकारी दें शिक्षकः बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा, प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा, केजीबीभी, मध्याह्न भोजन, पीएम पोषण मॉनिटरिंग एवं प्राधिकार समिति से संबंधित बैठक की गई। बैठक में बीपीएम नवीन प्रकाश के द्वारा प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बीडीओ ने विद्यालयों में प्रतिदिन दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन पर विशेष जोर देते हुए मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन का संचालन करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन बनने वाले मध्याह्न भोजन एवं बच्चों की उपस्थिति से संबंधित एसएमएस रिपोर्ट विभाग को प्राथमिकता के आधार पर भेजने को कहा गया। बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अपने क्षेत्र के विद्यालयों में जाकर मध्याह्न भोजन समेत अन्य व्यवस्थाओं की ससमय निगरानी करने का निर्देश दिया गया। विद्यालयों में बच्चों को दिए जाने वाले पोषक एवं कॉपी-किताब के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली गई। बीडीओ ने कहा की प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत बच्चों को उक्त सामग्रियां ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बच्चों का आधार एनरोलमेंट के विषय पर चर्चा करते हुए बीडीओ ने विद्यालयों में कैंप लगाकर प्राथमिकता के आधार पर बर्थ सर्टिफिकेट एवं दिव्यांगता सर्टिफिकेट निर्गत करने का निर्देश दिया। कैंप के आयोजन में बीआरपी, सीआरपी एवं पंचायत सचिव से भी सहयोग लेने की बात कही गई।वही रुआर कार्यक्रम के तहत विद्यालय के पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन पूर्ण करने, प्रोजेक्ट रेल परीक्षा सभी विद्यालयों में सुचारू रूप से संचालित करने, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट का संचालन करने, ज्ञान सेतु आदि कार्यक्रमों का शतप्रतिशत लागू करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा की शिक्षक अपने विद्यालयों में उपस्थित रहे और प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करना सुनिश्चित करें। बैठक में ने केजीबीभी विद्यालय में शिक्षकों की संख्या, पठन-पाठन एवं नामांकन प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बीडीओ ने कहा कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव ना रहे, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं हर मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो, इसी दिशा में हम प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें। इस बैठक में मुख्य रूप से बीआरपी राजेन्द्र गुप्ता प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान,एमडीएम ऑपरेटर सोनू कुमार शिक्षक अमरेश कुमार राम,संयोजिका ललिता देवी अध्यक्ष संजय गुप्ता समेत स्वास्थ्य विभाग,बाल विकास विभाग, आपूर्ति विभाग से संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**परियोजना निदेशक के अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में**

## शिक्षकों ने नंगें पांव किया पठन-पाठन कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारोटेफ के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रान्त सिंह के आह्वान पर झारखण्ड राज्य के समस्त शिक्षकों ने झारखण्ड परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के द्वारा शिक्षकों को लेकर की गई अमर्यादित एवं अशिष्ट टिप्पणी के विरोध में अपने अपने विद्यालयों में खाली पैर (नंगें पांव) रहकर पठन-पाठन का कार्य किया। विदित हो के राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा था की कोई भी शिक्षक यदि विद्यालय में चप्पल पहन कर आते हैं तो हम उसी चप्पल से उसको ऐसा मारेंगे कि वह पहनने लायक नहीं रहेगा। राज्य के शिक्षकों में परियोजना निदेशक के इस अमर्यादित टिप्पणी को लेकर उबाल है और वे माननीय मुख्यमंत्री से इन्हें शिक्षा विभाग से हटाने की मांग कर रहे हैं। इस विषय पर बात करते हुए जिला इकाई गढ़वा के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज का सबसे प्रतिष्ठित वर्ग होता है तथा शैक्षणिक कार्य को बेहतर बनाने के लिए हंटर और गाली गलौज नहीं बल्कि सम्मान और संसाधन चाहिए। एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस प्रकार के अशिष्ट बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती, हम इसका घोर भर्तसना करते हैं। निदेशक महोदय की मंशा क्या है यह तो वही जानते हैं परंतु उनकी भाषा से ऐसा प्रतीत होता है कि वे शिक्षकों को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं और यह मानकर चल रहे हैं कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए वे अकेले जिम्मेदार हैं। शिक्षक राज्य सरकार द्वारा निर्धारित हर एक दिशा निर्देश का अनुपालन करने को तैयार है यदि सरकार द्वारा कोई यूनिफॉर्म निर्धारित की जाती है तथा उसके अनुरूप संसाधन की व्यवस्था की जाती है तो कोई भी शिक्षक हवाई चप्पल पहनकर विद्यालय क्यों जाना चाहेगा। आज के सांकेतिक विरोध से *हम सरकार को यह जताना चाहते हैं कि नंगे पांव रहकर पढ़ना तो संभव है परंतु ऐसे अधिकारियों की अशिष्टता को बर्दाश्त करना संभव नहीं।

## जंगली हाथी ने महिला को कुचला, दर्दनाक मौत

**जान बचाकर भागने के क्रम में हाथी की चपेट में आई महिला**

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनिया।** थाना क्षेत्र के खूरी गांव के टोला नौकीडी में गुरुवार की रात्रि सुबह करीब 4 बजे जंगली हाथी ने एक 55 वर्षीय महिला को पटक कर मार डाला है, जिससे वृद्ध महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। वृद्ध महिला की पहचान खूरी गांव निवासी स्वर्गीय राम जी राम की पत्नी मानती कुंवर उम्र 55 वर्ष के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला अपने खपरैल घर में सोई हुई थी सभी सुबह करीब 4 हाथी पहुंचकर घर को छतिग्रस्त कर रहा था। महिला की नींद टूटी और वह अपनी जान बचाते हुए भागी, लेकिन वह महिला हाथी की चपेट में आ गई। हाथी ने उसे कुचल कर मार डाला, जिससे महिला की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार अपने वन विभाग के कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। चिनिया पुलिस भी पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढवा भेज दिया है। मौके पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार के द्वारा वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर तत्काल मृतका के परिजनों को दाह संस्कार के लिए 10000 दिए गए तथा उन्होंने कहा कि सरकारी प्रावधान के हिसाब से मृतका के परिजनों को विभाग द्वारा चार लाख दिए जाएंगे। जंगली हाथी छत्तीसगढ़ के रास्ते से खुरी गांव में पहुंचा था, जिसे बंडा हाथी के रूप में पहचान की गई है। हाथी की संख्या एक है। महिला की मौत के बाद हाथी जंगल के प्लांटेशन को तोड़ते हुए जो लगभग 15 पिलर को भी तोड़ते हुए व पौधे को नष्ट करते हुए जंगल की ओर भाग गया है। जब तक हाथी क्षेत्र से ना भाग जाए लोग सतर्क रहे हाथी के साथ छेड़छाड़ ना करें । उधर हाथी के आतंक से ग्रामीण परेशान है। लोगों में दहशत है व लोग डरे हुए हैं। लोगों का कहना है कि हाथी बीते 2 वर्षों से थाना क्षेत्र के कई गांव में पहुंचकर लगातार जान माल का नुकसान कर रहा है, लेकिन वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने में नाकाम साबित हुई है।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी-चेटर के बीच पोल संख्या 187/22 के समीप गुरुवार की रात्रि अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अलौदिया पंचायत अंतर्गत सरलाही ग्राम निवासी गेंदवा तुरी की पत्नी भिखनी देवी के रूप हुई। स्थानीय लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिया व अंत्यपरीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। हालांकि खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नही हो पाया था कि वृद्धा ने आत्महत्या की है या फिर दुर्घटना की शिकार हुई है। पुलिस मामले की छानबीन मे जुटी हुई है।

### गुरु दक्षिणा कार्यक्रम 28 को

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आगामी 28 जुलाई की दोपहर 3 बजे बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर दुर्गा मंदिर परिसर में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें संघ से जुड़े कई अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। उनका बौद्धिक संबोधन होगा और गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के महत्व और सनातन धर्म से जुड़े संस्कृति कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। इस अवसर पर संघ से जुड़े सभी स्वयंसेवक, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, गायत्री परिवार के साथ-साथ सभी सनातन धर्म के लोगों से श्री गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में भाग ले और अपनी सहभागिता निभाने की आग्रह की गई है।

### हड्डी से भरी बोरी कुंआ से बरामद,जांच में जुटी प्रशासन

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरूरा गांव निवासी बिलास यादव के कुंआ में हड्डी से भरी तीन बोरी बरामद हुई। मामले में प्रशासन तत्परता दिखाते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है। हड्डी से भरी बोरी को बरामद करते हुए फॉरेंसिक टीम को सौंप दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकता है कि हड्डी किस जानवर का है व कुंआ में क्यों फेंकी गई है। हालांकि पशु चिकित्सक ने पुष्टि की हैं कि हड्डी जानवर का ही हैं। लेकिन फॉरेंसिक जाँच के बाद ही फाईनल होगी कि किस जानवर की हड्डी हैं। इस मामले में थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने ऐसी कोई मामला नहीं होने की बात कही है। प्रतापपुर बीडीओ अजय कुमार दास से संपर्क करने की कोशिश की गई तो फोन रिसीव नहीं किए।

कुड़ू से उदयपुरा फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर रैयतों की बैठक में ग्रामीण बोले-

# सरकार कौड़ियों के भाव खरीदना चाहती है जमीन, किसानों को मिले उचित मुआवजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार मे शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 (पैकेज-1) कुड़ू से उदयपूरा सेक्शन के 59 किमी फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर चंदवा अंचल के अंतर्गत जमीन अधिग्रहण से संबंधित भू धारकों के साथ बैठक की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के प्रतिनिधि विनय कुमार पांडेय, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, भू अर्जन के अमीन अजय कुमार विश्वकर्मा उपस्थित थे। बैठक मे सिकनी, सांसग, एटे, रूद, चिरो, लूकुइया, बोरसीदाग, हुटाप, अमझरिया, लाधूप, टूढाम, पिरदाग, तोरार, बेरगढा, सेन्हा और



नेवाड़ी के करीब सैकड़ो रैयत पहुंचे थे। उपस्थित अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण हेतु भू धारकों से जमीन देने की अपील कर सहयोग की बात कही। बैठक में जमीन के एवज में मुआवजा राशि की घोषणा गांव वार जैसे ही बताना शुरू किया गया तो सारे रैयत इसका विरोध करने लगे और बैठक का बहिष्कार कर दिया।

### रैयतों ने रखी तीन मांगे

रैयतो की ओर से रामयश पाठक ने कहा कि हमारी तीन मांग है। जिसमे हाल सर्वे त्रुटि का निवारण,हमारी जो जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए प्रस्तावित है उसे सुधार के बाद ही उसका अखबार गजट किया जाए। साथ ही मुआवजा का दर रैयतो के सहमति के बाद तय होने के बाद मुआवजा का भुगतान हो। तभी हम सभी जमीन पर कार्य करने देंगे। इन मांगों का सभी रैयतो ने पुरजोर समर्थन किया। गौरतलब हो कि 20 सितम्बर 2023 से 5 अक्टूबर 2023 तक भू अर्जन के द्वारा रैयतो की बैठक बुलाई गई थी। उसमे भी यही तीन मांग के साथ बैठक का बहिष्कार कर दिया गया था। मौके पर सीआई ऋषिदेव कमल,राजस्व कर्मचारी महेश सिंह,राजेन्द्र कुजूर समेत बड़ी संख्या में रैयत मौजूद थे।

बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि सरकार कौड़ियों के भाव खरीदना चाहती है जमीन, किसानों को मिले उचित मुआवजा। इसके बाद वहां मौजूद अधिकारियों ने उनके विरोध का कारण पूछा व रैयतो को अपनी बात कहने को कहा। रैयतो ने मीटिंग हाल से बाहर निकल कर अपनी बात रखने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का चुनाव किया। प्रतिनिधि मंडल मे रामयश पाठक, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, सतेंद्र प्रसाद यादव को चुना गया। इसके बाद पुनः बैठक शुरू हुई।

## डीएमएफटी योजना व अबुआ आवास चयन को लेकर विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत के पंचायत भवनों में शुक्रवार को डीएमएफटी योजना एवं अबुआ आवास के लाभुकों की चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता संबंधित पंचायत के मुखिया ने किया। जबकि संचालन संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव ने किया। ग्राम सभा में डीएमएफटी मद से निर्मित होने वाली विभिन्न योजनाओं का चयन किया गया। जबकि जिला व प्रखंड द्वारा आवंटित अबूआ आवास के लाभुकों का चयन भी किया गया। बताया गया कि चयनित लाभुकों की सूची जल्द प्रखंड कार्यालय को समर्पित कर दी जाएगी। जिसके पश्चात लाभुक अपने-अपने आवास का निर्माण कर सकेंगे। वहीं डीएमएफटी फंड के चयनित योजना की सूची भी प्रखंड व जिला को भेजी जाएगी।प्राथमिकता एवं वरीय क्रमांक के तहत योजना को चयनित करते हुए कार्य किया जाएगा। बताया गया कि चयनित योजनाओं में पीसीसी,पुल पुलिया,चाहरदिवारी सहित अन्य कार्य शामिल है। ग्राम सभा में प्रमुख अनीता यादव,उप प्रमुख प्रीतम यादव,मुखिया सरिता देवी,बेबी देवी,डेगन गंझू,,पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, प्रियंका प्रिया, उज्जवल सिंह,चितरंजन शर्मा सहित ग्रामीण महिला व पुरुष शामिल थे।

### मनरेगा कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय में झारखण्ड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ राज्य इकाई के निर्देश पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर गए मनरेगा कर्मियों ने औचक निरिक्षण किया। मीडिया प्रभारी पंकज शाहदेव ने बताया कि 22 जुलाई से राज्य के मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वावधान में 24 जिलों में नौ सूत्री की मांगों किया गया है। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ वेतनमान व अस्थायीकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। इसमें लातेहार भी शामिल है। इस क्रम में लातेहार होते हुए हेरहंज, बालूमाथ, बारियातू व चंदवा का औचक निरिक्षण करते चल रहे हैं। निरीक्षण में यह पता कर रहे हैं कि कौन कर्मी वहां आ रहे हैं। संघ का मानना है कि नौ सूत्री मांगों पर सरकार और प्रशासन पूरा सहयोग करें। मांग सरकार तक आसानी से पहुंच सके। बारियातू प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण भी किया गया। मौके पर मनोज कुमार पासवान, सच्चिदानंद कुमार, पंकज शाहदेव, राजा राम सिंह, अरुण कुमार, आशीष कुमार, बिनोद राम सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

## अंचल निरीक्षक ऋषिदेव कमल को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार प्रांगण में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अंचल निरीक्षक पद से प्रोन्नत होकर देवघर देवीपुर अंचल के अंचलाधिकारी बने ऋषिदेव कमल एवं चंदवा अंचल में लंबे समय तक सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त हुई अनुसेविका शोभा देवी को विदाई दी गयी। अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने उन्हें पुष्प गुच्छ व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। ततपश्चात प्रखण्ड व अंचल कर्मियों ने बारी-बारी से माला पहनाकर व उपहार प्रदान कर दोनो को सम्मनित किया। मौके पर सीओ जयशंकर पाठक ने कहा कि चंदवा में अंचल निरीक्षक के पद पर रहते हुए ऋषिदेव कमल ने अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। इनका व्यवहार सहकर्मियों एवं अधिकारी के साथ काफी बेहतर रहा व हमेशा सहयोग के भावना से काम किये। चंदवा अंचल को इनकी कमी सदैव खलेगी। वहीं सीओ के पद पर प्रोन्नत हुये ऋषिदेव कमल ने कहा कि चंदवा अंचल में बिताया गया समय मेरे जीवन का बहुमूल्य समय रहा है। यहां काम करने के बाद काफी कुछ सीखने को मिला है। वहीं सेवानिवृत्त अनुसेविका आशा देवी ने कहा कि कार्यकाल के दौरान अधिकारियों एवं सहकर्मियों से मिले स्नेह व सहयोग को कभी नहीं भूल पाउंगी। विदाई समारोह का संचालन जन सेवक लव कुमार पासवान ने किया। मौके पर डुमारो मुखिया सुनीता खलको, राजस्व कर्मचारी महेश सिंह, मुनेश्वर गंझू,तनवीर आलम, राजेन्द्र कुजूर,आफताब आलम, प्रेम एक्का,अमित प्रदीप तिर्की, प्रतिमा एक्का,रामनाथ यादव, सुशील कुमार,कुश कुमार, अमित गुप्ता,रोहित मेहता समेत प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### कारगिल दिवस पर आर्मी जवान को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया



**बालूमाथ।** कारगिल विजय दिवस के 25 वीं वर्षगांठ पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा लातेहार के द्वारा आर्मी के जवान ग्राम झाबर बालूमाथ निवासी जीवन कुमार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश मंत्री पवन पासवान भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति रवि सिंह भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह खेलो इंडिया जिला संयोजक प्रवेश सोनी सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद भाजपा मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता राजेंद्र चावल जितेंद्र प्रसाद गजेंद्र हिमांशु बबलू चौरसिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### यूडीआईडी कार्ड के लिए सीएससी कैंप का आयोजन

**बालूमाथ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कई दिव्यांग छात्र-छात्राओं का निबंधन हुआ। वहीं कान रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ और मनो चिकित्सक ने जांच कर यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए कई छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इस दौरान बाहर से आए कई चिकित्सक के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। बता दें कि कैंप के आयोजन से पूर्व क्षेत्र में लोगों को जानकारी नहीं होने से कई दिव्यांग छात्र-छात्राएं या ग्रामीण इस कैंप में भाग नहीं ले पाए। जिससे यूडीआईडी कार्ड बनाने से वंचित रह गए।

### अधेड़ ने घर में फांसी लगा की आत्महत्या

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड मुख्यालय की पुरनी हेरहंज मोहल्ले में शुक्रवार को एक अधेड़ व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान पुरनी हेरहंज मोहल्ला निवासी जागेश्वर गंजू के 45 वर्षीय पुत्र विजय गंझु उर्फ नानका गंझु के रूप में हुई है। विजय चार भाई में तीसरे नंबर पर था। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत परीक्षण के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक विजय गंझू घर में अकेला रहकर मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। उसकी पत्नी चंदवा में बच्चों के साथ रहती है। उसका एक पुत्र बाहर में मजदूरी का कार्य करने गया है।

### कृषक मित्र के प्रखंड अध्यक्ष बने मनोज यादव

**कुन्दा (चतरा)।** प्रखंड के स्टीक सेंटर भवन में कृषक मित्र संघ गठन को लेकर जिला अध्यक्ष रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कृषक मित्रों की बैठक आयोजित की गई। सर्वसम्मति से मनोज यादव को अध्यक्ष, रामकुमार यादव को सचिव व अनुज कुमार साहु को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की समस्या को लेकर गंभीरता से कार्य करेंगे। प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक किसानों की समस्याअं को रखा जाएगा। बैठक में बरदेव यादव, विजय चौधरी, राजेश महतो, महेश गंझु, सुरेश कुमार यादव, बैजनाथ साव समेत कई अन्य कृषक मित्र उपस्थित थे।

### उदल राम ने सीओ का पदभार ग्रहण किया

**पत्थलगड़ा/चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में अंचला अधिकारी के रूप में शुक्रवार को प्रभार सीओ राहुल देव ने उदल राम को 26 वां सीओ के रुप में पदभार सौंपा। प्रभार सीओ राहुल देव ने नये सीओ को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर प्रेस क्लब चतरा के कार्यकारिणी सदस्य सह जेजेए के जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत राणा, पत्रकार संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, कैलाश दांगी, संजय राणा, कर्मचारी दिनेश्वर दास ने गुलदस्ता देकर अभिवादन किया। श्री राम ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यो को प्रखंड तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## कृष्ण सिंह भाकपा माले के प्रखंड सचिव बने

**बरवाडीह।** भाकपा माले प्रखण्ड कमेटी की बैठक माले के वरीय नेता सह प्रखण्ड कमेटी सदस्य राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में माले के जिला सचिव बिरजू राम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। बैठक में निजी कारणों से अनुपस्थित रहने वाले कमलेश सिंह को प्रखण्ड सचिव से मुक्त करते सर्व सहमति से कृष्णा सिंह को भाकपा माले बरवाडीह का प्रखण्ड सचिव की जिम्मेदारी दी गई। नये सचिव का पद भार लेते हुए कृष्णा सिंह ने कहा कि वह पार्टी में कमेटी और सभी जिला अधिकारियों को विश्वास लेकर काम करेंगे। पार्टी के सिद्धांत और विचारधारा पर चलते हुए गरीब गुरबो की लड़ाई को मजबूती के साथ आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला लूट का अड्डा बन गया है। भष्ट अधिकारियों, बिचौलियों व जन प्रतिनिधियों के मिली भगत से लूट चरम पर है। मनरेगा योजना लूट का भेट चढ़ गया। वर्तमान मे सोशल ऑडिट मनरेगा के लूट मे पर्दा डालने के लिए किया जा रहा है। 27 जुलाई को बरवाडीह मे मनरेगा में सोशल ऑडिट का खोलो पोल लूटेरों पर हल्ला बोल नारा के साथ सोशल ऑडिट का पुतला दहन करते हुए संघर्ष की शुरूआत किया जाएगा। बैठक में राजेंद्र सिंह, लुरुक सिंह, प्रहलाद सिंह, नन्दलाल सिंह, सुदामा राम, नन्दलाल सिंह, किशुन सिंह, रमेश प्रसाद शामिल थे।

## अबुआ आवास को लेकर हुई ग्राम सभा

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** उपायुक्त सह दंडाधिकारी चतरा के निर्देश पर प्रखंड के सिंघानी पंचायत भवन में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सिंघानी पंचायत के मुखिया राधिका देवी व संचालन सिंघानी पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, सेवक श्वेता कुमारी नें किया। ग्राम सभा में अबुआ आवास को लेकर ग्रामीणों को सिंघानी पंचायत सचिव राकेश कुमार ने बताया कि अबुआ आवास वैसे लाभुकों को दिया जाएगा जिसका कच्चा मकान है। पक्का मकान एवं फोर व्हीलर वाहन वाले लाभुको को नहीं दिया जाएगा। अगर जांच के क्रम में गलत पाए जाते है तो वैसे लाभुकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी किया जाएगा। वहीं सिंघानी पंचायत में अबुआ आवास का कोटिवार लिस्ट जारी भी किया गया, एसी, एसटी के लिए 55 , ओबीसी 76 , जेनरल 2, माइनॉरिटी 1 इस प्रकार कुल सिंघानी पंचायत में 134 कोको आवाज का लाभ दिया जाएगा। मौके पर उपस्थित सिंघानी पंचायत के उप मुखिया पूनम देवी, बीटीएम राजीव रमन वार्ड सदस्य रूबी कुमारी, मीना देवी, राजेश कुमार, इसराइल अंसारी के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुक्तिधाम का रास्ता रोका विरोध में तीन घंटे सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** प्रखंड के बसिया ग्राम में शुक्रवार को अमानवीय चेहरा सामने आया। अंतिम संस्कार के लिए शव को मुक्तिधाम ले जाने के लिए कुछ लोगों ने रास्ता रोक दिया। इससे ग्रामीण भड़क कर सड़क पर उतर गए। ग्रामीण शव के साथ बालूमाथ मुरपा मुख्य मार्ग को बसिया मध्य विद्यालय के पास जाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बसिया ग्राम निवासी झरी उरांव के पुत्र धनलाल उरांव का बीमारी के कारण गुरुवार की शाम मौत हो गई थी। उसका अंतिम संस्कार शुक्रवार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाना था। विधि विधान के अनुसार उनके परिजन और स्थानीय ग्रामीण मुक्तिधाम जाने के लिए निकले थे, लेकिन इसके पूर्व रास्ते में ही गैर मजरूआ भूमि को अवैध रूप से स्थानीय ग्रामीण द्वारा उक्त गैर मजरूआ भूमि को बंदोबस्त करा लिए जाने के कारण मुक्ति धाम जाने के रास्ते को उनके द्वारा बंद कर दिया गया। अंतिम संस्कार के लिए जा रहे लोगों को जाने से मना कर देने से स्थानीय ग्रामीण व मृतक के परिजन भड़क गए तथा सड़क जाम कर दी। मुख्य मार्ग करीब 3 घंटे तक जाम होने के कारण दोनों ओर एक किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आम राहगीर के साथ कई भारी वाहन मालिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना बालूमाथ प्रखंड प्रशासन व अंचल अधिकारी को मिली। इस मामले में बालूमाथ अंचल निरीक्षक अनिल कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। वहां पर अंचल निरीक्षक अनिल कुमार ने इस मामले की निंदा कर अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए गैर मजरूआ भूमि का बंदोबस्त करने वाले ग्रामीणों से बात की। कहा कि ऐसी अमानवीय हरकत करने से बंदोबस्ती टूट सकती है। तत्काल मुक्तिधाम जाने के लिए उपस्थित अंचल अमीन को नक्शा काटकर रास्ता के लिए भूमि देने की बात कही। मौके पर बसिया पंचायत क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे। मालूम हो कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सैकड़ो ऐसा मामला है, जहां पर मुक्तिधाम के साथ-साथ सरकारी विद्यालय, अस्पताल, बाजार, आम गैर मजरूआ, खास गैरमजरूआ, आंगनवाड़ी, सड़क, धार्मिक स्थल के साथ-साथ कई सरकारी भूमियों का अतिक्रमण किया गया है, जो जांच का विषय है। अगर इसकी जांच कराई जाए तो हजारों एकड़ भूमि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में मामला प्रकाश में आ सकता है।


NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL
NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under
School Education & Literacy Deapt., Govt. of Jharkhand)

**TENDER INVITING NOTICE**

**Enquiry No- 1725 Dated- 26.07.2024**

Sealed tenders are invited on behalf of Netarhat Residential School, Netarhat from Companies, OEMs, reputed firms, Supplier's, relevant experience under two bids system i.e. Technical Bid & Financial Bid for purchase of furniture for school Guest House at Netarhat Residential School campus situated at Netarhat, District- Latehar.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Purchase of Furniture Items for School Guest House at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand |
| 2. | Scope of Work | Purchase of Furniture Items for School Guest House at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, District- Latehar |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 26.07.2024 at 1 P.M. |
| 5. | Last Date and Time for receipt of Bids | 10.08.2024 at 1.30 P.M |
| 6. | Date of Opening of the Tender | 12.08.2024 at 11:30 A.M (Technical Bid) 12.08.2024 at 11:30 A.M (Financial bid of only those firms who are found eligible in technical bids) |
| 7. | Contact Persons with Details | 1. Santosh kumar (Principal) Contact No- 8294649169 Email id- principal.netarhat@gmail.com |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhat vidyalaya.com

Sd/-
(Santosh kumar)
Principal
Netarhat Residential School Netarhat

PR.NO.330846 Human Resource Developement(24-25):D



झारखण्ड सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग
कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

**E- Tender Notice**

Short Tender Notice No – UDD/HNP/01/2024-25, Dated- 26.07.2024

The Under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procuremet from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का राशि | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/HNP/01/ /2024-25/01 | वार्ड सं०–16 मे पिपरा गांव से कोनहारा आम पेड तक पीसीसी पथ का निर्माण। | 1921360.00 | 1921360 | 38500 | 5000 | 3 माह | 15वें वित्त Untied |
| 2 | UDD/HNP/01/ /2024-25/02 | वार्ड सं0 01 राम मंगल प्रसाद सिन्हा के घर से रा0म0वि0 सतगावां होते हुए बिहार सिवाना तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1749251.00 | 1749250 | 38500 | 5000 | 3 माह | 15वें वित्त Untied |
| 3 | UDD/HNP/01/ /2024-25/03 | वार्ड सं0 10 में देवी स्थान से REO रोड तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2483839.00 | 2483827 | 35000 | 5000 | 3 माह | 15वें वित्त Untied |
| 4 | UDD/HNP/01/ /2024-25/04 | वार्ड सं0 11 में REO रोड अररूआकला से चरकेड़िया तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1175150.00 | 1175150 | 23600 | 5000 | 3 माह | 15वें वित्त Untied |
| 5 | UDD/HNP/01/ /2024-25/05 | वार्ड सं0 11 में यमुना सिंह के घर से बटाने नदी तक R.C.C नाली निर्माण। | 2493600.00 | 2493600 | 49900 | 5000 | 4 माह | 15वें वित्त Untied |
| 6 | UDD/HNP/01/ /2024-25/06 | वार्ड सं0 14 में सुरेश पासवान के घर से ब्रह्म स्थान तक R.C.C नाली निर्माण। | 1288700.00 | 1288693 | 25800 | 5000 | 4 माह | 15वें वित्त Untied |
| 7 | UDD/HNP/01/ /2024-25/07 | वार्ड सं0 09 में उदय कुमार सिंह के घर से लक्ष्मी विश्वकर्मा के घर होते हुए षिव मंदिर मोड़ तक R.C.C नाली निर्माण। | 1292900.00 | 1292900 | 25900 | 5000 | 4 माह | 15वें वित्त Untied |
| 8 | UDD/HNP/01/ /2024-25/08 | वार्ड सं0 09 में बसंत शिक्षक के घर से गुरू कृपा स्कुल तक R.C.C नाली निर्माण। | 1170900.00 | 1170900 | 23500 | 5000 | 4 माह | 15वें वित्त Untied |
| 9 | UDD/HNP/01/ /2024-25/09 | वार्ड सं0 16 में चन्द्रदीप पासवान के घर से जनेश्वर पासवान के घर होते हुए रामजन्म सिंह के घर तक R.C.C नाली निर्माण। | 549700.00 | 549700 | 11000 | 5000 | 4 माह | 15वें वित्त Untied |
| 10 | UDD/HNP/01/ /2024-25/10 | वार्ड सं0– 05 में मुन्ना शर्मा के घर से बालिका उच्च विद्यालय के पीछे से महाविर मंदिर तक पटिया सहित नाली का निर्माण। | 1293300.00 | 1293300 | 25900 | 5000 | 4 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 11 | UDD/HNP/01/ /2024-25/11 | वार्ड सं0– 01 अंसारी बिगहा मस्जिद के सामने से क्यामुदीन अंसारी के घर होते हुए बिहार बॉर्डर तक पटिया सहित नाली का निर्माण। | 1108700.00 | 1108700 | 22200 | 5000 | 4 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 12 | UDD/HNP/01/ /2024-25/12 | वार्ड सं०–11 में रामप्रवेश सिंह के घर से रामस्वरूप पासवान REO रोड तक पी.सी.सी. रोड और आर.सी.सी नाली का निर्माण। | 1459800.00 | 1459800 | 29200 | 5000 | 4 माह | नागरिक सुविधा मद |

Note : Updated estimated cost should be consdered for earnet Money.

2. Period of availability of tenders online date & time bidding on-line last date of seeking clarification of opening of tender papers are as give below:

| Sl.No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date&time of opening bid |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1 | Executive officer. Nagar Panchayat Hariharganj | Officer of Executive officer. Nagar Panchayat Hariharganj | Date- 01.08.2024 Time 10:00 A.M | Date- 14.08.2024 Time 10:00 A.M | Date- 16.08.2024 Time 11:00 A.M |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146 (S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के कम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागु रहेगा।
6. Helpline Number of E- Procurement cell- 6206017735, 9835305521
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department. Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)
Note : . विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्तें को UDHD के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज।

PR 330795 (District) 24-25 (D)

## एक नजर

### शिक्षक संघ ने एसपीडी निदेशक के बयान की निंदा की

**लोहरदगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई लोहरदगा ने एसपीडी निदेशक के उस बयान की घोर भर्त्सना एवम कड़ी शब्दों में निंदा किया है जिसमें उनके द्वारा शिक्षकों को चप्पल पहनने पर उनकी पिटाई करने की बात कही गई है। इस वायरल विडियो में जिस प्रकार की अपमानजनक व शिक्षक की गरिमा के विरुद्ध असंसदीय भाषा का प्रयोग उनके द्वारा किया जा रहा है, वह घोर निंदनीय है। यह दशार्ता है कि राज्य की नौकरशाही शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने पर किस कदर तुली हुई है। अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक 5 अगस्त 24 से राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मुख्यमंत्री निवास के समक्ष आमरण अनशन की घोषणा कर चुकी है। इस आंदोलन में शिक्षकों के अपमान करने वाले अधिकारी को पदमुक्त करने की मांग मुख्यमंत्री से की जायगी। अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में आंदोलनात्मक कार्यक्रम के तहत हम विभिन्न संवर्गों के सभी शिक्षक साथियों से अपील है कि एसपीडी निदेशक को मुंहतोड़ जवाब देने हेतु आज से हम अभी शिक्षक चप्पल पहनकर ही विद्यालय जायेंगे।

# पैदल कांवर यात्रा में शामिल होने का अधिकारियों से आग्रह

## उपायुक्त, एसपी, डीएफओ को दिया गया निमंत्रण पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से देवाकी बाबाधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जहां एक ओर काँवर यात्रियों की सुविधा को लेकर व्यवस्थाओं पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के प्रबुद्ध जनों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी जत्था में शामिल होने को लेकर आमन्त्रित किया जा रहा है। कांवरिया संघ बरवाटोली के द्वारा 05 अगस्त को सुबह 7 बजे बरवाटोली चौक से निकलने वाली 30 किमी की पैदल काँवर यात्रा के उद्घाटन करने को लेकर कांवरिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर कुमार तिर्की से मिला। उनसे ससमय उदघाटन समारोह में उपस्थित होकर कांवरियों का उत्साहवर्धन के लिए अपील की। वहीं जत्था में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रण पत्र भी सौंपा गया।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांवरिया संघ के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू, सचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल और मीडिया प्रभारी राहुल कौशल समेत अन्य शामिल रहे। गणमान्य लोगों को भी पत्र देते हुए यात्रियों के जत्थे में शामिल होकर उनके उत्साह को बढ़ाने की अपील की गई। इसके अलावा जिले के विभिन्न हिंदू संगठनों को भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की।




### डीसी ने खिलाड़ियों व कोच को किया सम्मानित

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शुक्रवार को कुल 09 कराटे खिलाड़ियों और 08 जूडो खिलाड़ियों व कोच को समाहरणालय सभागार में सम्मानित किया गया। इस वर्ष 27 - 30 अप्रैल 2024 तक नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के कराटे टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया था। वहीं जूडो की टीम आगामी 2 से 4 अगस्त 2024 तक रांची में आयोजित होने वाली स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेगी जिसके लिए उपायुक्त द्वारा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया।

## नालियों की सफाई अविलंब नहीं कराई गई, तो नगर परिषद गुमला में तालाबंदी की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला मुख्यालय मेन रोड सहित गुमला नगर परिषद के विभिन्न वार्डो में सफाई नहीं होने के कारण नालियां बजबजा रही है और बरसात के पानी आने से कूड़े कचरो का अंबर सड़कों पर बिखर जाता है। फलस्वरूप सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाता है। फिर भी नगर परिषद गुमला के पदाधिकारी से लेकर कर्मचारी तक कान में तेल डालकर सोए हुए हैं इधर झारखंड पार्टी के नेता खुर्शीद आलम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि नगर परिषद के द्वारा विभिन्न वार्ड के नालियों में कुडे कचरे की साफ सफाई नहीं हो रही है बरसात का मौसम में बारिश होते ही उक्त क्षेत्रों की स्थिति बाद से बत्तर हो सकती है , वार्ड नम्बर 9 के इस्लामपुर चौक से हरिजन स्कूल मोड़ तक की नाली में आधा दूर तक नाली में मिट्टी गिराकर नाली को बंद कर दिया गया है जिसे नगर पालिका के द्वारा साफ नही किया गया है , नाली सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है , उक्त बातें झारखंड पार्टी के नेता खुर्शीद आलम ने एक प्रेस बयान में बताया की अब समस्या यह हो गई है कि सड़क का पानी नाली मे बहाव नही हो पा रहा है



और अंजुमन हॉस्पिटल के उत्तर तरफ के घरों में नाली का पानी घर के अंदर घुस रहा है ,जिससे दस घर के परिवार वाले उक्त गंदगी में रहने को मजबूर हैं उक्त समस्या पर न तो वार्ड पार्षद गंभीर है न ही नगर परिषद गुमला अगर इस गंभीर समस्या का अविलंब निदान नही हुआ तो मामला विकट हो जायेगा और नगर परिषद गुमला को ठेकेदार चला रहे हैं , वार्ड 9 में जब भी सफाई कर्मी नाली सफाई की काम में लगते है उसी बीच नगर परिषद का ठेकेदार जो पंवरिया मोहल्ला में नाली निमार्ण का ठेका लिया है , वह अपने निजी काम में नगर परिषद गुमला के सफाई कर्मियों को ले जाता है, नगर परिषद गुमला को चेतावनी दी जाती है की उक्त मामले का तुरंत निदान करे , नही तो नगर परिषद कार्यालय में ताला बंदी की जायेगी , मोहल्लेवासी इस समस्या को लेकर नगर परिषद गुमला के प्रति अंदर ही अंदर रोष व्याप्त कर रहे है।

## न्यूज बॉक्स

### शहीद अब्दुल हमीद स्मारक परिसर में चला स्वच्छता अभियान



**कुडू/लोहरदगा।** कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित शहीद अब्दुल हमीद स्मारक परिसर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सीओ मधुश्री मिश्रा, बीडीओ प्रवेश साव, उप प्रमुख एनुल अंसारी एवं स्थानीय लोगों ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्मारक परिसर में उगी झाड़ियों एंव घास को हटाया गया और परिसर में जमे कचड़े को घंटों मेहनत से सफाई की। जिसके कारण शहीद स्मारक परिसर की शक्ल ही बदल गई है। स्वच्छता अभियान में वारिश अंसारी, गुड्डू लाल, हलीम अंसारी, सबरेज आलम इत्यादि दर्जनों लोगों ने अत्यंत कर्मठता से भाग लिया। शहीद स्मारक से होकर गुजरने वाले लोगों ने सफाई अभियान के बाद चमक रहे शहीद स्मारक को देखकर अधिकारियों और इसमे शामिल लोगों की खुलकर प्रशंसा की।

### आठ खिलाड़ियों को दी गई विदाई, 9 को किया गया सम्मानित




**कुडू/ लोहरदगा।** राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जिले के अलग अलग प्रखंड से विजेता खिलाड़ियों को जिला उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने जीत की बधाई देते हुए सम्मानित किया है। इनके अलावा तथा जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी तथा बाल कल्याण अधिकारीयों ने भी बधाई दी है। विजेता खिलाडियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमकुम कुमारी ने दो स्वर्ण पदक, सोनिका कुमारी , आंचल कुमारी ने एक एक स्वर्ण एवं निर्मला कुमारी ने रजत पदक, प्रतिभा यादव ने एक स्वर्ण और एक काश्य, सिमरन कुजूर ने एक स्वर्ण और एक रजत, पंकज ठाकुर ने एक स्वर्ण और एक रजत, कशिश कुमारी ने एक रजत और एक काश्य पदक एवं प्राची कुमारी ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किया है। अमित कुमार सिंह ने बताया कि आगामी दो अगस्त को रांची में आयोजित 15 वीं राज्यस्तरीय जुडो प्रतियोगिता में जिले के आठ चयनित खिलाड़ी कोच मुकेश उराव के साथ रवाना होगी।

## किशोरों की समस्या का समाधान करने में सहिया की भूमिका अहम




**लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को के सभागार में स्वास्थ्य विभाग, एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी3) के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सहिया को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरावस्था का महत्व,किशोरों से जुडी समस्या,समाधान सेवा प्रदाता कि भूमिका के विषय पर जानकारी दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा बैठक के माध्यम से किशोरों एवं किशोरियों की समस्या कि पहचान करें आज के किशोर जानकारी के अभाव में कम उम्र में विवाह कर रहें है ,नशा पान में लिप्त हो रहे है और एक जोखिम भरी जिन्दगी जी रहें है आप सभी सहिया इन सभी विषयों में किशोरों को जागरूक करें जिससे किशोर एवं किशोरियां बेहतर जिन्दगी कि ओर बढ़ें । सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार के द्वारा उपस्थित सहिया को किशोरावस्था के महत्व,इनसे जुडी समस्या,चुनौती एवं समाधान, और एक सेवा प्रदाता के रूप में इस समस्या के समाधान में सहिया की क्या भूमिका होगी इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई ।

## लोहरदगा में 25वां कारगिल विजय दिवस मनाया गया

**लोहरदगा।** न्यू नगर भवन लोहरदगा में लोहरदगा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कारगिल विजय दिवस 2024 मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण सम्मिलित हुए। मंच से ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के सीमा क्षेत्र में घुसपैठियों के विरुद्ध की गई यह ऐतिहासिक सफल कार्रवाई को देश हमेशा याद रखेगा। इस युद्ध में भारतीय सबसे कठिन दृश्य से गुजरे हैं और फिर भी अपना गौरव बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भारत देश के पवित्र भूमि को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय वीर सैनिकों को नमन करते हुए श्रद्धांजली दी।

## सरकार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा से जोड़ रही है : राधा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा–लोहरदगा**

सेन्हा प्रखंड स्थित उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा के परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा एक सादे समारोह आयोजन किया गया।

कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा, मध्य विद्यालय अरु तथा बुनियादी विद्यालय सेन्हा में अध्ययनरत 8 वी कक्षा के छात्र छात्राओं के बीच झारखण्ड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो, समाज कल्याण पदाधिकारी त्रिवेनी भगत द्वारा संयुक्त रूप वितरण किया गया। पहले दिन प्रखंड क्षेत्र के तीन विद्यालयों के 151बच्चो का साइकिल वितरण किया गया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की सरकार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही है. उसी निमित दूर से विद्यालय आने के लिये छात्र छात्राओं को साइकिल दे रही है. कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 30 मध्य विद्यालय के 1270 बच्चे बच्चियों को साइकिल वितरण करना है.छात्र छात्रओं को गुणवकता पुर्ण साइकिल दें.जिसे सरकार की योजना सफल हो सके। 20सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा की एक सप्ताह में सभी साइकिल वितरण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें. कोई बच्चा साइकिल प्राप्त करने से वंचित न रहे.वितरण को लेकर विभाग इस पर ध्यान दे।

## शिक्षकों के प्रति अशोभनीय भाषा निंदनीय : झापसा

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सुमन, उपाध्यक्ष मुमताज अहमद,महासचिव प्रेम प्रसाद राणा ने झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक के उस वक्तव्य की निंदा किया है, जिसमें शिक्षकों के प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों के प्रति अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया गया था । संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सुमन ने कहा कि शिक्षक ताउम्र अनुशासन में रहकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करते हैं। परियोजना निदेशक से असंसदीय भाषा की कतई उम्मीद नहीं थी, जबकि अधिकारियों के सारे आदेश का अनुपालन शिक्षक करते हैं।

## भारतीय सैनिकों की वीरगाथा अमर रहेगी : एरोन टोप्पो

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट एरोन टोप्पो ने कहा भारतीय सैनिकों की वीरगाथा अमर रहेगी। जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण का बलिदान दिया। ऐसे महान कारगिल के वीर सपूतों को शत-शत नम।न कारगिल युद्ध गाथा के जीवन चित्रों का वर्णन उन्होंने अपने शब्दों में किया। कहा कि यह युद्ध 3 मई 1999 को शैलीलिंग दर्रा एवं टैगोर हिल में शुरू हुआ ।लगातार 3 महीने के युद्ध के पश्चात 26 जुलाई 1999 को विजय हमें प्राप्त हुआ। इस युद्ध में लगभग 500 सैनिक शहीद हुए इन सैनिकों को शहीद होने के उपरांत कई वीरता पदक से नवाजा गया। इन वीर सपूतों की याद हम प्रतिवर्ष 26 जुलाई को ₹कारगिल विजय दिवस के रूप में करते हैं। इस दिन वीर सैनिकों को सम्मान एवं नमन किया जाता है। विद्यालय परिवार की ओर से श्री टोप्पो को पुष्पगुच्छ एवं शाल प्रदान कर स्वागत किया गया । मौके पर शर्मिष्ठा पाठक द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य सुनीता कुमारी, एवं समस्त भैया बहन उपस्थित रहे।

# पासवा का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह लोहरदगा में होगा आयोजित

## वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू होंगे मुख्य अतिथि




### पासवा के संयोजक रोहित उरांव होंगे समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने अपने लोहरदगा दौरा के दौरान संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द विधानसभा सत्र के बाद अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन एक विशाल छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने जा रही है। जो लोहरदगा का अब तक का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होगा।

उन्होंने बताया कि लोहरदगा जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह बलदेव साहू कॉलेज मल्टीपरपस हॉल लोहरदगा में आयोजित होगा। झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। पासवा के राष्ट्रीय संयोजक रोहित उरांव समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। कार्यक्रम के आयोजन हेतु पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने लोहरदगा जिले के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारीश बिन जमा से मुलाकात किया। विशाल सम्मान समारोह में 10 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। झारखंड बोर्ड, सीबीएसई तथा आईसीएससी के मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों को मोमेंटो तथा मेडल के द्वारा सम्मानित किया जाएगा ताकि उनका मनोबल बढ़कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ा जा सके और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR (WRD)**

3rd Call

Very Short Notice Re inviting e-quotation

Notice No. -WRD-Water Ways Division, Medininagar- QNIT No.-02/2024-25 Date-25.07.2024

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction works from Quarry Owners/Crusher owners/Reputed Manufacturer/authorized dealers/Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of Materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Governemtn of Jharkhand to be used in different Civil Construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 29.07.2024 at 03:00 PM. to 05.08.2024 At 05:00 PM. The quotation will be opened on 07.08.2024 at 04:00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at per with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Medininagar

PR 330806 Water Resource (24-25)_D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ............... दिनांक ................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या 06/2024–25**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम के गोदाम में अनउपयोगी एवं परित्यक्त (खराब) ई0 रिक्शा, पानी टंकी, टैक्टर का डाला, चापाकल सामग्री एवं लोहे की अन्य सामग्री के क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 02.08.2024 को 2:00 बजे अपराह्ण तक मुहर बंद लिफाफे में कोटेशन मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति कोटेशन के साथ आयकर, GSTN, अद्यतन ITR एवं 5000/- रू0 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से जमा करना होगा। उक्त ड्राफ्ट की राशि कोटेशन शुल्क के रूप में जमा होगी जो वापस नहीं किया जाएगा। कोटेशन में लोहे/प्लास्टिक का प्रतिकिलो का दर स्पष्ट अंकित करेंगे। इच्छुक कोटेशनदाता संबंधित परित्यक्त सामग्री का अवलोकन छः मुहान स्थित वाहन यार्ड तथा ई0 रिक्शा चार्जिंग स्टेशन (गाँधी मैदान के निकट) सुबह 6.00 बजे से 10.00 पूर्वाह्ण एवं 2.00 बजे से 4.00 बजे अपराह्ण में किया जा सकता है। सामग्री के विस्तृत विवरणी हेतु श्री मनीश कुमार, कनीय अभियंता मोबाईल नम्बर 8507671338 से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। कोटेशन उसी दिन अपराह्ण 3:00 बजे e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रह सकते है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 330865 District(24-25)#D

## बिजली के संपर्क में आने से किसान की हुई मौत जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया ग्राम में बिजली करंट लगने से किसान की मौत हो गई। जिससे गांव में मातम छाया हुआ है. वहीं बताया जाता है कि किसान अपने घर से खेत के लिए निकला था. कि गांव से बाहर निकलते ही एलटी बिजली के संपर्क में आ गया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर हो गई। वही मृतक का पहचान गया निवासी शनिचारवा उरांव का 26 वर्षीय पुत्र रंथू उराँव के रूप में किया गया है। ग्रामीणों से प्राप्त सूचना के अनुसार रंथू उराँव समय लगभग 11 बजे घर से अपना खेत जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजित कुमार अपने सहयोगी पदाधिकारी एस आई मनीष कुमार एवं दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने के उपरांत अग्रतर कारवाई करते हुए जांच में जुट गये।

# चंद्रजीत सिंह चन्नी का खालिस्तानी समर्थक की पैरवी करना निंदनीय : मनीर उरांव

**नवीन मेल संवददाता। लोहरदगा**

भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने अमृतपाल सिंह जो की खालिस्तानियों का एक बड़ा समर्थक है और जेल में भी बंद है वैसे व्यक्ति के लिए कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब सांसद चरणजीत सिंह चन्नी का खुलेआम लोकसभा में पर भी करना कांग्रेस की विचारधारा को प्रकट करता है। इससे यह पता चलता है कि जब कांग्रेस की सरकार में मुख्यमंत्री होंगे तो इस प्रकार के विचारधारा को कितना ज्यादा संरक्षण मिला होगा। कांग्रेस फिर से वही इतिहास दोहराना चाहती है कि पंजाब में पुनः एक बार एक भिंडरावाला जन्म ले और रहनुमा लोगों का रहनुमा बनकर जनता के बीच जाएं। परंतु कांग्रेस या भूल चुकी है कि आधुनिक युग में कोई भी व्याख्या छुपती नहीं है। वह जन-



जन तक पहुंच जाती है। मशहूर सिंगर मूसे वाला हत्या का कांग्रेस की सरकार में ही हुई और आज वह दोषारोपण भाजपा सरकार पर कर रही है। कांग्रेस न्यायालय को भी नहीं मानती।

कोई व्यक्ति हत्यारा है वह चुनाव जीत जाता है तो क्या उसे घूमने की आजादी मिल जाती है। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्र विरोधी ताकतों को कांग्रेस अपना समर्थन देकर अपने स्वार्थ को साधना चाहती है। चाहे उसके लिए देश का विभाजन ही क्यों न हो जाए।ठीक उसी प्रकार से झारखंड में कांग्रेस के नेता सांसद झूठ परोस रहे हैं , तुष्टीकरण के आधार पर वैसी ताकत को संरक्षण दे रहे हैं जो कि हमारे जनजाति समाज को मूल संस्कृति से अलग कर रहे हैं जो कि बहुत ज्यादा दिन तक चलने वाला नहीं है। इस पर हमारे स्थानीय सांसद को भी विचार रखना चाहिए क्या चंद्रजीत सिंह चन्नी की बातों का वह भी समर्थन करते हैं। ऐसे तो हर बात पर पोस्टर बैनर लेकर लगातार अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं हमें लगता है यह राष्ट्र से जुड़ी मामले हैं इस पर भी अपना विचार स्पष्ट करना चाहिए।

## पिकअप वाहन पलटा कोई हताहत नहीं

**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर थाना क्षेत्र के सिलफड़ी गांव के समीप एक पिकप वाहन संख्या जेएच 07 सी 3940 टर्निंग में अनियंत्रित होकर पलट गई बताया जा रहा है कि वाहन में ड्राइवर को मिलाकर कुल तीन लोग सवार थे हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं लगी है वहीं पिकप ड्राइवर मौके से फरार बताया जा रहा है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खाली पिकप वाहन डुमरी से कटकाही की ओर आ रहा था तभी तीखा मोड़ होने के कारण ड्राइवर अपना संतुलन खो गया जिसके बाद गाड़ी रोड से नीचे उतरकर पलट गई इधर घटना की सूचना पर चैनपुर पुलिस मौके पर पंहुच कर मामले की जानकारी लेते हुए गाड़ी को जेसीबी के द्वारा सीधा कर थाना ले जाया गया। इधर दुर्घटनाग्रस्त पिकप मालिक का नाम डुमरी के नवाडीह चौक का सचिन एक्का बताया जा रहा है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-05/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड सतबरवा में पंचायत घुटुवा के ग्राम सोहड़ी एवं पिंडरा के बीच पीपल पेड़ के सामने कोईली नदी पर पुल निर्माण। | 2,26,69,200.00 | 4,53,500.00 | 10000.00 | 15 माह। |
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड हैदरनगर के कुकही पंचायत के कुकही नदी में गोरिआटा छठ घाट के सामने दहपर पुल निर्माण। | 1,72,27,800.00 | 3,44,600.00 | 10000.00 | 15 माह। |
| 3 | पलामू जिला के पाण्डु प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मुसीखाप में धुनिया नाला पर पुल निर्माण। | 3,67,99,200.00 | 7,36,000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **01.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **01.08.2024** से दिनांक **14.08.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **17.08.2024** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पलामू।

PR 330769 (Rural Development) 24-25 (D)

## गुमला में कार ने वृद्ध को मारी टक्कर, मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो में स्कॉर्पियो ने वृद्ध को कुचला,घटना स्थल पर हुई दर्दनाक मौत एन एच 23 कुसुमबाहा बाजार के पास गुमला की ओर से आ रहे स्कॉर्पियो ने पैदल रोड क्रोस कर बसरहे कुसुमबाहा गांव निवासी गोवर्धन उरांव उम्र लगभग 45 वर्ष को कुचलकर रांची की ओर फरार हो गया ।जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई ।भागने के क्रम में स्कोरपियो का नंबर प्लेट टूट कर गिर गया । जिसका नंबर खल 10 बीजी 3750 है । उक्त स्कॉर्पियो बिहार के जमुई निवासी गोपाल मंगल के नाम पर ।स्कॉर्पियो को बेरो पुलिस ने पकड़ लिया है । घटना के विरोध में दोपहर 3 बजे स्थानीय ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया ।सूचना पर थानेदार कंचन प्रजापति दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने मृतक के परिजनों को तत्काल 10 हजार रुपए अंतिम संस्कार के लिए दिए और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया ।

# धनवार से बाबूलाल चुनाव नहीं लड़ेंगे, तो मैं लड़ूंगा : निरंजन राय

- मैं किसी परिचय का मोहताज नहीं हूं, मैं उस दरबार का बेटा हूं, जहां लोग हाजरी लगाने आते हैं
- निरंजन ने खुद को बताया बाबूलाल मरांडी का सिपाही

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह/तिसरी**



आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के धनवार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने को लेकर संशय बना हुआ है। बाबूलाल मरांडी के चुनाव लड़ने और न लड़ने को लेकर आए दिन कई प्रकार की चचाएं हो रही है। कभी राजधनवार तो कभी संथाल परगना के किसी सुरक्षित सीट से उनके चुनाव लड़ने की बात सामने आ रही है। हालांकि अभी इस पर कुछ कहना काफी जल्दबाजी होगी। बाबूलाल मरांडी के राजधनवार सीट से चुनाव नहीं लड़ने की इसी चर्चा के बीच निरंजन राय कंस्ट्रकशन के संस्थापक सह समाजसेवी निरंजन राय आगामी विधानसभा चुनाव में ताल ठोकने के मूड में दिख रहें हैं।

इसी के मद्देनजर निरंजन राय ने गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पपीलो स्थित अपने फार्महॉउस पर शुक्रवार की दोपहर विधानसभा क्षेत्र की एक सर्वदलीय समीक्षात्मक बैठक बुलाई थी। जिसमें तिसरी, गांवा और राजधनवार प्रखंड के लोग शामिल हुए। बैठक में उपस्थित लोगों से चुनाव में उम्मीदवारी और समर्थन को लेकर मंतव्य लिया गया।

जिसके पश्चात समाजसेवी निरंजन राय ने कहा कि वे किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, वे उस दरबार के बेटे हैं जहाँ लोग दूर - दूर से हाजरी लगाने आते हैं। उन्होंने खुद को बाबूलाल मरांडी का सिपाही बताया है। इसके साथ ही उन्होंने खुले मंच से एलान किया कि यदि बाबूलाल मरांडी धनवार विधानसभा से चुनाव नहीं लड़ते हैं तो वे चुनाव लड़ेंगे। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वे चुनाव किसी पार्टी से या निर्दलीय लड़ेंगे।

# जोर पकड़ने लगा है सीओ और सेविका का मामला

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बीते दिनों धनवार सीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका के साथ अभद्र ब्यवहार व गाली गलौज के मामले को लेकर धनवार के साहू धर्मशाला में शुक्रवार को झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई।

इस बाबत अशोक कुमार सिंह नयन ने कहा कि धनवार के अंचलाधिकारी के विरुद्ध यह निर्णय लिया गया कि बेबी रानी सेविका के विरुद्ध किये गए अमर्यादित ब्यवहार गाली गलोज, प्रताड़ना की घोर निंदा की गई, वही झारखंड सरकार और उपायुक्त महोदय से मांग किया गया कि अविलंब सीओ को बर्खास्त किया जाय ताकि सेविका सहायिका महिला की ऊपर प्रताड़ना व अमर्यादित भाषा का जो प्रयोग किया गया है उसपर कार्यवाई हो साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जबतक धनवार सीओ को बर्खास्त नही किया जाता है या स्थानांतरित नही किया जाता है तबतक अपनी अपनी स्मिता की रक्षा व मान सम्मान की रक्षा के लिए अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए महिलाओं को सेविकाओं को अंचल अधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उनके किसी भी बैठक में भाग नही लेंगे । वही राज्यनिर्वाचन आयोग से भी मांग लिया गया है कि ऐसे पदाधिकारी जो बीएलओ के साथ दुर्भयवहार करते है । उनको निर्वाचन कार्य से मुक्त किया जाय। इन मांगों की प्राप्ति के लिए प्रशासन को सरकार को एक सप्ताह का समय दिया गया है की आगामी 31 जुलाई तक इन मांगों को पूरा नही किया जाता है तो सभी सेविका 5 अगस्त से 10 अगस्त तक काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन करेगी,अगर इसके बावजूद भी सीओ पर कार्यवाई नही हुई तो महासंघ ,संघ का सिस्ट मंडल उपायुक्त गिरिडीह से माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से मिलकर कार्यवाई की मांग करेगी।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR (WRD)

**3rd Call**
**Very Short Notice Re- inviting e-quotation**

Notice No. -WRD-Water Ways Division, Medininagar- QNIT No.-01/2024-25 Date-25.07.2024

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for Hire Charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/Owners/ Lessee for respective items. The Hire charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil Construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in Details of plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of plant and Machineries online from 29.07.2024 At 03:00 PM to 05.08.2024 At 05:00 PM. The quotation will be opened on 07.08.2024 at 04:00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire charges of plant and machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Executive Engineer**
**Water Ways Division,**
**Medininagar**

PR 330808 Water Resource(24-25)#D


## वज्रपात से दो की मौत, डैम के अंदर केज में मछली पकड़ रहे थे दोनों

**सरायकेला।** चांडिल प्रखंड के बोराबिंदा गांव के निकट शुक्रवार की शाम हुई वज्रपात में दो व्यक्ति की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों चांडिल डैम में लगे केज में मछली पकड़ने घुसे थे। कलीराम माझी का चांडिल डैम के बोराबिंदा साइड में अपना केज है। उस केज के मछली को चारा डालने के बाद दोनों जाल से मछली पकड़ रहे थे। इसी बीच वज्रपात हुआ और उसकी चपेट में आकर दोनों की मौके पर मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान बोराबिंदा निवासी 55 वर्षीय कलीराम माझी और 58 वर्षीय बनू माझी के रूप में की गयी है। केज के अंदर वज्रपात से हुए दो व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना मिलने के बाद मत्स्य प्रसार पदाधिकारी राजकुमार तूरी, चांडिल डैम विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष नारायण गोप, सचिव श्यामल मार्डी समेत कई सदस्य तत्काल बोराबिंदा पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस संबंध में डैम समिति के अध्यक्ष नारायण गोप ने बताया कि केज के अंदर पहली बार ऐसी घटना घटी है। वज्रपात की चपेट में आकर दो व्यक्ति की मृत्यु के बाद समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम भी समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे।

## चोरी मामले में एक युवक गिरफ्तार

**चाईबासा।** चक्रधरपुर के भगत सिंह चौक के समीप एक मोबाइल दुकान से हुई चोरी के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चक्रधरपुर के थाना प्रभारी राजीव रंजन के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना में शामिल युवक की गिरफ्तारी की गई। बताया जाता है कि 25 जून की रात भगत सिंह चौक के समीप स्थित प्रमोद कुमार अग्रवाल की दुकान का एसबेस्टस तोड़कर मोबाइल चोरी कर ली गई थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आमदा थाना क्षेत्र के बड़ाबांबो निवासी 19 वर्षीय युवक निर्मल नायक को गिरफ्तार किया। पुलिस के समक्ष युवक ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है।

## कई गांवों में सोलर जलमीनार से सामान चोरी

**चाईबासा ।** चक्रधरपुर प्रखंड की सुदूरवर्ती क्षेत्र होयोहातु पंचायत के कई गांवों में लगे सोलर जल मीनार से सामान की चोरी हो गई है। इससे स्थानीय ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के झरझरा, हाडजोड़ा, माईलपीड़ व बाईडीह गांव में लगे पांच सोलर जलमीनार से अज्ञात चोरों ने तार काटकर सेंसर मशीन चोरी कर ली है। इस कारण टंकी में पानी नहीं चढ़ रहा है। झरझरा हाट बाजार के समीप निवासी जगमोहन तांती ने बताया कि शुक्रवार की सुबह जब गांव की एक महिला पानी लेने के लिए जलमीनार पहुंची, तो देखा कि बोरिंग मशीन में लगा तार काटा हुआ है।

## वशिष्ठ राज ने किया रक्तदान और मानवता का दिया परिचय

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने वशिष्ठ राज से सम्पर्क कर ब्लड बैंक रांची जाकर उनसे ब्लड डोनेट कराया। मरीज के परिजनों ने बताया कि ब्लड बैंक में ब्लड नही होने की वजह से ब्लड उपलब्ध नहीं हो सका। काफी हतास होने के बाद एक परीचित के माध्यम से सुधीर मंगलेश से संपर्क हुआ उन्होंने तुरंत अपने मित्र वशिष्ठ राज को ब्लड बैंक रांची में रक्तदान कर अनजान की जान बचाकर मानवता का परिचय दिया । वशिष्ठ राज ने कहा रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है । वशिष्ठ राज कई बार रक्त दान कर चुके हैं ।वशिष्ठ राज ने यह सुनते ही बिना किसी हिचकिचाहट के रक्तदान करने का फैसला किया। उन्होंने कहा रक्तदान एक महान कार्य है और इसे मानवता की सेवा के रूप में देखा जाना चाहिए।

## गुमला में बिजली विभाग के मिस्त्री पर अवैध उगाही का लगाया आरोप

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में कमोवेश यही स्थिति है परमवीर अल्बर्ट एक्का - जारी प्रखंड के ग्राम परसा में बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया बिजली विभाग के जाकिर मिस्त्री के द्वारा ट्रांसफार्मर खराब कह कर ग्रामीणों से कई बार पैसे का उगाही किया गया। वही तीन बार नया ट्रांसफरमर लगाया गया लेकिन जाकिर मिस्त्री के द्वारा कभी फ्यूज खराब कभी तार शॉट कहकर ग्रामीणों से कई बार पैसा लिया गया। इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने एसडीओ को फोन पर दी लेकिन एसडीओ के द्वारा इस दिशा में पहल नहीं किया गया।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
### (समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)

Email ID - dcpspalamu@gmail.com (Office-06562-299971)

**सूचना**

पलामू जिले में जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित NIC, Palamu में अपलोड किये गये सूची में किसी प्रकार की टंकण त्रुटि के संबंध में आपत्ति से संबंधित दावा/आपत्ति दिनांक 02.07.2024 संध्या 05:00 बजे तक जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू के कार्यालय में लिखित रूप में साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराने से सूचना प्रकाशित की गई थी। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् अभ्यर्थी के द्वारा दिये गये आवेदनों में दावा/आपत्ति में सुधार के पश्चात् जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में संविदा आधारित रिक्त पदों पर प्रारंभिक मेघा सूची NIC, Palamu में अपलोड किया गया है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू।

PR.NO.330881 District(24-25):D



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा
### (जिला सामान्य शाखा)

**आवश्यक सूचना**
विज्ञापन संख्या–01/2024
**गढ़वा जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन**
(आवेदन करने की अंतिम तिथि– 10.08.2024)

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P (S) No-4362/2022 भगवान महतो– बनाम् झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश, W.P (S) No-960/2016 सलन चम्पिया एवं अन्य बनाम् झारखण्ड राज्य में दिनांक–23.07.2018 को पारित आदेश, W.P (S) No-3040/2020 में दिनांक–19.01.2021 को पारित आदेश एवं W.P (S) No-2032/2020 में दिनांक– 23.11.2020 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या–2032, दिनांक–07.04.2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना संख्या– 4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग के पत्र संख्या–अ0स0प0 संख्या–17/कोर्ट केस– 10/2019 522, दिनांक–29.01.2020 के द्वारा प्राप्त निर्देश तथा सरकार के संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्र सं0–3910/दिनांक–27.06.2024 निदेश के आलोक में गढ़वा जिला में ग्रामीण चौकीदार के कुल–94 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| आरक्षण कोटि | कुल रिक्ति |
|---|---|
| अनुसूचित जाति– | शून्य |
| अनुसूचित जनजाति– | 39 |
| पिछड़ा वर्ग– | 14 |
| अत्यन्त पिछड़ा वर्ग– | शून्य |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग– | 06 |
| अनारक्षित– | 35 |
| कुल– | 94 |

उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि– 10.08.2024 है। आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से उपायुक्त, गढ़वा के कार्यालय, जिला सामान्य शाखा (नया समाहरणालय भवन ब्लॉक–सी, कमरा सं0 131) में निर्धारित तिथि तक प्राप्त होना अनिवार्य है। उक्त तिथि के पश्चात् आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवेदन करने एवं नियुक्ति संबंधी विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के Website www.garhwa .nic.in पर देखा जा सकता है तथा प्रपत्र को Download किया जा सकता है।

ह0/–
जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, गढ़वा
–सह–अध्यक्ष, नियुक्ति समिति, गढ़वा।

PR.NO.330860 District(24-25):D



## पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा (झारखण्ड)

**आम सूचना**

पीएम श्री स्कूल,जवाहर नवोदय विद्यालय,चतरा में सत्र 2025–26 हेतु कक्षा–छ:(VI) में प्रवेश हेतु Online आवेदन आमंत्रित है जो कि पूर्णतया: नि:शुल्क है। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगे।

**अभ्यर्थी की मुख्य पात्रता निम्न है:**

01. अभ्यर्थी कक्षा–3 एवं कक्षा–4 किसी सरकारी/सरकारी संहायता प्राप्त अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय से पूरे शैक्षिक सत्र में अध्ययन एवं उतीर्ण किया हो तथा चतरा जिले में शैक्षिक सत्र 2024–25 में कक्षा–5 मे अध्ययनरत् होना अनिवार्य है।
02. अभ्यर्थी कक्षा– 3,4 व 5 में किसी कक्षा में दुहराव नही होना चाहिए।
03. पूर्व में आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी इस सत्र की प्रवेश परीक्षा हेतु पात्र नहीं है।
04. अभ्यर्थी का जन्म 01.05.2013 से 31.07.2015 (दोनो तिथियों सम्मिलित) के मध्य होना चाहिएं।
05. आवेदन करने हेतु नवोदय विद्यालय समिति का ऑनलाइन लिंक– www.navodaya.gov.in है।
06. निर्धारित प्रपत्र को भर कर प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित कर ऑनलाइन लिंक www.navodaya.gov.in पर जाकर उक्त भरे हुए आवेदन पत्र को नि:शुल्क अपलोड कर आवेदन करना होगा।
07. पीएम श्री स्कूल,जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा का वेबसाइट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Chatra/en/home/ पर भी उपलब्ध है आवेदन हेतु लिंक ।

**आवेदन हेतु आवश्यक कागजात:–**

1. अभ्यर्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर (10kb-100kb jpd/jpeg)
2. अभिभावक का हस्ताक्षर (10kb-100kb jpd/jpeg)
3. सक्षम सरकारी अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया आधार एवं आवसीय प्रमाण–पत्र। (10kb-100kb)

**आवेदन भरने की अंतिम तिथि : 16.09.2024** | **परीक्षा की तिथि : 18.01.2025**

प्राचार्य
ज0न0वि, चतरा

PR 330812 School Education and Literacy (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 886/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰, | **शुद्धि–पत्र** | चतरा, दिनांक–26.07.2024

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/32/2023-24/RE-3 के ग्रुप संख्या 01 में वर्णित PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM), Block-Shaligram Narayanpur (Hunterganj) कार्य जिसका PR 329324 (Rural Development) 24-25(D) द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 03 में ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक–19.07.2024 से दिनांक–26.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक–19.07.2024 से दिनांक–31.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक तथा कंडिका क्रमांक 5 में ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 29.07.2024 के अपराह्न 02:00 बजे के स्थान पर 03.08.2024 के अपराह्न 02:00 बजे पढ़ा जाय तथा निविदा में भाग लेने हेतु RDD(RWA), Govt. of Jharkhand in Class-II के निबंधित श्रेणी के अलावे BCD, Govt. of Jharkhand in Class-II श्रेणी का निबंधन भी मान्य होगा।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

PR 330816 Rural Development(24-25)#D



## झारखण्ड सरकार
### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

**लोहरदगा जिला के मत्स्य कृषकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 05रा(वि0), दिनांक–13.06.2024(मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2024–25) द्वारा जिला–लोहरदगा को लघु शीर्ष–796 में 205 एवं लघु शीर्ष–789 में 35 कुल 240 मत्स्य पालको/मत्स्य उत्पादकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य विक्रेताओं/रंगीन मछली पालकों इत्यादि एवं मत्स्य से जुड़े मत्स्य कृषकों के लिये मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र शालीमार, धुर्वा, राँची में राज्यस्तरीय पाँच दिवसीय मत्स्य उत्पादन का प्रशिक्षण कराये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त है। इसके अंतर्गत प्रति प्रशिक्षणार्थी 200/– रु0 प्रति दिन के अनुमानित दर से कुल 1000/– रु0 भुगतान एवं यात्रा के लिये अनुमान्य/वास्तविक व्यय जो कम हो का भुगतान किये जाने का प्रावधान है। आवासन की व्यवस्था मुफ्त है। मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र का पत्रांक–355, दिनांक–29.06.2024 के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित है जो निम्नलिखित है–

| क0 | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षण का स्थान | प्रति सत्र प्रशिक्षणार्थियों की संख्या का लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 23.07.2024 – 27.07.2024 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र शालीमार, धुर्वा, राँची | 30 |
| 2 | 17.08.2024 – 21.08.2024 | | 30 |
| 3 | 17.09.2024 – 21.09.2024 | | 30 |
| 4 | 19.10.2024 – 23.10.2024 | | 30 |
| 5 | 26.11.2024 – 30.11.2024 | | 30 |
| 6 | 20.12.2024 – 24.12.2024 | | 30 |
| 7 | 16.01.2025 – 20.01.2025 | | 30 |
| 8 | 05.02.2025 – 09.02.2025 | | 30 |
| 9 | 06.03.2025 – 10.03.2025 | | 30 |

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हाने के इच्छुक मत्स्य पालको/मत्स्य उत्पादकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य विक्रेताओं/रंगीन मछली पालकों इत्यादि एवं मत्स्य से जुड़े मत्स्य कृषकों से अनुरोध है कि जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से प्रशिक्षण से संबंधित आवेदन प्रपत्र नि:शुल्क प्राप्त कर भरा हुआ आवेदन प्रपत्र कार्यालय में जमा करें। अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य
कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 330857 (Fish) 24-25 (D)



## शपथ पत्र

"मैं, आनन्द तिवारी पिता- अशोक तिवारी ग्राम-बड़कागांव, पो.- रजवाडीह, थाना-सदर मेदिनीनगर, जिला-पलामू, राज्य- झारखंड का निवासी हूं। मैं घोषणा करता हूं कि कुमारी सोनाक्षी मेरी बेटी है। मेरी बेटी संत जेवीयर स्कूल में पढ़ती है। प्रवेश के समय प्रवेश पत्र में मेरी बेटी की जन्म तिथि गलती से 23-06-2009 अंकित हो गयी थी, जो गलत है। मेरी बेटी की जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि 23-07-2010 अंकित है, जो सही है।

**शपथ पत्र संख्या : 5153/ दिनांक : 25/07/2024**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड सं0–02, गढ़वा

**Corrigendum (संशोधन)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/03/2024-25,PR 329289 Rural Development(24-25).D द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक–03 पर अंकित ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–26.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक–30.07.2024 एवं क्रमांक–05 पर अंकित ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–29.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–01.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय। आमंत्रित निविदा के शेष सभी कंडिका यथावत् बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
सं0–02, गढ़वा

PR 330856 Rural Development(24-25)#D



## OFFICE OF DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, PALAMAU

Date:- 26.07.2024.

**2nd Notice regarding vacancy of Member in Permanent Lok Adalat, Palamau**

Application in the prescribed format is invited from persons having adequate experience in public utility services (transport service for the carriage of passengers or goods by air, road or water; or postal telegraph or telephone service; or supply of power, light or water to the public by any establishment; or system of public conservancy or sanitation; or service in hospital or dispensary; or insurance service; or banking service; or education or educational institutions; or housing and real estate services) for filling up the post of Member, PLA of Palamau.

Number of Post:- 01. (One)

Entitlement:- Sitting fee of Rs. 2,000/- per sitting and Rs. 5,000/- conveyance allowance per month.

Period of appointment:- The Member shall hold office for a term of 5 years or till the age of sixty-five years whichever is earlier. Applicant must attach **one recent passport size photograph affixed in application, two self addressed stamped envelope (Rs. 42/- each)** with the application.

Last Date of application: Application addressed to the **Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau, PIN- 822101** must reach by Speed Post/Courier/Registered Post latest by ***21.08.2024 by 05.00 P.M.***

The notice and format of application form are available on the official website of the Civil Courts, Palamau i.e. https://palamu.dcourts.gov.in/ as well as on the Notice Board of D.L.S.A, Palamau.

**Principal District Judge**
**-cum- Chairman, DLSA, Palamau**

**Application for the post of Member, PLA Palamau**

Photo

| | |
|---|---|
| Name of the Applicant | |
| Father's Name | |
| DOB and Age | |
| Address with PIN code. | |
| Contact No. | |
| Email Address | |
| Educational Qualification*enclose copies of educational qualification | |
| Experience, work profile certificate, if any.*enclose copies of experience certificate | |
| Whether convicted in any criminal or any criminal case pending against the candidate (Yes/No) | |

**DECLARATION**

I.........................................................hereby declare that all the contents mentioned above are true and nothing has been concealed by me. If any statement is found incorrect or misleading, my candidature may be canceled.

**Date and Place** | **Signature of applicant and Mobile No.**

PR.NO.330853 District(24-25):D

## संपादकीय

# खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने का समय

खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक 2024 का आज आगाज हुआ जिससे झारखंड भी जुड़ा है । भारत के 117 खिलाड़ी इस वैश्विक टूनामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने सर्वश्रेष्ठ करते हुए सात पदक जीते थे। इस बार भारतीय खिलाड़ियों का लक्ष्य पदकों की संख्या को दोहरे अंक के अधिक सम्माजनक स्थिति पहुंचाना होना चाहिए।यह समय सोशल मीडिया पर तैयारियों की कमियां गिनाने का नहीं बल्कि उन 70 खिलाड़ियों का जो पहली बार ओलंपिक में खेलेंगे सहित 117 खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने का है। 47 भारतीय खिलाड़ी ऐसे हैं, जो एक या उससे अधिक बार ओलंपिक में भाग ले चुके हैं पर सभी को देशवासियों की शुभकामनाओं का इंतजार रहता है क्योंकि वे भारत की प्रतिष्ठा के लिए संघर्ष कर रहे होते हैं । पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर से नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू, लवलीना और पीवी सिंधू से पदक की उम्मीद है।

> बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश अपना अंतिम ओलंपिक खेल रहे हैं

**भारत ने अब तक कुल 35 पदक जीते** : भारत ने अब तक ओलंपिक में कुल 35 पदक जीते हैं। इनमें 10 स्वर्ण, नौ रजत और 16 कांस्य पदक शामिल हैं। 2020 टोक्यो ओलंपिक भारत का अब तक का सबसे ओलंपिक रहा था, जिसमें इस राष्ट्र ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक समेत कुल सात पदक हासिल किए थे। इस बार भारतीय एथलीट अपने देश को दोहरे अंकों में पहुंचाने की कोशिश करेंगे।खिलाड़ियों को चाहे विदेश में अभ्यास करवाना हो या उन्हें सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध करानी हो, किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है और अब परिणाम देना खिलाड़ियों का काम है। लेकिन विश्व का यह खेल प्रदर्शन आसान नहीं होता । भारत की पदक तालिका आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों पर होगी। कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को अपने खेल का स्तर बढ़ाना होगा। बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश अपना अंतिम ओलंपिक खेल रहे हैं। हॉकी टीम की ओलंपिक खेलों से पहले फॉर्म बहुत अच्छी नहीं रही जबकि मुक्केबाजों और पहलवानों को प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने का कम मौका मिला। निशानेबाजों ने भी ओलंपिक से पहले मिश्रित परिणाम हासिल किए।ट्रैक और फील्ड एथलीटों, विशेषकर अविनाश साबले ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अपने वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में उनका प्रदर्शन उन्हें पदक के दावेदारों में शामिल करने के लिए पर्याप्त नहीं लगता है। स्टीपलचेजर साबले लगातार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर कर रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8:09.94 है, लेकिन सात अंतरराष्ट्रीय धावक हैं जिन्होंने उनसे बेहतर समय निकाला है। ऐसे में उनका फाइनल में पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। नीरज भले ही अभी तक 90 मीटर की दूरी तक भाला नहीं फेक पाए हैं लेकिन उन्होंने निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है।

## आकाशवाणी रांची 27 जुलाई स्थापना दिवस

# स्वर्ण युग से व्हाट्सएप्प तक





फिराक गोरखपुरी शेरो-शायरी करते हुए।


प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी देश के पहले जन संवाद कार्यक्रम में


प्रसिद्ध कलाकार सुगिया बहन नाटक में भाग लेती हुयीं

आज की बात


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आकाशवाणी रांची अविभाजित बिहार का दूसरा रेडियो स्टेशन है और झारखंड का शैक्षिक सांस्कृतिक तथा विकास का इतिहास इसके बिना अधूरा है। स्थापना के स्वर्णिम युग से आज के डिजिटल युग में प्रतिस्पर्द्धा और बाजारवाद बढ़ा है पर लोक प्रसारक की अपनी पहचान के साथ आकाषवाणी यहां की संस्कृति और संस्कृतिकर्मियों रचनाकारों तथा ग्रामीण-जनजातीय तथा औद्योगिक-षहरी आम आदमी के सुख-दुख का साथी बना हुआ है। यह आकाशवाणी का रांची केन्द्र हैं सबसे पहले हम अपने श्रोताओं का अभिनंदन करते हैं, हमें प्रसन्नता हो रही है कि हम आपके आकांक्षाओं के अनुरूप स्वस्थ मनोरजंन षिाक्षण और ज्ञानवर्द्धन के लिए प्रसारण प्रारंभ कर रहे हैं। हम इस शुभ अवसर पर आपके सहयोग की कामना करते हैं- 64 साल पहले ठीक 3.30 पर 27 जुलाई 1957 को मेन रोड स्थित वेलफेयर सेंटर हॉल से उद्घोषक किशोर शर्मा ने जब यह पहली ऐतिहासिक उद्घोषणा की थी, तब इतिहास एक करवट ले रहा था।

1867 की स्वतंत्रता की पहली लड़ाई के ठीक 100 साल बाद रांची के लोगों ने इसका दिल खोलकर स्वागत किया था। आकाशवाणी से 16 जुलाई 1957 से जुडे. नारायण प्रसाद जहानाबादी इसे याद करते बताते थे कि उत्साह से ज्यादा मजबूत शब्द भी तब के लोगों की भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाए। सूचना के नाम पर पटना से आनेवाला अखबार शाम 4 बजे से पहले नहीं पहुंच पाता था। देश प्राण के प्रधान संपादक बलबीर दत्त भी प्रत्यक्षदर्षियों में से एक थे। रांची के माहौल को याद करते बताते हैं कि सबसे सस्ता मनोरंजन के साथ स्थानीय बोलियों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को समेटने में आकाशवाणी ने महति भूमिका निभायी। आज के एफ एम के आधुनिक और प्रभावशाली ट्रांसमीटर की तुलना में तब मात्र 250 वाट के अल्प शक्ति मीडियम वेभ ट्रांसमीटर और मात्र एक स्टूडियो से शुरू हुए सफर को याद करते बताते हैं कि स्टूडियो साउंड प्रूफ नहीं थे प्रसारण जीवंत (लाइव) हुआ करते थे पर आकाशवाणी कर्मियों में प्रतिबद्धता बहुत थी। स्व. जहानाबादी बताते थे कि मात्र साढे. चार घंटे के सांयकालीन प्रसारण साढे.5 से साढे.9 तक में सारी चीजें समेटी जाती थी। शार्ट वेभ का ट्रांसमीटर 250 वाट से 3 अप्रैल 1959 को

2 किलोवाट को हो गया। इसी प्रकार 1962 में मीडियम वेभ 5 किलोवाट फिर 10 किलोवाट को हो गया। 6 मार्च 1966 से तीन सभाओं में कुल साढे.नौ घंटे का प्रसारण प्रारंभ हुआ। 27 जुलाई 1957 को पटना आए अद्घोषक किषोर शर्मा और विशेष आमंत्रित श्रोताओं के समक्ष उद्घोषणा करनेवाले सुरेन्द्र मिश्र (बाद में केन्द्र निदेशक बने) उन सुनहरी यादों को जीवन की अविस्मरणीय बताते कहते हैं सहायक केन्द्र निदेषक सत्यप्रकाषश कौषल के कुषल प्रबंधन में सभी लोग शरीर, समय और स्वास्थ्य को भूल गए थे। संभवतः रांची गैर राजधानी नगर में स्थापित होनेवाला पहला केन्द्र था। आकाषवाणी रांची का उद्घाटन तत्कालीन बिहार के मुख्य मंत्री श्री कृष्ण सिंह ने किया था समारोह के अध्यक्ष राज्यपाल डॉ जाकिर हुसैन थे जबकि सूचना एंव प्रसारण राज्य मंत्री बी बी केसकर तथा आकाशवाणी के विकास में महति भूमिका अदा करने वाले महानिदशक जगदीष चन्द्र माथुर विषिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पहला गीत प्रफुल्ल चन्द्र ओझा मुक्त का था। पहली वार्ता बिरहोर आकाशवाणी के सत्यनारायण प्रसाद किरण ने पढ़ी थी। पहला रूपक (फीचर) जगदीष त्रिगुणायत का लिखा था -बांसुरी बज उठीह्व जो उरांव जनजाति की वीरागंना सिनगी दई की रोहतास गढ़ की रक्षा के लिए दिखाए शौर्य पर आधारित था। प्रादेषिक समाचार का प्रसारण संसद में हुयी चचाओं के बाद 27 जुलाई 1975 से प्रारंभ हुआ। पूर्व सहायक समाचार संपादक शषिनाथ मिश्र बताते थे कि पहले 5 मिनट का फिर 10 मिनट का प्रसारण 6.20 शाम को होता था। संध्या 7:30 पर प्रसारित पटना के प्रादेशिक समाचार में हो रही एकरूपता को ध्यान में रखकर प्रातः 8:30 बजे पांच मिनट के बुलेटिन का रांची से प्रसारण 25 जून 1981 से प्रारंभ हुआ जो बाद में 10 मिनट का होने लगा। झारखंड की स्थापना 15 नवंबर 2000 से संध्या 7 बजे से प्रादेषिक समाचार का प्रसारण हआ। 7:10 से 7:15 के बीच 24 जिलों की चिट्ठी तथा 7:15 से 7:20 विधान सभा के सत्रकाल में विधान सभा की कार्यवाही की समीक्षा प्रसारित की जाती है।

1961 से औधोगिक जगत को ध्यान में रखकर शुरू किया गया श्रमिक लोक 6:10 को शाम में होता था जिसे बिरसा भाई और सोनिया बहन नाम से दो कलाकारों ने शुरू किया था। तबसे इसके लोकप्रिय संकेत धुन को नहीं बदला गया है।

1964 से स्थानीय बोलियों में प्रसारण हुआ था। अभी नौ भाषाओं में प्रसारण होता है जिनकी यू जी सी से मान्यता प्राप्त पढ़ाई रांची विष्वविद्यालय में होती है। लोक भाषा कवि गोष्ठी तथा रूपकों के माध्यम से भारतीय संग्राम से लेकर स्वास्थ्य, सामाजिक कुरीतियों तथा ढोइसागढ़, खुखरा, पलामू का किला, नवरतन गढ़ सभी को प्रारंभकाल में ही विषय बनाया गया। मंगल तथा शुक्रवार को देहाती रेडियो गोष्ठी में सांस्कृतिक पहलुओं की जुलाई 61 तक चर्चा होती रही। स्थापना काल से ही सर्वाधिक लोकप्रिय रहा ह्यदेहाती दुनियाह्य जो बाद में अर्द्धशहरी श्रोताओं को ध्यान में रखकर ह्यहंमारी दुनियाह्य हो गया। भगत भाई, (किशोर सिंह), पाहन भाई (जूलियसदत्त तिग्गा) मैनो बहन (एसेनसिया खेस) तथा 1965 से सुगिया बहन (रोजलिन लकड़ा) फिल्मी कलाकरों की तरह प्रसिद्ध थे। जहानाबादी जी के अनुसार जूलियस तिग्गा आदिवासी महासभा के तथा झारखंड आंदोलन के अग्रणी रह चुके हैं। ग्रामीण सभा के लोगों ने तब के बांसुरी वादक खुषरू राम, षिबू भाई, झमन भाई, जस्टिन एक्का तथा हपनाथ महली ने मिलकर आकाषवाणी लोकगीत पार्टी बनायी थी जिसके गीत आज भी कर्णप्रिय हैं। बद्री भाई, संतु भाई तथा सुमी बहन ग्रामीण कार्यक्रम तथा 1 मई से शुरू हुए किसान वाणी कार्यक्रम प्रस्तुत करते थे। आकाशवाणी के लोग संगीत, संगीत, संस्कृत, उर्दू, बुजुर्गो के लिए, बाल सभा (6 मार्च 1966 से साप्ताहिक पूर्व में पाक्षिक ) घर संसार (अब गृह लक्ष्मी) परिवार कल्याण एकांष (चिकित्सा एंव अन्य) विष्वविद्यालयों के लिए तथा हिन्दी वात्र्ता ने अनेक कलाकारों को प्रेरित तथा संपोशित किया है। एफ एम ट्रांसमीटर पर विविध भारती का प्रसारण 1999 से शुरू हुआ इसके पूर्व 1967 से मीडियम वेभ पर होता था। वर्तमान में 100 किलोवाट के शक्तिशाली स्टीरियोफोनिक ट्रांसमीटर से लाखों श्रोता जुड़े हैं जो चिट्ठियां के अलावा एसएमएस से जुड़े हैं व्हाट्सएप्प से इन्होंने अंतरराष्ट्रीय ग्रुप बना रखे हैं जिसमें यहां के कार्यक्रमों की रिकॉर्डिंग साझा करते हैं।


## देश की बात

# देश में बढ़ रही कुतर्क की राजनीति



सुरेश हिन्दुस्तानी

राजनीति में सकारात्मक दिशा के अभाव में देश को जो नुकसान उठाना पड़ता है, वह भले ही प्रत्यक्ष रूप में दिखाई नहीं दे, लेकिन उससे समाज पर प्रभाव अवश्य ही होता है। अगर यह प्रभाव नकारात्मक चिंतन की धारा के प्रवाह को गति देने वाला होगा तो देश को भी अपने अस्तित्व के लिए जूझना पड़ता है। वर्तमान में जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, उसे भटकाव पैदा करने वाली राजनीति कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इतना ही नहीं, जो विषय राजनीति के नहीं होने चाहिए, उनको भी राजनीतिक दल राजनीति के दल दल में ले जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार के किसी भी निर्णय का अपने हिसाब से परिभाषित करना राजनीति का प्रिय विषय बनता जा रहा है। इससे प्रायः मूल विषय बहुत पीछे छूट जाता है और बहस कहीं और चली जाती है। आज के राजनीतिक वातावरण का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि सभी राजनीतिक दलों के अपने अपने एजेंडे हैं। कोई भी किसी दूसरे की बात को ऐसे तर्क देकर उसका प्रक्षालन करते हैं, जैसे केवल उनकी ही बात सही है और बाकी सब गलत बयानी कर रहे हैं। हालांकि यह बात सही है कि कमी सभी जगह होती है, लेकिन कुछ अच्छे काम भी होते हैं, आज इन अच्छे कामों की चर्चा कहीं भी नहीं हो रही है। सब एक दूसरे की गलतियां निकालने में ही राजनीति का मुख्य उद्देश्य बनता जा रहा है। यह राजनीति की सकारात्मक दिशा तो कतई नहीं मानी जा सकती। हाँ्न इसे नकारात्मक राजनीति अवश्य कहा जा सकता है। ऐसी राजनीति आम जनता में भटकाव पैदा करती है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि जो जनता सरकार के विरोध का विचार रखती है, वह विपक्ष की हर बात को सही मानकर ही व्यवहार करेगी और जो विपक्ष की बातों पर भरोसा नहीं करती, उसे सत्ता पक्ष की बात मानने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वास्तव में ऐसी राजनीति के बजाय देश हित की राजनीति करने की ओर सभी दलों को आगे आना चाहिए। लेकिन आज के वातावरण में ऐसा होना संभव नहीं लगता। क्या यह सही नहीं है कि देश में भाजपा के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी है, लेकिन विपक्ष इस बहुमत वाली सरकार को पराजित सरकार कहकर लोकतंत्र का मजाक उड़ा रहा है।

## फेसबुक वॉल से




## X से




## अलग बात

# आर्थिक विकास को गति देगा आम बजट


प्रह्लाद सबनानी

हाल ही में लोकसभा के लिए सम्पन्न हुए चुनाव में भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंपी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। भारत की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने 23 जुलाई 2024 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट भारतीय संसद में पेश किया है। इस बजट के माध्यम से भारत की आर्थिक विकास दर को उच्च स्तर पर ले जाने का प्रयास किया गया है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 9 प्राथमिकताएं तय की है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ाना, युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करना एवं उनके कौशल को विकसित करना, गरीब नागरिकों को भी विकास में हिस्सेदारी देना एवं उन्हें सामाजिक न्याय देना, विनिर्माण इकाईयों को बढ़ावा देना, शहरी क्षेत्रों को विकसित करना, ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना, आधारभूत ढांचा विकसित करना, नवाचार, शोध एवं विकास करना तथा नई पीढ़ी के सुधार कार्यक्रमों को लागू करना। केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों द्वारा पूंजीगत खर्चों में लगातार की जा रही वृद्धि के चलते भारत की आर्थिक विकास दर को पंख लगते दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें 33 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि करते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2024-45 के लिए इसे और आगे बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में न केवल स्थिरता दिखाई देने लगी है बल्कि यह लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही है। आज पूरे विश्व में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रही है। बजट का गहराई से अध्ययन करने पर ध्यान में आता है कि केंद्र सरकार ने अब भारत में रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने की ठान ली है। भारत के युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं कौशल विकसित करने की दृष्टि से 2 लाख करोड़ रुपए की 5 योजनाओं के एक पैकेज की घोषणा की है। शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए की राशि इस बजट में आबंटित भी कर दी गई है।


बोधि वृक्ष

> देश के कुछ हिस्सों में पूवार्नुमान से कहीं अधिक वर्षा ने आफत मचा रखी है, जबकि कुछ हिस्सों के किसान पानी के लिए तरस रहे हैं। सामान्य से अधिक या सामान्य से कम, दोनों ही स्थितियां चिंता पैदा करने वाली हैं।

# बारिश का बदलता मिजाज डराने वाला है

भारतीय मौसम विभाग ने इस साल के मानसून में सामान्य से छह प्रतिशत अधिक वर्षा का पूवार्नुमान जारी किया है। सरसरी तौर पर देखें, ?तो इस मानसून में छह फीसदी अधिक वर्षा की स्थिति सामान्य लग रही है। लेकिन मौसम विभाग के आंकड़ों पर ही गहराई से चिंतन करें, तो स्थिति कतई सामान्य नहीं है। देश के कुछ हिस्सों में पूवार्नुमान से कहीं अधिक वर्षा ने आफत मचा रखी है, जबकि कुछ हिस्सों के किसान पानी के लिए तरस रहे हैं। सामान्य से अधिक या सामान्य से कम, दोनों ही स्थितियां चिंता पैदा करने वाली हैं। मौसम विभाग सहित विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों के अध्ययनों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा का पैटर्न निरंतर बदल रहा है, जिससे न केवल खेतीबाड़ी पर, बल्कि देश की आर्थिकी, स्वास्थ्य और बढ़ती दैवी आपदाओं के कारण जनधन की सुरक्षा पर भी असर पड़ रहा है। मौसम विभाग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस साल के मानसून में एक जून से लेकर 21 जुलाई तक देश के 244 जिलों में सामान्य वर्षा हुई, जबकि 241 जिलों में सामान्य से कम। 42 जिलों में सामान्य से बहुत कम और 76 जिलों में सामान्य से अत्यधिक कम वर्षा दर्ज हुई है। 121 जिलों में सामान्य से थोड़ी अधिक वर्षा हुई है। उत्तर प्रदेश के पांच जिलों में अतिवृष्टि, नौ में सामान्य से अधिक, 27 में सामान्य, तो 27 जिलों में सामान्य से कम और छह जिलों में जबर्दस्त सूखे जैसी स्थिति है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में सामान्य से 49 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भी क्रमशः 46 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की भारी कमी है और ऐसा ही उत्तर प्रदेश में 34 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है।



## पर्यावरण की बात

# क्या 2035 तक भारत रहने लायक नहीं रहेगा?


रीचर्ड महापात्रा

भारत और मध्य अफ्रीका के ज्यादातर भूभाग में तेजी से बढ़ता हुआ तापमान मनुष्य की सहनशक्ति के पार जा रहा है। करीब 3 अरब लोग सहारा रेगिस्तान में ऐसी ही जलवायु वाली स्थितियों में रह रहे हैं। वहीं, इस पृथ्वी पर भविष्य में जीवन फल-फूल पाएगा या नहीं, इसका पूवार्नुमान लगाने के लिए अब भविष्यवक्ताओं की आवश्यकता नहीं है। जलवायु वैज्ञानिक रोजाना अप्रत्याशित ग्लोबल वार्मिंग के कारण होने वाले जलवायु आपातकाल को लेकर चेतावनियां जारी कर रहे हैं। संभवतः 100,000 साल पहले एक बेहद अलग जलवायु युग में इस तरह का अनुभव किया गया था। अभी हम मध्य होलीसीन युग में रह रहे हैं, जो 11,700 वर्ष पहले शुरू हुआ था। वहीं, करीब 6 हजार साल से मनुष्य और ग्रह का संबद्ध वातावरण - एक उपयुक्त तापमान व्यवस्था में बसा और समृद्ध हुआ है। इस अवधि के दौरान विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में रहने वाले मनुष्य कमोबेश समान तापमान स्थितियों में रहे हैं। अगर एक तरह से कहें तो हमें कभी भी किसी अन्य तापमान बैंड में जीवित रहने का अनुभव नहीं था, लेकिन यह बदलने वाला है और हमारी अपेक्षाओं से कहीं ज्यादा तेजी से। सवाल उठता है : मान लीजिए अगर तापमान वृद्धि वर्तमान बैंड को पार कर जाती है तब भी क्या यह ग्रह रहने के लिए उपयुक्त होगा?हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने एक बिल्कुल अलहदा आकलन जारी किया है जो निकट भविष्य की कल्पना करने की कोशिश करता है। यूएनईपी की इस रिपोर्ट का नाम ₹नेविगेटिंग न्यू होराइजन्स₹ है। यह आकलन वर्तमान वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर ग्रहों के स्वास्थ्य और मानव कल्याण के निकट भविष्य में एक गहन अन्वेषण है, जिसमें विभिन्न खतरों को रैंक करने के लिए एक सर्वेक्षण भी शामिल है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

यूपी सरकार के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक जारी

# कांवर मार्ग के दुकानदारों को नहीं लगानी होगी नामपट्टिका

**नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों द्वारा कांवर मार्ग पर स्थित दुकानदारों को नामपट्टिका लगाने के आदेश पर अंतरिम रोक जारी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के हलफनामे के बाद भी आदेश पर रोक जारी रखी है। इससे पहले उत्तर प्रदेश (यूपी) सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया, जिसमें सरकार ने कांवर यात्रा के दौरान दुकानों पर नामपट्टिका लगाने के अपने आदेश का बचाव किया। यूपी सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि उसके दिशा-निर्देश कांवर यात्रा के शांतिपूर्ण समापन और पारदर्शिता कायम करने के लिए उद्देश्य से दिए गए थे।**

## यूपी सरकार ने बताया, क्यों जारी किया था निर्देश

उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि निर्देश के पीछे का उद्देश्य कांवर यात्रा के दौरान पारदर्शिता कायम करना और यात्रा के दौरान उपभोक्ताओं/कांवरियों को उनके द्वारा खाए जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी देना था। ये निर्देश कांवरियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर दिए गए, ताकि वे गलती से कुछ ऐसा न खाएं, जो उनकी आस्थाओं के खिलाफ हो। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि राज्य सरकार ने खाद्य विक्रेताओं के व्यापार या व्यवसाय पर कोई प्रतिबंध या निषेध नहीं लगाया है (मांसाहारी भोजन बेचने पर प्रतिबंध को छोड़कर), और वे अपना व्यवसाय सामान्य रूप से करने के लिए स्वतंत्र हैं। मालिकों के नाम और पहचान प्रदर्शित करने की आवश्यकता पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कांवरियों के बीच किसी भी संभावित भ्रम से बचने के लिए एक अतिरिक्त उपाय मात्र है।



## कहा- शिकायतों के बाद दिए गए थे निर्देश

सरकार ने अपने बयान में कहा कि कांवर यात्रा एक कठिन यात्रा है, जिसमें कुछ कांवरिए, जो डाक कांवर लाते हैं, कांवर को अपने कंधों पर रखने के बाद आराम के लिए भी नहीं रुकते। कांवर यात्रा की कुछ पवित्र विशेषताएं होती हैं, जैसे कि पवित्र गंगाजल से भरे कांवर को जमीन पर नहीं रखना होता और न ही गूलर के पड़े की छाया में। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि कांवरिए कई वर्षों की तैयारी के बाद यात्रा पर निकलते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि नामपट्टिका से संबंधित आदेश कांवरियों की शिकायतों के बाद दिए गए थे, जिसमें कांवरियों ने यात्रा के दौरान परोसे जाने वाले भोजन की पवित्रता पर चिंता जताई थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने लगाई थी आदेश पर रोक**

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवर यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली दुकानदारों को दुकान पर नामपट्टिका (नेमप्लेट) लगाने और मोबाइल नंबर लिखने के दिशा निर्देश जारी किए थे। सरकार के इन दिशा-निर्देशों की खूब आलोचना हुई। सरकार के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हुई, जिन पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगा दी थी।

# सुलतानपुर कोर्ट में मानहानि केस में राहुल गांधी ने दर्ज कराया बयान

**एजेंसी। सुलतानपुर**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मानहानि मामले में सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए। मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी। कांग्रेस सांसद के खिलाफ यहां गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी के मामले में मुकदमा चल रहा है। बता दें, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के विरुद्ध पांच साल पहले विशेष न्यायालय में परिवाद दायर किया था, जिसमें मुकदमा चलाया जा रहा है। परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय के मुताबिक, परिवाद में आरोप है कि 15 जुलाई 2018 को पार्टी कार्यकर्ता अनिरुद्ध शुक्ल व दिनेश कुमार ने अपने मोबाइल पर एक वीडियो क्लिप दिखाया था। इसमें राहुल गांधी अमित शाह को हत्यारा कह रहे थे। उनका यह बयान जस्टिस लोया की मृत्यु से संबंधित था, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शाह को क्लीन चिट दे दी गई थी। परिवादी व दो गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर राहुल गांधी को विशेष मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने आईपीसी की धारा 500 के तहत सुनवाई के लिए तलब किया तो उन्होंने 20 फरवरी को न्यायालय में पेश होकर जमानत करा ली थी।



# 14 साल में मोदी जी देश और नीतीश जी बिहार बसा दिए : राबड़ी देवी

**पटना। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी इन दिनों सुर्खियों में हैं। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के द्वारा उनपर की गयी टिप्पणी के विरोध में राजद कुनबा उतरा है और सदन के अंदर और बाहर भी इसे लेकर विरोध जताया गया है। इधर, राबड़ी देवी के मुंहबोले भाई सह राजद नेता सुनील सिंह की विधान परिषद की सदस्यता खत्म कर दी गयी।**

## काली पट्टी बांधकर आए राजद के सदस्य

राबड़ी देवी ने विधानमंडल परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जतायी। सरकार के रवैये पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि हमलोग काली पट्टी लगाकर आए हैं क्योंकि इतिहास को बदला जा रहा है। भाजपा और जदयू वाले नयी परंपरा शुरू कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ी ये देखेगी। राबड़ी देवी ने कहा कि नरेंद्र मोदी कहते हैं कांग्रेस ने 70 साल में कुछ नहीं किया तो क्या मोदी जी 14 साल में ही देश बसा दिए। नीतीश कुमार क्या अपने ही कार्यकाल में बिहार बसा दिए। हमलोग ऐसी परंपरा का विरोध करते हैं। वहीं भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को उन्होंने बधाई दी और कहा कि वो अच्छे आदमी हैं।



## रोहिणी आचार्य ने माफी मांगने की मांग की

इधर, सारण लोक सभा से इंडिया एलायंस की पूर्व प्रत्याशी डॉ रोहिणी आचार्य ने जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा बिहार की पहली महिला मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पर की गई अभद्र टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताया है। उन्होंने ललन सिंह और जदयू के शीर्ष नेतृत्व से माफी मांगने की मांग की है। उक्त जानकारी डॉ। रोहिणी के हवाले से जिला प्रवक्ता हरेलाल यादव ने बयान जारी कर दी। उन्होंने कहा कि जदयू को खुले मंच से बिहार की प्रथम महिला मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से माफी मांगनी चाहिए। अन्यथा विपक्ष को सदन के अंदर और बाहर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## सरकार पर इतिहास बदलने का आरोप


**मीडिया से बातचीत के दौरान राबड़ी देवी ने एनडीए सरकार को जमकर घेरा। इतिहास बदलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कटाक्ष भी किया और पूछा कि अगर पहले की सरकार ने कुछ काम नहीं किया तो क्या 14 साल में ही नरेंद्र मोदी ने देश और नीतीश कुमार ने बिहार को बसा दिया।**

## पटरी पर गिरे पेड़ से टकराई यात्री ट्रेन लोको पायलट घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक यात्री ट्रेन शुक्रवार तड़केपटरी पर गिरे पेड़ से टकरा गई, जिससे उसका इंजन बेपटरी हो गया और लोको पायलट को हल्की चोट आई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कांकेर में एक यात्री ट्रेन गुदुम और भानुप्रतापपुर गांव के बीच पटरी पर गिरे पेड़ से टकरा गई, जिससे उसके इंजन के सामने के दो पहिये पटरी से उतर गए और लोको पायलट को हल्की चोट आई। अधिकारियों के मुताबिक, घटना के समय ट्रेन में कोई भी यात्री सवार नहीं था। उन्होंने बताया कि दल्लीराजहरा से अंतागढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन तड़के 3.25 बजे दल्लीराजहरा से रवाना हुई थी और जब वह गुदुम से भानुप्रतापपुर गांव के बीच पहुंची, तब पटरी पर गिरे एक पेड़ से टकरा गई। अधिकारियों के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के बाद रेल विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे, जबकि एक बचाव ट्रेन भी घटनास्थल के लिए रवाना की गई। उन्होंने बताया कि रेल विभाग ने पटरी पर गिरे पेड़ को हटा दिया है और मार्ग पर ट्रेन परिचालन बहाल कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में लोको पायलट को हल्की चोट पहुंची है और उसे प्राथमिक उपचार के बाद आराम की सलाह दी गई है।

# रक्षामंत्री राजनाथ ने कारगिल के रणबांकुरों के पराक्रम को याद किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार सुबह 1999 के इस युद्ध में सैनिकों के बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, " आज कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर हम उन बहादुर सैनिकों की अदम्य भावना और साहस को याद करते हैं जो 1999 के युद्ध में बहादुरी से लड़े थे। उनकी अटूट प्रतिबद्धता, वीरता और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। उनकी सेवा और बलिदान हर भारतीय और हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।" उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना ने कारगिल की लड़ाई में पाकिस्तान के छक्के छुड़ाते हुए 26 जुलाई 1999 को विजय प्राप्त की थी। यह युद्ध करीब दो माह लड़ा गया। प्रारम्भ में इसे पाकिस्तान की घुसपैठ माना गया, लेकिन नियंत्रण रेखा में खोज अभियान के बाद पाकिस्तान की नियोजित रणनीति का खुलासा हुआ। भारतीय सेना को अहसास हुआ कि हमले की योजना बड़े पैमाने पर की गई है।



## राष्ट्रपति मुर्मू ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कारगिल दिवस की रजत जयंती पर आज भारतीय सेना के रणबांकुरों के शौर्य और पराक्रम का स्मरण किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, " कारगिल विजय दिवस हमारे सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और असाधारण पराक्रम के प्रति कृतज्ञ राष्ट्र द्वारा सम्मान प्रकट करने का अवसर है।

## भाजपा ने कारगिल के अमर शहीदों को किया नमन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आज भारतीय सेना के अमर जवानों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा ने कहा है कि सैनिकों ने भारत माता की आन और तिरंगे की शान की खातिर अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया। भाजपा ने एक्स हैंडल पर लिखा है।

## 'देश सेवा के लिए प्रेरणा प्रदान करता रहेगा'

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेंट्रल कमांड, कैंट, लखनऊ स्थित 'स्मृतिका' युद्ध स्मारक जाकर कारगिल युद्ध के महानायकों, माँ भारती के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि "मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों का अदम्य साहस और अतुलनीय बलिदान देश सेवा के लिए सदा प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।सीएम योगी ने कहा कि 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद राज्य सरकार के नियमों में संशोधन करते हुए हम लोगों ने कुछ व्यवस्थाएं लागू की थीं। आज हम इसलिए अपनी प्रगति के मार्ग को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र है।

# आज का राशिफल

**मेष** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृषभ** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**सिंह** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे।

**तुला** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार -विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचें। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें, अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करें।

**धनु** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**मकर** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मीन** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी।

## पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालय में छात्रा पर चाकू से हमला

**मालदा।** पश्चिम बंगाल में मालदा जिले के एक विश्वविद्यालय में गुरुवार को एक व्यक्ति ने एक स्नातकोत्तर छात्रा पर चाकू से हमला किया और फिर उसने उसी चाकू से खुदकुशी करने की कोशिश की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दोनों को गंभीर स्थिति में मालदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि गौर बंगा विश्वविद्यालय के एक पूर्व छात्र ने गणित विभाग में दूसरे सेमेस्टर की छात्रा के गले पर विभाग के बाहर चाकू से हमला किया।

# भाजपा ने बदले राजस्थान और बिहार के प्रदेश अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को बिहार और राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी ने डॉ. दिलीप जायसवाल, सदस्य विधान परिषद, को भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मदन राठौड़, सांसद, राज्य सभा को भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इसके अलावा भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने छह राज्यों में प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। इनमें डॉ. हरीश द्विवेदी को असम का प्रभारी, सांसद अतुल गर्ग को चंडीगढ़ का प्रभारी और अरविंद मेनन को लक्ष्यदीप का प्रभारी नियुक्त किया है। इसी तरह सांसद डॉ राधामोहन दास अग्रवाल को राजस्थान का प्रभारी एवं विजया रहाटकर को सह प्रभारी बनाया गया है जबकि अरविंद मेनन को तमिलनाडु का प्रभारी एवं सुधाकर रेड्डी को सह-प्रभारी तथा डॉ. राज दीप रॉय को त्रिपुरा प्रभारी का जिम्मा सौंपा है।

*छह राज्यों में प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति*

## वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात झा का निधन

**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का शुक्रवार सुबह निधन हो गया है। वह मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और लम्बे समय तक पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे थे, उन्हें संगठन ने राज्यसभा सदस्य भी चुना था। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सुबह पांच बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर के बाद पार्टी में शोक की लहर है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने भी उनके निधन पर शोक जताया है। उनके बेटे अयत्न ने निधन की जानकारी देते हुए कहा कि अंतिम संस्कार ग्वालियर या पैतृक गांव कोरियाही, सीतामढ़ी (बिहार) में होगा।

# केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली के वाईफाई के पासवर्ड बन गए हैं : अखिलेश

**एजेंसी। लखनऊ**


इन दिनों यूपी सरकार में चल रही सियासी रार को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में बात करते हुए कहा कि बीजेपी में झगड़ा दो नेताओं के बीच नहीं, बल्कि दिल्ली और लखनऊ के बीच है, जिसमें केशव प्रसाद मौर्य सिर्फ मोहरा हैं। सुन रहे है मौर्या जी दिल्ली के वाईफाई के पासवर्ड बन गए है। बता दें कि अखिलेश यादव ने राज्यसभा सांसद और सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल को इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इकलौती ऐसी पार्टी है, जिसके नाम मे संविधान के समाजवाद शब्द आता है। उन्होंने बलिया वसूली मामला पर बात करते हुए कहा कि जब हम विपक्ष में रहकर सवाल उठाते थे तो प्रदेश सरकार हमको कहती थी कि करप्शन को लेकर जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है, आंकड़े लेकर आते थे, दावा करते थे, लेकिन जिस तरह हम सुन रहे है कि उनके अपने नेता विधायक ही कह रहे है कि उन्होंने अपने जीवन काल मे ऐसा भ्रष्टाचार नही देखा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निफ्टी ऑलटाइम हाई पर बंद

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र काफी मुनाफे वाला रहा। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। दिन के दारौन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सूचकांक निफ्टी ने 24,861 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। कारोबारी सत्र में सेंसेक्स का 80,013 से लेकर 81,427 और निफ्टी का 24,410 से लेकर 24,861 का रेंज था। सेंसेक्स 1,292 अंक या 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,332 और निफ्टी 428 अंक या 1.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,834 पर बंद हुआ। छोटे और मझोले शेयरों में भी जोरदार तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,026 अंक या 1.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,786 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 180 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,854 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स के साथ करीब सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। भारती एयरटेल, विप्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंफोसिस, सन फार्मा, एचसीएल टेक और एमएंडएम टॉप गेनर्स थे। केवल नेस्ले इंडिया का शेयर ही लाल निशान में बंद हुआ है। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ सलाहकार रूपक दे का कहना है कि निफ्टी में आज डाउनसाइड कंसोलिडेशन से ब्रेकआउट देखने को मिला है। निफ्टी ने ऑल-टाइम हाई भी लगाया है, जो कि इंडेक्स की मजबूती को दिखाता है। 24,500 के ऊपर रहने तक निफ्टी में तेजी का ट्रेंड बना रहेगा।



## एंजेल टैक्स हटने से भारतीय स्टार्टअप के लिए फंडिंग पाना होगा आसान : एक्सपट्‌र्स

**नई दिल्ली।** एंजेल टैक्स समाप्त होने से विदेशी निवेशकों से टैक्स का बोझ हट जाएगा और इससे भारतीय स्टार्टअप के लिए फंड्स का सूखा खत्म हो जाएगा। इंडस्ट्री एक्सपट्‌र्स की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की ओर से भी कहा गया है कि एंजेल टैक्स के हटने से फंड्स की पाइपलाइन में सुधार होगा। 2023 में भारत में प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल इन्वेस्टमेंट्स 39 अरब डॉलर था, जो 2022 में 62 अरब डॉलर था। बता दें, एंजेल टैक्स, सरकार द्वारा विदेशी निवेशकों पर लगाया जाता है।

# भारत के ऑटो कंपोनेंट सेक्टर में वर्ष 2024-25 में दिखेगी तेजी : इंडस्ट्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मजबूत आर्थिक संकेतों, अनुकूल सरकारी नीतियों और भारत की जीडीपी के 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने के कारण चालू वित्त वर्ष में ऑटो कंपोनेंट सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। इंडस्ट्री की ओर से यह जानकारी दी गई है। उत्पादन में बढ़ोतरी, निर्यात में बढ़त और बाजार में मजबूत मांग के चलते ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री का टर्नओवर वित्त वर्ष 24 में 74.1 अरब डॉलर था, जो कि अब तक का उच्चतम स्तर है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) की ओर से कहा गया है कि वाहनों के उत्पादन में बढ़ोतरी और कंपोनेंट सेक्टर में मूल्य संवर्धन के कारण वृद्धि देखने को मिली है। वाहन इंडस्ट्री में लगातार हो रही वृद्धि के कारण कंपोनेंट इंडस्ट्री का प्रदर्शन ज्यादातर कैटेगरी में महामारी के पहले के स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बाद भी इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष 24 में सालाना आधार पर 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर और व्यापारिक लाभ हासिल किया है। एसीएमए ने कहा कि ऑटो कंपोनेंट का बाजार पिछले वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत बढ़कर 11.3 अरब डॉलर हो गया है। एसीएमए के डायरेक्टर जनरल विनी मेहता ने कहा कि घरेलू बाजार में ओईएम को भेजे जाने वाले कंपोनेंट की आपूर्ति 8.9 प्रतिशत बढ़कर 5.18 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है।



# विलुप्त होते गिद्ध और इंसानी मौतों का कनेक्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में गिद्धों की संख्या बीते कुछ सालों में बहुत तेजी से कम होते हुए ये पक्षी तकरीबन खत्म हो चुके है। एक समय था जब भारत में गिद्ध बड़ी संख्या में और सर्वव्यापी पक्षी के तौर पर जाना जाता था। गिद्ध मवेशियों के शवों की तलाश में कूडे. के ढेर के आसपास मंडराते रहते थे। करीब तीन दशक पहले बीमार गायों के इलाज के लिए दी जाने वाली दवा डाइक्लोफेनाक की वजह से भारत में गिद्ध मरने लगे। देश में तेजी से गिद्ध घटे और 1990 के दशक के मध्य तक 5 करोड़ गिद्धों की आबादी डाइक्लोफेनाक के चलते खत्म होने के कगार पर आ गई। इसने इंसानों में नई बीमारी और मौतों को बढ़ा दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, गिद्धों की जानलेवा बनी ये दवा एक सस्ता गैर-स्टेरायडल दर्द निवारक है। ये दवा जिन पशुओं को दी गई, उनके शवों को खाने वाले पक्षियों की किडनी फेल हो गई और वे मर गए।

*इस पक्षी का ना होना बना 5 लाख मौतों की वजह*

# भारत में आईफोन उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी का असर है कि आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल-जून में बढ़कर 3.8 अरब डॉलर हो गया है। बता दें, सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम लाई गई है। इससे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा बूस्ट मिला है। इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में एप्पल का निर्यात अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इसकी वजह वैश्विक कंपनियों द्वारा 'चीन+1' की रणनीति अपनाना है। दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी की ओर से वित्त वर्ष 24 में 8 अरब डॉलर की बिक्री भारत में की गई थी। इसमें सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी। कंपनी की बिक्री बढ़ने की वजह दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन मार्केट में प्रीमियम फोन के चलन में बढ़ोतरी होना है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि आईफोन की शिपमेंट में इस वर्ष 20 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है।



# पेरिस ओलंपिक 2024 शानदार उद्घाटन



## पेरिस 2024 : महिला फुटबॉल ग्रुप मैच में फ्रांस ने कोलंबिया को हराया



**पेरिस।** फ्रांस ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक में अपने पहले महिला फुटबॉल ग्रुप मैच में कोलंबिया को 3-2 से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। मैंच में मेजबान फ्रांस ने तेज शुरूआत की और छठे ही मिनट में मैरी-एंटोइनेट काटोटो ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। केन्जा डाली ने 18वें मिनट में एक लंबे शॉट से गोल कर फ्रांस को 2-0 की बढ़त दिला दी। 42वें मिनट में काटोटो ने एक बार फिर गोल कर फ्रांस को 3-0 से आगे कर दिया। ब्रेक के बाद कोलंबिया ने वापसी की और 54वें मिनट में कैटालिना उस्मे ने पेनल्टी किक के जरिए गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। फिर 64वें मिनट में मैनुएला पावी ने कोलंबिया के लिए दूसरा गोल किया और स्कोर ने 3-2 कर दिया। हालांकि मेजबान टीम ने फिर से एकजुटता दिखाई और अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखी।

## पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे जोकोविच नडाल और अल्काराज



**पेरिस।** नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरूआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है। उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा। नडाल एकल में अपना पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। अगर वह यह मैच जीत जाते हैं और जोकोविच शनिवार को मैथ्यू एबडेन को हरा देते हैं तो फिर यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी दूसरे दौर में एक दूसरे के आमने सामने होंगे। नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं।

# कीवी चैलेंज के लिए तैयार भारतीय पुरुष हॉकी टीम

## 2024 ओलंपिक में आज न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत

**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस 2024 ओलंपिक में शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए तैयार है। \

दो सप्ताह से कुछ अधिक समय पहले यूरोप पहुंचने के बाद, भारतीय टीम स्विट्जरलैंड में 3 दिवसीय मानसिक अनुकूलन शिविर से गुजरी है, इसके बाद टीम ने अपने पहले पूल बी मैच से पहले मलेशिया, नीदरलैंड, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ उच्च-ऑक्टेन अभ्यास मैच खेले हैं। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ समूहीकृत भारत को अच्छी शुरूआत करने की जरूरत है। कप्तान ने कहा, पेरिस पहुंचने से पहले हमारे पास वास्तव में कुछ अच्छे अभ्यास मैच थे और स्विट्जरलैंड में एक इकाई के रूप में अनुभव कुछ अनोखा था, जो हमने अतीत में किया था, वैसा कुछ भी नहीं। हम अपना अभियान शुरू करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छी जगह पर हैं। हरमनप्रीत ने कहा, यहां खेल गांव में माहौल बेहद अच्छा है। हमारे भारतीय दल के एथलीटों से मिलना और यह देखना कि हमारे अपने दल के भीतर हमें कितना समर्थन है, काफी अभिभूत करने वाला रहा है और यह हमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए और अधिक प्रेरित करता है। विशेष रूप से न्यूजीलैंड के बारे में कप्तान ने कहा, हमने हमेशा न्यूजीलैंड को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा है और हमने अपनी टीम ब्रीफ के दौरान इस टीम के बारे में विस्तार से चर्चा की है। हम जानते हैं कि हम किसी भी समय गति नहीं छोड़ सकते हैं खेल में हमारे लिए अच्छी शुरूआत करना और पूरे खेल में दबाव बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

## भारतीय महिला मुक्केबाजों की राह चुनौतीपूर्ण

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) को शनिवार से नॉर्थ पेरिस एरेना में शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक की मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में अनुकूल ड्रॉ मिला है, जबकि अन्य भारतीय मुक्केबाजों को कठिन ड्रॉ मिला है। विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) को पदक के करीब पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पूर्व विश्व रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) के लिए चुनौती कठिन हो सकती है। निशांत को बाई मिली है और वह अपने पहले मुकाबले में इक्वाडोर के रोड्रिग्ज टेनोरियो से भिड़ेंगे।



दो ओलंपिक खेलों में दो पदक जीत चुकी हैं सिंधु

## लगातार तीसरा पदक जीतने उतरेंगी

**एजेंसी। पेरिस**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी जबकि पीवी सिंधु लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी।

सिंधु ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा। जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेगी। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य से भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

इन दोनों ने भी पदक को अपना लक्ष्य बनाया है। इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे।

भारत के एकल खिलाड़ियों का ओलंपिक से पहले प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा लेकिन पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया। इस साल वह चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने दो खिताब जीते हैं। सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई है। उन्हें इंडोनेशिया के मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दिआंतो, जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सेडेल तथा फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबार के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।

# गंभीर भारत के मुख्य कोच के रूप में नए विचारों के साथ आएंगे : रवि शास्त्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि जब राष्ट्रीय पुरुष टीम शनिवार को पल्लेकेले में श्रीलंका का सफेद गेंद का दौरा शुरू करेगी तो गौतम गंभीर उनके लिए नए विचार लेकर आएंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भारत के नए मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होने से पहले, गंभीर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर के रूप में आईपीएल 2024 जीता।

वह समसामयिक है, आईपीएल में उसका सीजन बहुत अच्छा रहा है। मुझे लगता है कि वह सही उम्र है जहां वह युवा है, वह नए विचारों के साथ आएगा। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, और हम गौतम के बारे में जानते हैं, वह खरी बात कहने वाला व्यक्ति है। उसके पास अपने विचार भी होंगे। और उसके लिए अच्छी बात यह है कि उसके पास एक परिपक्व टीम है। उसके पास एक स्थापित टीम है, एक परिपक्व टीम है। मुझे लगता है कि भले ही आप सोच सकते हैं कि आप परिपक्व हैं, आपको कुछ नए विचारों से फायदा हो सकता है, इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा।" भारत की 1983 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य शास्त्री ने गंभीर के शीर्ष पद पर अच्छा प्रदर्शन करने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर, एक कोच के रूप में खिलाड़ी प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह कैसे आगे बढ़ता है। मुझे लगता है कि उसके पास उपकरण हैं, उसे काम के लिए सामान मिल गया है और उसके पास अनुभव है।

### मैंने अलग-अलग कप्तानों से काफी कुछ सीखा है : सूर्यकुमार यादव

**पालेकल।** भारतीय टी20 टीम के नवनियुक्त कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने मैदान पर नेतृत्व करने का पूरा लुत्फ उठाया है तथा पिछले कई वर्षों में अलग-अलग कप्तानों की अगुवाई में खेलते हुए उन्होंने काफी कुछ सीखा है। भारतीय टीम के विश्व चैंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उनकी जगह सूर्यकुमार को कप्तान ने किया गया। उन्हें हार्दिक पांड्या पर प्राथमिकता दी गई जिन्हें पहले टी20 टीम की कप्तानी का दावेदार माना जा रहा था।

### इंग्लैंड की टेस्ट टीम में कमबैक के इंतजार में जॉनी बेयरस्टो

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही तीन मैचों की घरेलू सीरीज के लिए टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम के लिए फिर से रेड-बॉल क्रिकेट खेलने का सपना नहीं छोड़ा है। सीरीज के लिए बाहर किए जाने के बावजूद, 34 वर्षीय खिलाड़ी टेस्ट टीम में वापसी के लिए उत्सुक हैं। मई 2022 में ब्रैंडन मैकुलम की मुख्य कोच के रूप में नियुक्ति के बाद से वह इंग्लैंड की रेड-बॉल टीम का अहम हिस्सा बने हुए थे। बेयरस्टो की अनुपस्थिति में, इंग्लैंड ने सीरीज के लिए विकेटकीपर जेमी स्मिथ को चुना और उन्होंने लॉर्ड्स में डेब्यू टेस्ट पारी में 70 रन बनाए। उन्होंने पूरी सीरीज के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में अपना स्थान बरकरार रखा क्योंकि मेजबान टीम ने एजबेस्टन में सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट में कोई बदलाव नहीं किया।

## प्लेयर ऑफ द मैच रहीं भारत की रेणुका सिंह ठाकुर

# बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदकर भारत 9वीं बार फाइनल में

**55** रनों की विस्फोटक पारी मंधाना ने खेली

**एजेंसी। दांबुला**

रेणुका सिंह ठाकुर और राधा यादव के 3-3 विकेटों के बाद उप-कप्तान स्मृति मंधाना की नाबाद 55 रन की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी से भारत ने बांग्लादेश को एकतरफा अंदाज में शुक्रवार को 10 विकेट से रौंदकर महिला एशिया कप के खिताबी मुकाबले में 9वीं बार प्रवेश कर लिया।

भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर सीमित करने के बाद 11 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 83 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। भारत का फाइनल में आज शाम पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से रविवार को मुकाबला होगा।



शानदार फॉर्म में चल रही मंधाना ने शेफाली वर्मा के साथ 11 ओवर में 83 रन की मैच वजयी अविजित साझेदारी की। मंधाना ने मात्र 39 गेंदों में नाबाद 55 रन में 9 चौके और 1 छक्का लगाया, जबकि शेफाली ने 28 गेंदों पर नाबाद 26 रन में 2 चौके लगाए। भारत ने यह मुकाबला 54 गेंद शेष रहते ही जीत लिया। मंधाना ने 11वें ओवर में नाहिदा अख्तर पर लगातार तीन चौके मारकर मैच समाप्त किया।

इससे पहले दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में इस मुकाबले में बांग्लादेश महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उसके इस फैसले को गलत साबित करते हुए भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 80 रनों पर ही सीमित कर दिया।

इस मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच भारत की रेणुका सिंह ठाकुर ने चार ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट लेकर बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को ऐसा झकझोरा कि फिर वह वापसी नहीं कर पायी।

### पंजाब एफसी ने क्रोएशियाई मिडफील्डर फिलिप को किया साइन



**मोहाली।** पंजाब एफसी ने क्रोएशियाई मिडफील्डर फिलिप मर्जलिजाक के साथ आज अनुबंध की घोषणा की है, जो आगामी 2024-25 सीजन से पहले उनकी पहली विदेशी साइनिंग है। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने आखिरी बार क्रोएशियाई टॉप-फ़्लाइट क्लब, एचएनके गोरसिया के लिए प्रदर्शन किया था। 31 वर्षीय खिलाड़ी का जन्म जागरेब में हुआ था और वह मुख्य रूप से एक रक्षात्मक मिडफील्डर के रूप में खेलते हैं।

## वेंकटेश अय्यर लंकाशायर के लिए वनडे कप और दो काउंटी मैच खेलेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर लंकाशायर के लिए इस साल का वनडे कप और दो काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलेंगे। लंकाशायर क्लब द्वारा जारी एक प्रेस रिलीज में वेंकटेश ने कहा, ₹मैं इंग्लैंड में पहली बार काउंटी क्रिकेट खेलने को लेकर उत्साहित हूं। लंकाशायर एक ऐतिहासिक क्लब है और यहां पर भारतीय खिलाड़ियों का अपना इतिहास रहा है। फारूख इंजीनियर, सौरव गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण और हाल ही में वॉशिंगटन सुंदर लाल गुलाब की जर्सी में खेले हैं और मैं उस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहूंगा।" वेंकटेश ने कहा,इंग्लैंड की परिस्थितियों में लाल और सफेद दोनों गेंदों से अपने कौशल को परखने से मेरे खेल को बहुत लाभ होगा। मैं उम्मीद करता हूं कि मैं अपने खेल से प्रशंसकों का मनोरंजन कर सकूंगा और दोनों फॉर्मैट में अपनी टीम को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करूंगा।'



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

ब्रीफ न्यूज

## कमला हैरिस ने किया गाजा में युद्ध विराम का आह्वान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार कमला हैरिस ने विदेश नीति पर अपनी पहली टिप्पणी की। उपराष्ट्रपति हैरिस ने गुरुवार को इजरायल से युद्ध विराम समझौते पर सहमत होने का आह्वान किया। हैरिस ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, "आइए इस समझौते को पूरा करें ताकि हम युद्ध विराम लागू कर सकें । बंधकों को घर वापस लाएं, और फिलिस्तीनी लोगों को राहत प्रदान करें। नेतन्याहू अमेरिका की यात्रा पर हैं। किसी विदेशी नेता की व्हाइट हाउस यात्रा के बाद उपराष्ट्रपति द्वारा पत्रकारों को इस तरह संबोधित करना असामान्य बात है।

## बढ़ती गर्मी पर गुटेरेस ने जताई चिंता, कदम उठाने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** इस सप्ताह लगातार तीन दिनों तक ग्लोबल तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बीच संयुक्त राष्ट्र



महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने जीवन बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जरूरी कदम उठाने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, "अरबों लोग भीषण गर्मी की महामारी का सामना कर रहे हैं, जो दुनिया भर में 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर के तापमान के साथ घातक गर्मी से झुलस रहे हैं। यह 122 डिग्री फारेनहाइट है।

## भारतीय मूल के व्यक्ति पर 10 लाख डॉलर की लॉटरी टिकट चोरी का आरोप

**न्यूयॉर्क।** एक भारतीय मूल के व्यक्ति पर न्यूयॉर्क में 10 लाख डॉलर के जीते हुए लॉटरी टिकट को जालसाजी से हड़पने का आरोप है। रदरफोर्ड काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि मीर पटेल (23) को सोमवार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। टिकट खरीदने वाले को उसके जीतने की जानकारी दे दी गई है। लॉटरी टिकट की कथित तौर पर चोरी टेनसी स्टेट के मुर्फ्रीसबोरो में पेट्रोल पंप में हुई थी, जहां पटेल काम करता था।

# एमएसपी को लेकर घमासान

## शिवराज सिंह चौहान ने संसद में विपक्ष को दिया करारा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर राज्यसभा में शुक्रवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। दरअसल, समाजवादी पार्टी के नेता रामजी लाल सुमन ने सवाल किया था कि सरकार किसानों को एमएसपी कब तक देगी? केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, किसान हमारे लिए भगवान जैसे हैं। उनकी सेवा करना मतलब भगवान की सेवा करने के बराबर है। यह हमारे लिए पुण्य की बात है। हाल ही में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को एमएसपी उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था को पारदर्शी बनाना है, ताकि हमारे किसान भाइयों को कोई परेशानी



» शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा, अब तक इस संबंध में एक-दो नहीं, बल्कि 22 बैठकें हो चुकी हैं

» शिवराज सिंह चौहान से कहा, जलेबी की तरह बातें घुमाने से कुछ नहीं होगा

ना हो। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा, अब तक इस संबंध में एक-दो नहीं, बल्कि 22 बैठकें हो चुकी हैं। समिति की ओर से की गई सिफारिशों को आने वाले दिनों में जमीन पर उतारा जाएगा। समिति ने बीते दिनों हमें कृषि मूल्य की अधिक स्वायत्तता प्रदान करने और कृषि वितरण प्रणाली को सुचारू बनाने पर सुझाव दिया था। इस पर सपा सांसद ने शिवराज सिंह चौहान से कहा, जलेबी की तरह बातें घुमाने से कुछ नहीं होगा। सरकार पहले ये बताए कि किसानों को एमएसपी कब तक मिलेगा। सपा सांसद ने शिवराज सिंह चौहान को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ये लोग किसानों को भगवान बता रहे हैं, लेकिन मैं एक बात दावे के साथ कहना चाहता हूं कि इनका किसानों से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। इस बीच, जब दोनों ही नेताओं के बीच एमएसपी को लेकर विवाद गहराता जा रहा था, तो राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बीच में खड़े होकर बोले, क्या बात है! राम शिव से सवाल कर रहे हैं। वहीं, शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमारी सरकार लगातार एमएसपी के दाम बढ़ाने की दिशा में प्रयत्नशील है, लिहाजा विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह से आधारहीन हैं।

विपक्ष हमें किसान विरोधी बता रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी से बड़ा किसान हितैषी और कोई नहीं है, जब तक हम किसानों को पूरी तरह से समृद्धि नहीं कर देंगे, तब तक हम शांत नहीं बैठने वाले हैं। कांग्रेस से ज्यादा बीजेपी ने किसानों को एमएसपी दी है। हमारी सरकार फर्टिलाइजर पर 1 लाख 68 हजार करोड़ की सब्सिडी दे रही है। इस बीच, शिवराज ने एनडीए और यूपीए सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों के बीच के अंतर के बारे में भी विस्तार से बताया।

## बराक और मिशेल ओबामा ने कमला हैरिस को दिया यूएस राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने शुक्रवार को मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को संयुक्त राज्य (यूएस) के राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन दिया है। ओबामा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "इस हफ्ते की शुरुआत में, मिशेल और मैंने अपनी दोस्त कमला हैरिस को फोन किया। हमने उन्हें बताया कि हमें लगता है कि वह संयुक्त राज्य की एक शानदार राष्ट्रपति बनेंगी और उनको हमारा पूरा समर्थन है। हमारे देश के लिए इस महत्वपूर्ण समय में, हम हर संभव प्रयास करेंगे ताकि वे नवंबर में चुनाव जीत सकें। हम उम्मीद करते हैं कि आप भी हमारे साथ जुड़ेंगे।



पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने कहा, "मुझे कमला हैरिस पर बहुत गर्व है। बराक और मैं उनके सकारात्मक दृष्टिकोण, सेंस ऑफ ह्यूमर और पूरे देश के लोगों में रोशनी और उम्मीद जगाने की क्षमता के कारण उन्हें डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के रूप में समर्थन करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम आपका साथ देंगे।

59 वर्षीय हैरिस के पास डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन हासिल करने के लिए पर्याप्त प्रतिनिधि हैं।

## नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक आज होगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक की इस वर्ष की थीम विकसित भारत@2047 है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। अन्य उपस्थित लोगों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य शामिल होंगे। नीति आयोग ने शुक्रवार को बताया कि गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत @2047 पर विजन डॉक्यूमेंट के लिए दृष्टिकोण पत्र पर चर्चा की जाएगी। बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और सहयोग को बढ़ावा देना, सरकारी हस्तक्षेपों के वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है।

## राहुल को मिला बंगला प्रियंका देखने पहुंचीं

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष बनने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब नया बंगला दिया जा रहा है। विपक्ष के नेता को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होता है। ऐसे में हाउस कमेटी ने कांग्रेस नेता को बंगला नंबर 5, सुनहरी बाग रोड की पेशकश की है। आज उनकी बहन प्रियंका गांधी ने उन्हें आवंटित किए जा रहे बंगला का दौरा किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वर्तमान में अपनी मां सोनिया गांधी के साथ उनके 10 जनपथ वाले आवास में रह रहे हैं।

## बांग्लादेश पर दिए बयान की वजह से ममता बनर्जी नहीं आईं दिल्ली

एजेंसी

**कोलकाता।** नीति आयोग की



शनिवार को होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गुरुवार को ही दिल्ली जाना था। उन्होंने अचानक अपना दौरा रद्द कर दिया और इसका कोई कारण नहीं बताया। उनके करीबी सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश से आने वाले लोगों को शरण देने संबंधी उनके बयान को लेकर देशभर में हो रही आलोचना की वजह से उन्होंने गुरुवार का दौरा रद्द किया। गुरुवार को दिल्ली पहुंचने के बाद ममता बनर्जी को अपनी पार्टी के सांसदों के साथ बैठक करनी थी। इस दौरान दिल्ली में उन्हें मीडिया से भी बात करनी थी। इसके पहले बांग्लादेश से आने वाले लोगों को शरण देने संबंधी बयान को लेकर नाराज बांग्लादेश की सरकार ने भारत सरकार से अपनी आपत्ति जताई। गुरुवार को इसे लेकर दिल्ली में केंद्रीय विदेश मंत्रालय की ओर से भी बयान जारी होना था। इसकी जानकारी ममता बनर्जी को लग गई थी इसलिए किसी तरह के विवाद से बचने के लिए उन्होंने गुरुवार का अपना दौरा रद्द किया। वह शनिवार को नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगी या नहीं, इस बारे में अभी भी

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** एक ग्राफिक्स और मल्टीमीडिया कोर्स एक एजुकेशनल प्रोग्राम है जो छात्रों को ग्राफिक डिजाइन, वीडियो प्रोडक्शन, वेब डिजाइन, एनीमेशन और अन्य मल्टीमीडिया तकनीकों से संबंधित विभिन्न स्किल्स सिखाता है। छात्र विज्ञापन, मनोरंजन, एजुकेशन और कम्युनिकेशन जैसे विभिन्न एप्लीकेशन के लिए विजुअल और ऑडियो कंटेंट बनाने के लिए विभिन्न सॉफ़्टवेयर टूल और टेक्नीक्स का उपयोग करना सीखते हैं। कोर्स में आमतौर पर ग्राफिक डिज़ाइन सिद्धांत, रंग सिद्धांत, टाइपोग्राफी, वीडियो संपादन, वेब विकास, एनीमेशन और डिजिटल इमेजिंग जैसे विषय शामिल हैं।




### करियर स्कोप

- बॉलीवुड
- टॉलीवुड
- रीजनल और लोकल न्यूज चैनल
- वेबसाइट्सगेमिंग इंडस्ट्री
- एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री

### रिक्रूटर्स

- ओजिलवी एंड मेथर
- पिक्सर एनिमेशन स्टूडियों
- ड्रिमवोर्क एनिमेशन
- एलेक्ट्रोनिक आर्ट
- सोलेटिक्स कोर्पोरेशन
- प्रियशन एजुकेश
- गूगल
- एडोब
- माइक्रोसोफट
- एप्पल आईएनसी
- एमाजोन



# ग्राफिक्स और मल्टीमीडिया कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर




### ग्राफ़िक्स एंड मल्टीमीडिया कोर्स करने के लिए टॉप कोर्सेज

- बैचलर ऑफ फाइ आर्ट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- बैचलर ऑफ साइंस इन मुल्टिमिडिया डिजाइंग
- बैचलर ऑफ साइंस इन डिजिटल मिडिया
- बैचलर ऑफ आर्ट इन विजुअल कम्यूनिकेशन डिजाइनिंग
- बैचलर ऑफ साइंस इन कंप्यूटर ग्राफिक टेक्नॉजोजी
- मास्टर ऑप आर्ट्स इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- मास्टर ऑप साइंस इन मल्टिमिडिया टेक्नॉलोजी
- मास्टर ऑफ साइंस इन डिजिटल मिडिया
- मास्टर ऑफ आर्टस इन विजुअल कम्यूनिकेशन डिजाइन
- मास्टर ऑफ साइंस इन कंप्यूटर ग्राफिक्स टेक्नोलॉजी

### भारतीय विश्वविद्यालय

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- सृष्टि स्कूल ऑफ आर्ट, डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंडस्ट्रीयल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलोजी (एनआईएफटी), दिल्ली
- डिजाइन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- पर्ल एकेडमी, दिल्ली
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- डीजे एकेडमी ऑफ डिजाइन, कोयम्बटूर
- रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना